15 मई, 2025
ज्येष्ठ, कृष्ण पक्ष, तृतीया
संवत 2082
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची
गुरुवार, वर्ष 10, अंक 204

भाजपा ने निकाली तिरंगा यात्रा, भारतीय सेना जिंदाबाद के नारों से गूंज उठी रांची



FLORENCE
GROUP OF INSTITUTIONS
(A Unit of :Haji Abdur Razzaque Educational Society)
ADMISSION OPEN
COLLEGE OF NURSING
2 YEARS M.Sc. Nursing
2 YEARS Post Basic B. Sc. Nursing
4 YEARS B.Sc. Nursing
3 YEARS GNM (General Nursing And Midwifery)
2 YEARS ANM (Auxiliary Nurshing And Midwifery)
COLLEGE OF PARA MEDICAL SCIENCE
4 YEARS BMLT
2 YEARS DMLT
2 YEARS OT ASSISTANT
2 YEARS ECG
2 YEARS OPHTHALMIC ASST.
2 YEARS CRITICAL CARE (ICU)
2 YEARS RADIO-IMAGING
2 YEARS ANESTHESIA TECH.
1 YEARS DRESSERS
COLLEGE OF PHARMACY
2 YEARS D-PHARM
4 YEARS B-PHRRM
Separate Hostel For Boys & Girls
9031231082, 7903999411, 6205145470
E-mail: fsnirba@gmail.com
Website: www.florenceinstirba.com

## पाकिस्तान का साथ देनेवालों पर कसने लगा शिकंजा

# तुर्किए के खिलाफ चौतरफा प्रतिबंध की तैयारी में भारत

- चीनी और तुर्किए की सरकारी मीडिया पांच घंटे तक रही बैन
- जेएनयू ने तुर्किए की इनोनू यूनिवर्सिटी से तोड़ा अपना समझौता
- व्यापरियों ने निर्यात रोका, पीएम से आयात रोकने की हुई अपील

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** 'ऑपरेशन सिंदूर' में पाकिस्तान को घुटने पर लाने के बाद अब भारत ने पाकिस्तान का साथ देनेवालों पर एक्शन की तैयारी की है। इसके तहत पाकिस्तान का साथ देनेवाले तुर्किए पर चौतरफा प्रतिबंध की तैयारी की गयी है। भारतीय कारोबारियों ने जहां तुर्किए को कोई भी सामान निर्यात करने से मना कर दिया है, वहीं उन्होंने प्रधानमंत्री से आयात पर रोक की मांग की है। उधर जेएनयू ने तुर्किए की इनोनू यूनिवर्सिटी के साथ अपना करार समाप्त कर दिया है। इस बीच भारत के खिलाफ दुष्प्रचार करने वाले देशों पर भी सख्त कदम उठाये जा रहे हैं। भारत विरोधी सामग्री और झूठी बात फैलाने के आरोप में भारत ने चीनी सरकारी मीडिया 'ग्लोबल टाइम्स', समाचार एजेंसी 'शिन्हुआ' और तुर्किए की सरकारी मीडिया 'टीआरटी वर्ल्ड' के एक्स अकाउंट को बुधवार को पांच घंटे के लिए बैन कर दिया।

'ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान तुर्किए के रवैये पर देश के लोगों में नाराजगी है। जवाहर लाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) ने की इनोनू यूनिवर्सिटी के साथ करार (एमओयू) खत्म कर दिया है। जेएनयू ने कहा कि हम देश के साथ खड़े हैं। उधर, व्यापरियों ने तुर्किए के साथ व्यापार बंद करने का ऐलान किया है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से तुर्किए के साथ आयात पर प्रतिबंध लगाने की अपील की है।

**भारत विरोधी प्रोपेगैंडा चलाने का आरोप:** भारत ने चीनी सरकारी मीडिया ग्लोबल टाइम्स, शिन्हुआ और तुर्किए की सरकारी मीडिया टीआरटी वर्ल्ड के एक्स अकाउंट को बुधवार दोपहर में भारत में ब्लॉक कर दिया गया था। इन पर भारत विरोधी प्रोपेगैंडा चलाने और सेना के बारे में गलत खबरें फैलाने का आरोप था। शाम करीब सात बजे इस प्रतिबंध को हटा लिया गया। यह कार्रवाई ऐसे समय में हुई, जब चीन ने हाल ही में अरुणाचल प्रदेश के कुछ इलाकों को 'तिब्बत का हिस्सा' बताते हुए उनके नये चीनी नाम जारी किये हैं। भारत ने इस पर तीखी प्रतिक्रिया दी है और चीन के दावे को 'बेतुका और व्यर्थ' बताया है।



### जेएनयू ने सोशल मीडिया पर दी जानकारी

तुर्किए की इनोनू यूनिवर्सिटी से एमओयू रद्द करने की जानकारी देते हुए जेएनयू ने सोशल मीडिया पर पोस्ट किया। उसने लिखा कि देश की सुरक्षा को देखते हुए जेएनयू और तुर्किए की इनोनू यूनिवर्सिटी के बीच एमओयू अगले आदेश तक सस्पेंड किया जा रहा है। जेएनयू अपने देश के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ा है। बताते चलें कि जेएनयू की वेबसाइट के मुताबिक, यह एमओयू तीन फरवरी 2025 को तीन साल के लिए साइन किया गया था। इसे तीन फरवरी 2028 तक जारी रहना था, लेकिन देश की सुरक्षा का हवाला देते हुए जेएनयू ने इसे सस्पेंड कर दिया है।

### 2600 करोड़ रुपये का है व्यापार

भारत-पाकिस्तान में तनाव के बीच भारतीय व्यापारियों में तुर्किए के रुख को लेकर नाराजगी है। दिल्ली, यूपी से लेकर महाराष्ट्र तक व्यापारियों ने तुर्किए के सामान का विरोध किया है। इसकी वजह तुर्किए का पाकिस्तान को समर्थन देना है। भारत के व्यापारी तुर्किए से बड़ी मात्रा में सेब मंगाते हैं। व्यापारियों का कहना है कि पाकिस्तान को तुर्किए ड्रोन भेजता है। इन्हीं ड्रोन से पाकिस्तान ने भारत पर हमला किया। हमने फैसला लिया है कि तुर्किए के सेब समेत अन्य सामान नहीं बेचेंगे। व्यापारियों के मुताबिक तुर्किए से सालाना 1200 करोड़ रुपये का सामान आयात करता है।

### मार्बल व्यापारियों ने पीएम को लिखा पत्र

पाकिस्तान को खुला समर्थन देने वाले तुर्किए के रुख से नाराज उदयपुर के संगमरमर उद्योग से जुड़े व्यापारियों ने एक बड़ा फैसला लेते हुए तुर्किए से मार्बल और संबंधित उत्पादों के निर्यात को बंद करने की घोषणा कर दी है। उदयपुर-राजसमंद क्षेत्र के संगमरमर व्यापारियों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को एक पत्र लिखकर न सिर्फ तुर्किए से अपने स्तर पर निर्यात रोकने की जानकारी दी है, बल्कि केंद्र सरकार से भी यह मांग की है कि वह तुर्किए के साथ सभी व्यापारिक संबंध तत्काल प्रभाव से समाप्त करे।

# ड्रोन के झुंड का मुकाबला करेगा हमारा 'भार्गवास्त्र'

गोपालपुर फायरिंग रेंज में हुआ सफल परीक्षण

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** ड्रोन के झुंड का मुकाबला करने के लिए अब भारत ने 'भार्गवास्त्र' विकसित कर लिया है। इसे सोलर डिफेंस एंड एयरोस्पेस लिमिटेड ने तैयार किया है। हार्ड किल मोड में तैयार हुआ कम लागत वाला यह काउंटर ड्रोन सिस्टम दुश्मन के ड्रोन का मुकाबला करेगा। काउंटर-ड्रोन सिस्टम में इस्तेमाल किये गये माइक्रो रॉकेटों का गोपालपुर के सीवर्ड फायरिंग रेंज में कठोर परीक्षण किया गया। यह परीक्षण पूरी तरह सफल रहा।

**रॉकेट के तीन परीक्षण किये गये:** भारतीय सेना के वरिष्ठ अधिकारियों की मौजूदगी में गोपालपुर में रॉकेट के तीन परीक्षण किये गये। एक-एक रॉकेट दागकर दो परीक्षण किये गये। इसके बाद एक परीक्षण दो सेकंड के भीतर साल्वो मोड में दो रॉकेट दागकर किया गया। सभी चार रॉकेटों ने उम्मीद के मुताबिक प्रदर्शन किया और बड़े पैमाने पर ड्रोन हमलों को कम करने में तकनीक की बड़ी भूमिका निभाते हुए आवश्यक लांच मापदंडों को हासिल किया।




### क्या है 'भार्गवास्त्र' की खासियत

भार्गवास्त्र 2.5 किमी तक की दूरी तक आने वाले छोटे ड्रोन का पता लगाने और उन्हें नष्ट करने में सक्षम है। इसमें लगा माइक्रो रॉकेट 20 मीटर तक की घातक त्रिज्या वाले ड्रोन के झुंड को बेअसर कर सकता है। जबकि इसकी दूसरी परत में लगी माइक्रो मिसाइल प्वाइंट सटीकता के लिए है। एसडीएएल ने इसमें मॉड्यूलर प्रणाली का उपयोग किया है। इसके चलते उपयोगकर्ता इसके सेंसर और शूट को नियंत्रित कर सकते हैं। नयी तकनीक से बने इस हथियार का रडार 6 से 10 किमी दूर से छोटे हवाई खतरों का पता लगा सकता है। यह ड्रोन मेक इन इंडिया मिशन के लिए एक और उपलब्धि है।


# भारत के दबाव में पाकिस्तान ने बीएसएफ के जवान को छोड़ा

डीजीएमओ स्तर की बातचीत के बाद रिहाई

20 दिन बाद अटारी-वाघा बॉर्डर से लौटे पूर्णम कुमार

आजाद सिपाही संवाददाता

**अमृतसर।** पाकिस्तान ने भारत के बीएसएफ जवान पूर्णम कुमार शॉ को छोड़ दिया है। कांस्टेबल पूर्णम बुधवार सुबह 10.30 बजे अटारी-वाघा बॉर्डर से भारत लौट आये। डीजीएमओ स्तर पर बातचीत के बाद उन्हें 20 दिनों के बाद छोड़ा गया है। उन्हें मेडिकल जांच के लिए ले जाया गया है। पूछताछ के बाद उन्हें घर जाने दिया जायेगा। बीएसएफ ने प्रेस रिलीज के जरिये कांस्टेबल पूर्णम के भारत लौटने की जानकारी दी है। इसमें बताया कि पूर्णम शॉ 23 अप्रैल को फिरोजपुर सेक्टर में ऑपरेशनल ड्यूटी के दौरान गलती से पाकिस्तान चले गये थे। इसके बाद उन्हें पाकिस्तानी रेंजरों ने हिरासत में ले लिया था।



**मूल रूप से पश्चिम बंगाल के रहने वाले हैं शॉ :** जवान शॉ मूल रूप से पश्चिम बंगाल में हुगली के रिसड़ा गांव के रहने वाले हैं। वह 23 अप्रैल को फिरोजपुर में किसानों के साथ भारत-पाक बॉर्डर पर ड्यूटी कर रहे थे। इस दौरान वह गलती से एक पेड़ के नीचे बैठने के लिए पाकिस्तान की सीमा में दाखिल हो गये। जहां पाकिस्तानी रेंजरों ने उन्हें पकड़ लिया और अपने साथ ले गये।

## न्यूज रील्स

### सीडीएस और तीनों सेना प्रमुखों ने राष्ट्रपति से मुलाकात की

नयी दिल्ली। चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान, थल सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी, वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल ए.पी. सिंह और नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के. त्रिपाठी ने बुधवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की और उन्हें ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के बारे में बताया। राष्ट्रपति ने भी सशस्त्र बलों की वीरता और समर्पण की सराहना की।

### हरियाणा में पाकिस्तानी जासूस पकड़ाया

पानीपत। हरियाणा के पानीपत से पुलिस ने पाकिस्तानी जासूस पकड़ा है। वह पाकिस्तानी आतंकी इकबाल के संपर्क में था। उसे वॉट्सऐप व अन्य सोशल मीडिया एप के जरिए भारत की खुफिया जानकारी भेज रहा था। पुलिस ने उसके नंबर से हो रही संदिग्ध गतिविधि को ट्रेस करने के बाद उसे गिरफ्तार कर लिया। शुरुआती जांच में पता चला कि पकड़ा गया जासूस नौमान इलाही मूल रूप से उत्तर प्रदेश के कैराना का रहने वाला है। वहां यहां एक फैक्ट्री में सिक्योरिटी गार्ड की नौकरी करता था।

### जम्मू-कश्मीर के शोपियां में हथियारों का जखीरा बरामद

श्रीनगर। भारत और पाकिस्तान के बीच सीजफायर के बाद भी सुरक्षाबलों का ऑपरेशन लगातार जारी है। जम्मू-कश्मीर के शोपियां जिले के केलर में बुधवार को भारी मात्रा में हथियारों का जखीरा बरामद हुआ है। इसमें एके-47 गन समेत कई तरह की बंदूकें, हैंड ग्रेनेड, हजारों की संख्या में गोलियां शामिल है। केलर में ही 13 मई को सुरक्षाबलों के साथ एनकाउंटर में लश्कर-ए-तैयबा के तीन आतंकवादी मारे गये थे।

# पाकिस्तानी हथियार को भारतीय एयर डिफेंस सिस्टम ने नष्ट किया

पीआइबी ने दी जानकारी

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** सरकार ने बताया कि भारतीय डिफेंस सिस्टम ने पाकिस्तान के हथियारों को नष्ट किया था। ये जानकारी प्रेस इंफॉर्मेशन ब्यूरो (पीआइबी) ने दी है। पीबीआइबी ने बताया कि भारतीय डिफेंस सिस्टम पेचोरा, ओएसए-एके और आकाश मिसाइल सिस्टम ने पाकिस्तानी हथियारों को ध्वस्त कर दिया। पाकिस्तान को ये हथियार चीन-तुर्किए ने दिये थे। पीआइबी ने ये भी बताया कि हमारे किसी भी एसेट्स को नुकसान नहीं हुआ। भारत की निगरानी, प्लानिंग और डिलीवरी सिस्टम जबर्दस्त थी। भारत की आधुनिक स्वदेशी टेक्नोलॉजी, लांग रेंज ड्रोन से लेकर गाइडेड युद्ध सामग्री कारगर साबित हुए। पीआइबी ने बताया कि ऑपरेशन सिंदूर ने पीएल-15 मिसाइलें (चीन की हैं), तुर्किए के ड्रोन और भारत ने कई लांग रेंज रॉकेट, क्वाडकॉप्टर और कॉमर्शियल ड्रोन नष्ट किये। इनके मलबे को बाकायदा बरामद किया गया और पहचान की गयी।

## कर्नल सोफिया कुरैशी पर दिये बयान पर हाइकोर्ट ने लिया संज्ञान

# मंत्री विजय शाह पर एफआइआर दर्ज करने के निर्देश

आजाद सिपाही संवाददाता

**भोपाल।** मध्यप्रदेश सरकार में मंत्री विजय शाह की मुश्किलें बढ़ने वाली हैं। कर्नल सोफिया कुरैशी पर दिये विवादित बयान पर अब मप्र हाइकोर्ट ने स्वतः संज्ञान लेकर एफआइआर दर्ज करने के निर्देश दिये हैं। हालांकि मंत्री पहले ही मामले को लेकर माफी मांग चुके हैं।

**क्या था बयान:** दरअसल, मोहन सरकार के मंत्री विजय शाह ने मानपुर में आयोजित एक कार्यक्रम में कर्नल सोफिया कुरैशी को लेकर विवादित बयान दे डाला था।

इसका कांग्रेस ने विरोध किया है और मंत्री को पद से हटाने की मांग की। मानपुर में आयोजित हलमा कार्यक्रम में मंत्री शाह ने पहलगाम हमले का जिक्र करते हुए कहा, जिन आंतकियों ने पहलगाम में लोगों को मारा, उनके कपड़े उतरवाये, उन आंतकियों ने हमारी बहनों का सिंदूर उजाड़ा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उन्हीं की बहन को भेजकर उनकी ऐसी-तैसी करवाई।



**बयान पर गरमायी राजनीति:** विवादित बयान सामने आने के बाद कांग्रेस सहित अन्य राजनीतिक दल हमलावर हैं। मंत्री विजय शाह के इस्तीफे की मांग तक की जा रही है। पुतले जलाये जा रहे हैं। उन पर कार्रवाई की मांग तेज हो रही है। इधर भाजपा संगठन ने भी सख्त नाराजगी जतायी है। पार्टी आलाकमान ने तत्काल उन्हें भोपाल स्थित प्रदेश मुख्यालय तलब किया। संगठन महामंत्री हितानंद शर्मा और बाद में प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा से मुलाकात कर शाह ने सफाई दी और खेद जताया।

### मंत्री विजय शाह ने मांगी माफी

मीडिया से बातचीत में विजय शाह ने कहा कि उनका इरादा किसी का अपमान करने का नहीं था। यदि उनके बयान से किसी को ठेस पहुंची हो तो वे कई बार माफी मांगने को तैयार हैं। उन्होंने यह भी कहा कि उनका परिवार सैन्य परंपरा से जुड़ा रहा है। उन्होंने कहा कि कर्नल सोफिया कुरैशी मेरे लिए सगी बहन से बढ़कर हैं, जिन्होंने उनका बदला लिया।

# बच्चों के समग्र विकास के लिए सरकार प्रतिबद्ध : हेमंत सोरेन

मुख्यमंत्री और यूनिसेफ प्रतिनिधि सिंथिया मेककेफरी की हुई मुलाकात

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से बुधवार को मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में यूनिसेफ की भारत में प्रतिनिधि सिंथिया मेककेफरी ने शिष्टाचार भेंट की।

इस अवसर पर उन्होंने झारखंड में बच्चों के समग्र विकास के लिए यूनिसेफ द्वारा संचालित योजनाओं, कार्यों एवं गतिविधियों से मुख्यमंत्री को अवगत कराया। उन्होंने बाल अधिकारों के संरक्षण, शिक्षा, स्वास्थ्य और उनके व्यक्तित्व के विकास के लिए बेहतर माहौल बनाने के लिए राज्य सरकार के संबंधित विभागों के साथ समन्वय बनाकर कार्य करने की इच्छा व्यक्त की। मुख्यमंत्री ने यूनिसेफ के कार्यों की सराहना करते हुए उन्हें पूरा सहयोग देने का भरोसा दिलाया।



### बच्चों को आगे बढ़ाने का किया जा रहा प्रयास

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार बच्चों के समग्र विकास के लिए प्रतिबद्ध है। हमारे राज्य के बच्चे हर क्षेत्र में कैसे आगे बढ़ें, इसके लिए कई योजनाएं चलायी जा रही हैं। जब तक बच्चे स्वस्थ और सुरक्षित नहीं रहेंगे, तब तक उनके विकास की बात नहीं हो सकती है। यही वजह है कि हमारी सरकार बच्चों में कुपोषण और कई अन्य स्वास्थ्य समस्याओं को दूर करने के लिए हर स्तर पर काम कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि बच्चों के समग्र विकास के लिए यूनिसेफ को सरकार की ओर से पूरा सहयोग मिलेगा। सभी के सहयोग से इस राज्य के बच्चों को बेहतर जीवन देने का प्रयास किया जायेगा। इस मौके पर यूनिसेफ, झारखंड की प्रमुख कननिका मित्रा और कम्युनिकेशन स्पेशलिस्ट आस्था अलंग भी मौजूद थीं।

### 52वें सीजेआइ बने जस्टिस बीआर गवई

**नयी दिल्ली।** जस्टिस भूषण रामकृष्ण गवई ने बुधवार को भारत के 52वें चीफ जस्टिस के रूप में शपथ ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू जस्टिस गवई को सीजेआइ पद की शपथ दिलायी। मौजूदा सीजेआइ संजीव खन्ना का कार्यकाल 13 मई को खत्म हो चुका है। सीजेआइ खन्ना के बाद वरिष्ठता सूची में जस्टिस गवई का नाम था। उनका कार्यकाल सिर्फ 6 महीने का है। जस्टिस गवई 24 मई 2019 को सुप्रीम कोर्ट जज के रूप में प्रमोट हुए थे। उनके रिटायरमेंट की तारीख 23 नवंबर 2025 है। राष्ट्रपति भवन में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह समेत कई केंद्रीय मंत्री भी मौजूद रहे।

BABU DINESH SINGH UNIVERSITY
(Established Under Government of Jharkhand Act-06, 2023 & Section 2(f) of the UGC Act, 1956, Member of AIU, Delhi)
Admission Open 2025-26
Approved by BCI
LL.B. (3 Years) | B.A. LL.B. (Honours) (5 Years) | B.B.A. LL.B. (Honours) (5 Years)
Special Fetures -
Traditional and e-Library | Highly Qualified Faculty | Legal Research Cell | Separate Hostels for Boys & Girls | 23-Year of Academic Excellence | Practical court craft & moot court | 100 + Acre Green Campus
Programs Approved by AICTE & Apex Bodies
BCA | MCA | BBA | MBA
B.TECH CSE | CSE (AI) | CE | EEE CSE (CYBER SECURITY) Regular & Lateral
DIPLOMA CSE | EEE | CE ME | EE Regular & Lateral
Others Job Oriented Courses
MERIT BASED SCHOLARSHIP UP TO 30% ON TUITION FEE
B.D.S | B.H.M.S | B.Sc. Nursing | GNM | ANM
B.Sc. (Medical) | B.Sc. (MLT) | M.Sc. (MLT)
B.Ed. | D.El.Ed | M.D. | M.D.S. | M.Sc. (Medical)
PARAMEDICAL | B.A. | B.Sc. | B.Com. | M.A.
M.Sc. | M.Com. | B.Sc. (Agriculture) | B.Pharm
D.Pharm | B.Lib.I.Sc. | M.Lib.I.Sc. | ITI
BDSU : FARATHIYA, GARHWA-822114, JHARKHAND
9661462506, 6206297213, 9934688493
For More Details Visit : bdsu.ac.in email : bdsugarhwa@gmail.com




आजाद सिपाही
रांची, गुरुवार, 15 मई, 2025
www.azadsipahi.in


# पाकिस्तान का डर्टी बम खोल रहा किराना हिल्स के डर्टी सीक्रेट्स!

- कहीं न्यूक्लियर रेडिएशन वाली थ्योरी सही तो नहीं, क्यों घूम रहा था अमेरिका का प्लेन
- हमारी सेना ने पाकिस्तान के न्यूक्लियर ब्लफ की हवा निकाल दी : मोदी
- पाकिस्तान तो दूसरे ही दिन युद्ध हार चुका था, वो तो ट्रंप के पैर पकड़ने में साढ़े तीन दिन लग गये
- विश्व के सबसे प्रख्यात मिलिट्री एक्सपर्ट का दावा: ये तो क्लीयर कट भारत की जीत है

**आजाद सिपाही विशेष**

**आज विश्व में चाहे मेन स्ट्रीम मीडिया हो या सोशल मीडिया पाकिस्तान को लेकर एक चर्चा सुर्खियों में बनी हुई है। क्या पाकिस्तान परमाणु रेडिएशन की चपेट में है। जी हां, चर्चा जोरों पर है कि पाकिस्तान के सरगोधा एयर बेस के काफी करीब किराना हिल्स है, जहां पहाड़ियों के अंदर सुरंगों में उसके परमाणु हथियारों को रखा गया है, वहां से न्यूक्लियर रेडिएशन निकल रहा है। पाकिस्तान के लिए किराना हिल्स का लोकेशन बड़ा रणनीतिक माना जाता है। किराना हिल्स पाकिस्तान के सरगोधा एयरपोर्ट से सड़क के रास्ते केवल 20 किमी और कुशाब न्यूक्लियर प्लांट से 75 किमी दूर है। वर्ल्ड न्यूक्लियर एसोसिएशन ने अपनी एक रिपोर्ट (जिसे फरवरी 2025 में अपडेट किया गया) में लिखा कि इस्लामाबाद से 200 किमी दक्षिण में खुशाब में, हथियार-ग्रेड प्लूटोनियम के उत्पादन के लिए समर्पित चार भारी जल (हेवी वाटर) रिएक्टर हैं। किराना हिल्स में पाकिस्तान आर्मी ने जो फैसिलिटी बना रखी है, उसको कई लेयर वाली रक्षा प्रणाली के साथ डिजाइन किया गया है। माना जाता है कि यहीं पर पाकिस्तान ने अपने न्यूक्लियर वॉरहेड यानी परमाणु हथियार छिपा रखे हैं। चूंकि पाकिस्तान के लिए यह स्टेट सिक्रेट है, इसलिए वो कभी इस बात को जाहिर नहीं होने देगा और हो सकता है पूरी तरह से दुनिया को गुमराह करने के लिए उसने खुद यह अफवाह फैलायी हो। भारतीय वायुसेना ने एक पत्रकार के सवाल पर कहा था कि उसे नहीं पता कि किराना हिल्स में पाकिस्तान ने परमाणु हथियारों का स्टोरेज बना रखा है या नहीं। अब सेना के इस जवाब को आप इसे जिस भी रूप में लें। लेकिन पीएम नरेंद्र मोदी ने अपने संबोधन में जरूर यह मैसेज दे दिया है कि अभी तो यह झांकी थी, नहीं मानोगे तो मिट्टी में ही मिलोगे। उन्होंने अपने संबोधन में भी यह साफ कहा था कि भारतीय वायुसेना ने पाकिस्तान के न्यूक्लियर ब्लैकमेल की हवा निकाल दी। न्यूक्लियर बम का एक और वर्जन जिसे डर्टी बम कहा जाता है उससे रेडिएशन फैलने की बातें सामने आ रही हैं। क्या है पाकिस्तान में फैल रहे न्यूक्लियर रेडिएशन की असलियत, और भारत ने कैसे पहले ही दिन के हमले में पाकिस्तान को परास्त कर दिया था, बता रहे हैं आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**



राकेश सिंह

## सुरंगों में पाकिस्तान ने परमाणु हथियार छुपाये हैं!

किराना हिल्स अस्सी के दशक तक पाकिस्तान द्वारा परमाणु परिक्षण के लिए तय की गयी जगह थी। सरगोधा एयर बेस से करीब उत्तर पश्चिम की ओर आठ किलोमीटर दूर किराना हिल्स इलाका है। मजबूत चट्टानों से बनी एक पहाड़ी, जो अलग सी ही नजर आती है। इसके काले-भूरे रंग के कारण स्थानीय लोग इसे काली पहाड़ी भी कहते रहे हैं। यह बहुत ऊंची नहीं है। इसकी सबसे ऊंची चोटी महज 320 मीटर है। जानकारों की मानें तो इस पहाड़ी की खासियत यह है कि इसके नीचे बनी कई सुरंगों में पाकिस्तान ने अपने कई परमाणु हथियार दुनिया की नजरों से बचाकर रखे हुए हैं। इन सुरंगों को काफी पुख्ता बनाया गया है, ताकि बाहर से किसी विस्फोट या हमले का उस पर कोई असर न पड़ सके। इसे पूरी तरह बम प्रूफ बनाया गया है। जानकारों की मानें तो किराना हिल्स की ढलानों पर करीब पचास से ज्यादा जगहों पर पहाड़ों में सुरंगें बनी हुई हैं, जो काफी अंदर और गहरी जाती हैं। पाकिस्तान इंस्टीट्यूशन ऑफ न्यूक्लियर साइंस एंड टेक्नोलॉजी (पिंसटेक) मेटलर्जिकल लैबोरेट्रीज एमएल और खान रिसर्च लैबोरेट्रीज ने यहां परमाणु अनुसंधान से जुड़े कई प्रयोग किये हैं। 1983 से 1990 के बीच पाकिस्तान ने कई बार यहां परमाणु परीक्षणों की कोशिश की लेकिन अमेरिका के उपग्रहों ने इसका पता लगा लिया।

## अमेरिका की आपत्ति के बाद परमाणु परीक्षणों की जगह बदली पाकिस्तान ने

इसके बाद अमेरिका की आपत्ति के बाद परमाणु परीक्षणों की जगह बदल दी गयी। लेकिन इस जगह को उसने अपने परमाणु हथियारों का जखीरा सुरक्षित रखने के लिए तय किया। पाकिस्तान ने चीन से हासिल एम 11 मिसाइलों को भी यहां रखा था, लेकिन जब अमेरिका को पता लगा तो उनकी जगह भी बदल दी गयी। न्यूक्लियर ठिकानों में इंजीनियरिंग के काम से जुड़ी पाकिस्तानी सेना की खास यूनिट एसडब्लूडी ने इस इलाके में कई सुरंगें तैयार की हैं, जो पांच से 15 मीटर तक चौड़ी हैं। कई रिपोर्ट्स के मुताबिक ये भी लगता है कि किराना हिल्स के नीचे कुछ सुरंगें आपस में जुड़ी हुई हैं। किराना हिल्स के अंदर ये स्ट्रक्चर काफी मजबूत बनाया गया है। सुरंग की दीवारें ढाई से पांच मीटर तक चौड़ी बनायी गयी हैं जिन्हें तीन स्तरों पर आरसीसी, स्टील वगैरह से मजबूत किया गया है, ताकि बाहर से किसी हमले का असर न पड़े। अमेरिका के उपग्रहों की निगाह से बचने के लिए यहां सुरंग बनाने का काम रात में हुआ करता था।

## जब भारत ने ब्रह्मोस के साथ-साथ अन्य मिसाइलें पाकिस्तान पर दाग दीं

किराना हिल्स का किस्सा चर्चा में तब आया, जब 22 अप्रैल को कश्मीर के पहलगाम में आतंकवादियों ने 26 लोगों की हत्या कर दी थी। इसके बाद भारत ने 6 और 7 मई की मध्य रात पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर, पीओके के अंदर नौ आतंकी ठिकानों पर हमले किये और उन्हें ध्वस्त कर दिया। भारत ने साफ-साफ कहा कि उनके निशाने पर सिर्फ आतंकियों के कैंप थे और उसने पाकिस्तानी सेना और वहां की आम जनता को कोई नुकसान नहीं पहुंचाया है। लेकिन पाकिस्तान तो ठहरा एक आतंकी देश। पाकिस्तानी सेना और पाकिस्तान सरकार द्वारा आतंकवादियों के लिए फातिहा पढ़ने के बाद, आतंकवाद का समर्थन करते हुए भारत के खिलाफ 8 तारीख की रात हमला बोल दिया। भारत ने भी पहले डिफेंसिव मोड में उसका जवाब दिया। लेकिन जब पाकिस्तान नहीं माना और ड्रोन के साथ-साथ, घातक मिसाइलों को दागने लगा, तब भारत ने ब्रम्होस के साथ-साथ अन्य मिसाइलें पाकिस्तान पर दाग दीं। भारतीय वायु सेना ने पाकिस्तान के अंदर 11 सैन्य स्थलों पर हमला किया। इसमें से एक था रावलपिंडी के पास स्थित नूर खान मिलिट्री बेस। रावलपिंडी में ही पाकिस्तानी आर्मी का हेडक्वार्टर है। नूर खान पाकिस्तान के परमाणु हथियारों की देखरेख करने वाली संस्था, स्ट्रैटिजिक प्लांस डिवीजन के हेडक्वार्टर के करीब है। अब इसके बाद आती है न्यूयॉर्क टाइम्स की एक रिपोर्ट, जिसने खूब सुर्खियां बटोरीं। न्यूयॉर्क टाइम्स ने पाकिस्तान के न्यूक्लियर प्रोग्राम को करीब से जानने वाले एक पूर्व अमेरिकी अधिकारी के हवाले से लिखा, पाकिस्तान का सबसे गहरा डर है कि उसकी परमाणु कमांड ऑथोरिटी कहीं खत्म न हो जाये, जब नूर खान पर भारत की ओर से मिसाइल हमला हुआ तो पाकिस्तान सहम गया। भारत ने इस हमले से पाकिस्तान को एक चेतावनी भी देनी चाही कि सुधर जाओ नहीं तो तुम्हारे परमाणु ब्लैकमेल के दिन लद जायेंगे। भारत ने नूर खान और सरगोधा पर अटैक करके पाकिस्तान को यह भी मैसेज दे दिया कि भारत पाकिस्तान के परमाणु हथियारों के जखीर को बेअसर करने की क्षमता रखता है। हालांकि, भारत ने ये बहुत ही साफ बता दिया कि उसने कहां-कहां हमले किये और उन हमलों से हुए नुकसान की सैटेलाइट तस्वीरें भी दीं। सरगोधा एयरबेस भी भारत के हमले का निशाना बना, लेकिन हमले के बाद भारत ने ये भी साफ कर दिया कि उसने किराना हिल्स पर कोई हमला नहीं किया। ये बात पहले भारतीय सैन्य अधिकारियों ने कही और फिर विदेश मंत्रालय ने भी उसे दोहरा दिया। भारत ने उन तमाम रिपोर्ट्स को खारिज कर दिया है, जिसमें कहा गया था कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान में संवेदनशील परमाणु स्थलों पर बमबारी की गयी थी। लेकिन सोशल मीडिया पर एक्सपर्ट्स बार-बार दावे कर रहे हैं कि किराना हिल्स को निशाना बनाया गया है, जहां पाकिस्तान ने अपने कुछ परमाणु वारहेड्स रखे थे या, फिर जहां पाकिस्तान का न्यूक्लियर ठिकाना है। दावा किया जा रहा है कि भारत की जवाबी कार्रवाई के बाद और मिसालें दागने के बाद पाकिस्तान के किराना हिल्स में रेडियोएक्टिव रिसाव शुरू हो गया है और अमेरिका ने रेडिएशन की जांच करने वाले अपने एक विमान को उस साइट पर भेजा है। दावा तो यहां तक किया जा रहा है कि उस जगह पर तीव्र गति के भूकंप भी नोटिस किये गये थे। और दावा यह भी है कि पाकिस्तान के कई न्यूक्लियर बम कुक हो चुके हैं। जो अब किसी काम के नहीं रहे।

## न्यूक्लियर स्ट्रेटेजी में अमेरिका कैसे पाकिस्तान को करता है सपोर्ट


यहां टाइमलाइन से देखने की कोशिश करेंगे तो पायेंगे कि भारत ने पाकिस्तान के जो नुक्लियर इंस्टालेशन हों, नुक्लियर कमांड सेंटर हों, या फिर नुक्लियर लोडिंग साइट्स हों। जैसे सरगोधा और जकोबाबाद। इन स्थानों पर पाकिस्तान के न्यूक्लियर वेपंस स्टोरेज भी हैं। जकोबाबाद में अमेरिका द्वारा निर्मित एफ-16 इन न्यूक्लियर वेपंस को लेकर उड़ने के लिए तैयार रहते हैं। इस जगह पर अमेरिका का स्टाफ एफ-16 पर परमाणु लोड करने के लिए रहते थे। अमेरिका ने इसके एवज में पूरी ओवर साइट ले राखी थी। यानि न्यूक्लियर बम की। यहां समझने वाली बात यह है कि बिना अमेरिका के परमिशन से पाकिस्तान परमाणु बम का कोई फैसला नहीं ले सकता। जब पाकिस्तान के हमले का जवाब भारत ने देना शुरू किया तब टीवी चैनलों पर कई जगहों के नाम आ रहे थे कि भारत ने यहां हमला कर दिया, लेकिन अचानक ये नाम गायब हो गये। वैसे भी इन नामों को सरकार या सेना किसी ने भी शेयर नहीं किया था और जानकारों की मानें तो कई मीडिया संस्थानों को मैसेज भी दिया गया कि सेना से जुड़ी कोई भी कार्रवाई न दिखाई जाये। यह सेना की सुरक्षा का मामला है।

## आखिर भारत ने ब्रह्मोस क्यों चलायी, पस्त हो गया पाकिस्तान

तीन नामों की चर्चा है। पाकिस्तान के कहुटा पर ड्रोन हमला, काला चिट्टा रेंज पर ड्रोन हमला और अटक पर ड्रोन हमला। इनमे से अटक में पाकिस्तान का न्यूक्लियर मिसाइल बेस है, जिसे फतह जंग बेस कहते हैं। यहां पर भारत ने पहले ही दिन सीधा हमला कर दिया था। काला-चिट्टा जो रावलपिंडी के पास है, जहां पाकिस्तान का न्यूक्लियर मोबाइल लांचर का ठिकाना है, कहुटा में पाकिस्तान के हथियार को आइसोलेट किया जाता है, तो पहले ही दिन इन जगहों पर हमला हो चुका था। भारत ने पाकिस्तान के राडार सिस्टम को भी ध्वस्त कर दिया था, यानी पाकिस्तान को आधा अंधा बना दिया था। फिर 9 और 10 मई की मध्य रात्रि को पाकिस्तान ने फतह-1 और फतह-2 मिसाइलें चलायीं। ये मिसाइलें इसलिए चलायी गयीं क्योंकि पाकिस्तान को लगा कि भारत ने तो इनके परमाणु हथियारों के गढ़ पर ही हमला बोल दिया है। भारत ने उन मिसाइलों को ध्वस्त कर दिया। भारत ने फिर पाकिस्तान पर ब्रम्होस-ए दाग दिया। साथ में और भी कई मिसाइलों से पाकिस्तान पर हमला किया। इनका मुख्य टारगेट पाकिस्तान के 11 एयरबेस थे। इन 11 में से तीन जगहों सरगोधा के किराना हिल्स, जकोबाबाद और भोलारी के पास हुए धमाकों ने पाकिस्तान को हिला डाला। भोलारी में न्यूक्लियर बेस नहीं है। यहां अलग रणनीति के तहत इसे टारगेट किया गया था। सरगोधा एफ-16 का बेस है। किराना हिल्स में न्यूक्लियर हथियार का स्टोरेज हाउस है। पाकिस्तान ने न्यूक्लियर बॉम्ब के साथ-साथ डर्टी बम भी बना रखे हैं। न्यूक्लियर बम तो ब्लास्ट होता है लेकिन डर्टी बम ब्लास्ट नहीं होता है। डर्टी बम को अगर पब्लिक प्लेस पर फेंक दिया जाये तो वह एक्सपोज हो जाता है और उसमें से रेडिएशंस निकलनी शुरू हो जाती हैं। इस रेडिएशन का पता तुरंत नहीं चलता लेकिन जैसे जैसे समय पार होता है, इस रेडिएशन के कारण उस स्थान की हवाएं जहरीली हो जाती हैं, जल स्रोत जहरीले हो जाते हैं, तरह-तरह की बीमारियां फैलने लगती हैं जैसे स्किन कैंसर और भी घातक रोग। उसके बाद उस स्थान को खाली करना ही एकमात्र उपाय होता है, कम से कम चार-पांच साल तक। एक्सपर्ट्स की मानें तो भारत के हमले के दौरान पाकिस्तान द्वारा निर्मित उस स्थान पर कुछ डर्टी बम एक्सपोज हो गये। उसके बाद वहां से रेडिएशन फैल रहा है। यहां सबसे महत्वपूर्ण जानकरी यह है कि जैसे ही भारत ने नूर खान एयरबेस पर हमला किया उसके पास स्थित पाकिस्तान का न्यूक्लियर कमांड सेंटर की नींव ही हिल गयी। उसके बाद पाकिस्तान ने ट्रंप के हाथ-पैर जोड़ लिये कि भारत को रोको, नहीं तो मोदी हमें मिट्टी में मिला देगा।

## ये तो क्लीयर कट भारत की जीत है: दुनिया के सबसे बड़े मिलिट्री एक्सपर्ट का दावा

ऑपरेशन सिंदूर से बौखलाये पाकिस्तान के खोखले और झूठे दावों पर ऑस्ट्रेलियन मिलिट्री एक्सपर्ट टॉम कूपर ने शहबाज शरीफ सरकार को आईना दिखाया है। उन्होंने साढ़े तीन दिन चली कार्रवाई को न सिर्फ भारत की जीत बताया, बल्कि यह भी कहा कि पाकिस्तान का सीजफायर के लिए गुहार लगाना कोई हैरानी वाली बात नहीं थी, क्योंकि उसको इतना नुकसान हो चुका था कि वह बुरी तरह घबरा गया। टॉम कूपर दुनिया के सबसे सम्मानित युद्ध इतिहासकारों में से हैं। वह विश्लेषक, लेखक और मध्य पूर्व से दक्षिण एशिया तक के हवाई युद्धों के एक्सपर्ट हैं। टॉम कूपर ने बता दिया कि भारतीय सेना के सामने पाक आर्मी टिक नहीं सकी। टॉम कूपर ने कहा कि भारत ने पाकिस्तान के अंदर घुस कर जिस तरह तबाही मचायी, वो पाक की हार को दिखाता है। इसी वजह से वह सीजफायर के लिए अमेरिका के पास गुहार लगाने पहुंच गया था। उन्होंने भारत के अभियान को क्लियर कट जीत बताया है। टॉम कूपर ने एक ब्लॉग में लिखा, 'साफ-साफ कहूं जैसा हमेशा कहता हूं। जब एक पक्ष दूसरे के परमाणु हथियार भंडारण पर बम बरसा रहा हो और दूसरा कुछ भी करने की हालत में न हो, तो मेरे हिसाब से यह साफ-साफ जीत है। इस्लामाबाद की तरफ से सीजफायर के लिए गुहार लगाना, कोई हैरानी की बात नहीं है।' टॉम कूपर ने साफ-साफ लिखा कि भारत इस कार्रवाई में पाकिस्तान से कहीं ऊपर था और भारत की सीधे तौर पर जीत हुई। टॉम कूपर के अनुसार ऑपरेशन सिंदूर में कम से कम पांच मुख्य आतंकी मारे गये और 140 अन्य आतंकवादियों का सफाया हुआ। पाकिस्तान की सरकार ने चुप्पी साध ली, लेकिन आइएसआइ ने इन आतंकियों को शहीद बता कर पाक सेना के अफसरों के साथ राजकीय सम्मान दिया, जो ये बताने के लिए काफी है कि आतंकियों का सेना के साथ सीधा संबंध है। टॉम कूपर ने लिखा कि भारत की पहलगाम आतंकी हमले का बदला लेने की कार्रवाई पूरी तरह सफल रही और पाकिस्तान फेल हो गया। उन्होंने कहा कि भारत ने न सिर्फ आतंकी कैंप पर हमला किया, बल्कि पाकिस्तान के हमलों को भी कुशलता से रोका। पाकिस्तान के हमले भारत के एयर डिफेंस सिस्टम एस-400, बराक, आकाश, स्पाइडर और बोफोर्स को पार नहीं कर पाये। टॉम कूपर ने इंडस वॉटर ट्रीटी सस्पेंशन पर भी लिखा। भारत ने पानी रोक दिया और पाकिस्तान कुछ नहीं कर सका, जबकि ये उसके लिए रेड लाइन थी। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान ने कुछ नहीं सीखा और वह यह भी नहीं समझा कि भारत ने उसकी धमकियों को गंभीरता से लेना बंद कर दिया है। इसके अलावा, भारत ने पाकिस्तान के रावलपिंडी और कराची जैसे अहम शहरों में लगे एयर डिफेंस सिस्टम एचक्यू -9 को भी बर्बाद कर दिया और आखिर में पाकिस्तान बैकफुट पर आ गया और उसको खुद भारत से बात करके सीजफायर की बात करनी पड़ी। टॉम कूपर की रिपोर्टिंग ने पाकिस्तान के दावों और जमीनी हकीकत के अंतर को पूरी दुनिया के सामने उजागर कर दिया है।



आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
200000 Subscribers
VIEWERSHIP 5 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW


वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 37.6 °c | 24.5 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | | 18.22 बजे |
| सूर्योदय (कल) : | | 05.08 बजे |



## भाजपा ने निकाली तिरंगा यात्रा, भारतीय सेना जिंदाबाद के नारों से गूंज उठी रांची

# ऑपरेशन सिंदूर सशस्त्र सेनाओं के पराक्रम का परिचायक है : संजय सेठ

**संजय सेठ, बाबूलाल सहित कई भाजपा नेता तिरंगा यात्रा में हुए शामिल**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** केंद्रीय मंत्री संजय सेठ के मुताबिक, ऑपरेशन सिंदूर की सफलता भारत की सशस्त्र सेनाओं के पराक्रम का परिचायक है। सैन्य जवानों के सम्मान में रांची में भव्य तिरंगा यात्रा बुधवार को निकाली गयी। वे भी इसमें शामिल हुए और सैनिकों के प्रति कृतज्ञता प्रकट की। तिरंगा यात्रा के दौरान उन्होंने कहा कि सिंदूर की रक्षा के प्रति हमारी प्रतिबद्धता और मजबूत इरादों को दुनिया ने देखा है। यह तिरंगा यात्रा भारत के शौर्य और सेना के अदम्य साहस को समर्पित है। आतंकवाद के विरुद्ध इस लड़ाई में तिरंगा हमारी एकता, हमारी अखंडता का परिचायक है। मातृभूमि की रक्षा में अहर्निश अपने कर्तव्यों का पालन कर रहे सभी वीर जवानों को उनका प्रणाम।






कार्यक्रम को प्रदेश महामंत्री एवं राज्यसभा सांसद आदित्य साहू एवं रांची के विधायक सीपी सिंह ने भी संबोधित किया।

तिरंगा यात्रा में पूर्व विधायक गंगोत्री कुजूर, डॉ जीतू चरण राम, राम कुमार पाहन, समरी लाल, प्रदेश उपाध्यक्ष आरती कुजूर, गणेश मिश्रा, सुनीता सिंह, संजीव विजयवर्गीय, प्रतुल शाहदेव, विनय महतो धीरज, सत्यनारायण सिंह, केके गुप्ता, सुबोध सिंह गुड्डू, रमेश सिंह, सुरेंद्र महतो, सीमा शर्मा, संजय जयसवाल, बलराम सिंह, जितेंद्र वर्मा, राजू सिंह, बसंत दास, संजीव चौधरी, विनय सिंह, अनीता वर्मा, सुधाकर चौबे, प्रभुदयाल बड़ाइक, बिना मिश्रा, विकास रवि, नेहा सिंह, सोनू सिंह, पायल सोनी, रोमित नारायण सिंह, राकेश शर्मा, युवराज पासवान, रवि मुंडा, ओम प्रकाश पांडेय, राम मनोज साहू, सुबेश पांडेय, उमेश यादव, राम लगन राम, रणधीर सिंह, सुभाष अग्रवाल, सूर्य प्रताप, सुजीत शर्मा, आनंद वर्मा, ऋषभ गखड़, विनोद महतो, अशोक मिश्रा, इंद्रजीत यादव, विशाल साहू सहित हजारों की तादात में पार्टी कार्यकर्ता एवं आम नागरिक शामिल हुए।

गौरतलब है कि पिछले दिनों पहलगाम (जम्मू-कश्मीर) में पर्यटकों पर आतंकियों ने हमला कर दिया था। दो दर्जन से अधिक पर्यटकों ने अपनी जान गंवायी थी। इसके बाद भारतीय सेना ने ऑपरेशन सिंदूर शुरू किया था।

तिरंगा यात्रा का समापन लालपुर स्थित धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा के समाधि स्थल पर हुआ। भाजपा नेताओं ने धरती आबा को नमन कर उन्हें अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की। कहा कि धरती आबा का जीवन और समाज के लिए समर्पण हम सबके लिए प्रेरणादायी है।

## राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

**मेष** आमदनी के नये स्रोत बनेंगे, मान-सम्मान, पद-प्रतिष्ठा, धन-ऐश्वर्य की वृद्धि।

**वृष** समसामयिक प्रयास सफल, विद्या-बुद्धि-प्रतिभा का विकास होगा, महत्वपूर्ण कार्य पूरे होंगे।

**मिथुन** आत्मविश्वास की वृद्धि, नये कार्ययोजनाओं के प्रति रूचि बढ़ेगी।

**कर्क** काम की गति बढ़ेगी, सुख-संसाधनों की वृद्धि, व्यापारिक विस्तार की योजना।

**सिंह** कामकाज का विस्तार, आप उन्नति के मार्ग की ओर प्रशस्त होंगे, संकल्पित कार्य पूरा होगा।

**कन्या** बहुत दिनों से चली आ रही इच्छाओं की पूर्ति होगी, व्यवसाय में सफलता।

**तुला** कुछ संघर्षों के बाद नौकरी-सरकारी कार्यों में आशातीत सफलता मिलेगी।

**वृश्चिक** चतुर्दिक हर्ष तथा उल्लास का वातावरण रहेगा, संयम, धैर्य से काम आसान होंगे।

**धनु** आय के नये स्रोत बनेंगे, प्रभावशाली व्यक्तित्व का विकास, षड्यंत्र विफल रहेगा।

**मकर** नये व्यवसाय का आरंभ हो सकता है, परिवार में मांगलिक कार्य संपन्न होगा।

**कुंभ** रुके हुए कार्य में तेजी, उत्साह-उमंग भरा रहेगा, भ्रमण के साधन बनेंगे,नये लोगों से संपर्क।

**मीन** किसी नये कार्य आरंभ करने से पूर्व परिवार में विचार-विमर्श करें, कठिनाइयों पर विजय।

## लातेहार में पुलिस की पिटाई से दुखन साहू की मौत

# सड़क जाम कर रहे परिजनों को पुलिस ने दौड़ाकर पीटा

आजाद सिपाही संवाददाता

**लातेहार।** लातेहार जिले के हेरहंज थाना क्षेत्र निवासी दुखन प्रसाद की मौत बुधवार की सुबह हो गयी। मृतक सुखन प्रसाद के परिजनों का आरोप है कि लातेहार पुलिस की पिटाई के कारण उनकी मौत हुई है। परिजनों ने मीडिया कर्मियों को बताया कि पिछले 12 मई की रात पुलिस सादे लिबास में उनके घर आयी थी और घर के लोगों की बेरहमी से पिटायी की थी। महिला और बच्चों की भी पिटाई की गयी। मोबाइल व अन्य सामान भी ले लिये। इस पिटाई में अंदरूनी चोट लगने से वजह से दुखन प्रसाद (हेरहंज) की मौत हो गयी।



ग्रामीणों ने यह भी आरोप लगाया कि रविवार की रात लगभग 10:00 बजे पुलिस गांव में पहुंची और पंकज प्रसाद और दो अन्य ग्रामीणों के घर में घुसकर घर में उपस्थित लोगों के साथ जमकर मारपीट की थी। सुखन प्रसाद भी अपने दामाद पंकज प्रसाद के घर आये हुए थे। पुलिस ने उनकी भी पिटाई कर दी थी। इससे वह प्रसाद गंभीर रूप से घायल हो गये थे। बुधवार को अचानक उनकी मौत हो गयी। इधर घटना के विरोध में स्थानीय ग्रामीणों ने लातेहार जिला मुख्यालय में रांची डालटेनगंज मुख्य मार्ग को जाम कर दिया और पुलिस प्रशासन हाय-हाय, पुलिस की गुंडागर्दी नहीं चलेगी, पुलिस प्रशासन मुदार्बाद जैसे नारे लगने लगे। घटना की जानकारी मिलने के बाद डीएसपी अरविंद कुमार और अंचलाधिकारी अरविंद देवाशीष टोप्पो मौके पर पहुंचे नेतृत्व में पुलिस की टीम जाम स्तर पर पहुंची और लोगों को समझने का प्रयास किया। परंतु ग्रामीण इस बात पर अड़े हुए थे कि दोषी पुलिसकर्मियों पर तत्काल कार्रवाई की जाये। डीएसपी के द्वारा ग्रामीणों को यह आश्वासन दिया जा रहा था कि मामले की जांच कर उचित कार्रवाई की जायेगी परंतु जब ग्रामीण कुछ भी सुनने को तैयार नहीं हुए तो अंत में पुलिस ने बल का प्रयोग करते हुए लाठी चार्ज कर दिया। इसके बाद जाम हटा दिया गया।

इस मामले में डीएसपी अरविंद कुमार ने बताया कि पुलिस पूरे मामले की छानबीन कर रही है और पोस्टमार्टम के लिए मेडिकल बोर्ड का गठन किया गया है। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने पर कार्रवाई की जायेगी।

**लातेहार पुलिस की बर्बरता को माफ नहीं किया जायेगा : प्रकाश राम**

घटना की सूचना मिलने के बाद विधायक प्रकाश राम ने पीड़ित परिवार से मिले और सारी स्थिति की जानकारी ली। जानकारी मिलने के बाद विधायक प्रकाश राम ने कहा कि लातेहार पुलिस की बर्बरता को माफ नहीं किया जायेगा। इस घटना को लातेहार पुलिस की जो कार्यशाली है उसे आने वाले विधानसभा सत्र में उठाने का काम करूंगा और पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने का काम करूंगा।

# केंद्र सरकार पर जल जीवन मिशन का 6270 करोड़ बकाया : सुप्रियो

**केंद्र उत्तर प्रदेश और बिहार को सरप्लस पैसे दे रहा है**

**झारखंड और पश्चिम बंगाल के साथ सौतेला व्यतवहार अपना रहा**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झामुमो के महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि केंद्र सरकार जल जीवन मिशन योजना का बकाया पैसा 6270 करोड़ 30 लाख रुपसे झारखंड को नहीं दे रहा है। उन्होंने कहा कि केंद्र ने कहा था कि वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए वह झारखंड को 2114 करोड़ 16 लाख देगा, लेकिन महज 70 करोड़ रुपये ही दिया। अब ऐसा नहीं चलेगा। झारखंड अपने हिस्से की पाई-पाई केंद्र सरकार से लेगा। सुप्रियो भट्टाचार्य बुधवार को झामुमो के हरमू स्थित पार्टी कार्यालय में प्रेस वार्त्ता को संबोधित कर रहे थे।



**आंदोलन की राह पकड़ेगा झामुमो :** उन्होंने कहा कि केंद्र पर बकाया राशि के लिए झामुमो आंदोलन की राह पकड़ेगा। उन्होंने कहा कि केंद्र उत्तर प्रदेश और बिहार को सरप्लस पैसे दे रहा है, जबकि झारखंड और पश्चिम बंगाल के साथ सौतेला व्यतवहार अपना रहा है। उन्होंने कहा कि केंद्र को जब पैसे नहीं देना था तो योजनाएं क्यों शुरू की थी।

सुप्रियो ने बताया कि इस योजना के तहत राज्य सरकार ने 55 प्रतिशत घरों तक पानी पहुंचा दिया है, लेकिन राशि के अभाव में काम नहीं हो पा रहा है। उन्होंने कहा जल जीवन मिशन योजना के तहत झारखंड का केंद्र सरकार पर 6270 करोड़ 30 लाख रुपये बकाया है। उन्होंने कहा कि हमारे मंत्री ने केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सीआर पाटिल को कई बार पत्र लिखकर पैसे जारी करने का आग्रह किया, लेकिन पैसा नहीं भेजा गया।

## 5 करोड़ रुपये लूटकांड मामले में कुंदन पाहन बरी

रांची (आजाद सिपाही)। तमाड़ में 2008 में हुए 5.17 करोड़ कैश और 1.5 किलो सोना लूटकांड मामले में कोर्ट ने जेल में बंद नक्सली कुंदन पाहन को बड़ी राहत दी है। अपर न्यायायुक्त आनंद प्रकाश की कोर्ट ने साक्ष्य के अभाव में कुंदन पाहन को बरी कर दिया है। अभियोजन पक्ष ने 6 गवाहों की गवाही दर्ज करायी थी, लेकिन आरोपियों पर लगे आरोप को सिद्ध नहीं कर पाया। सभी गवाहों ने कुंदन पाहन को पहचाने से इनकार किया। तमाड़ में 21 मई 2008 को आइसीआइसीआइ एटीएम कैश वैन से लूटकांड हुआ था। 5 करोड़ 17 लाख कैश के साथ 1.5 किलो सोना की लूट हुई थी। कैश वैन को कब्जा में लेकर नक्सलियों ने लूटकांड की घटना को अंजाम दिया था। कुंदन पाहन पर पूर्व मंत्री रमेश सिंह मुंडा हत्याकांड, सांसद सुनील महतो की हत्या, डीएसपी प्रमोद कुमार सिंह समेत 6 पुलिस कर्मियों की हत्या, इंस्पेक्टर फ्रांसिस इंदवार की हत्या, चाइबासा के बलिवा में पुलिस और नक्सली के बीच हुए मुठभेड़ में 35 पुलिसकर्मियों की हत्या कर हथियार लूटने के गंभीर आरोप हैं। कुंदन के खिलाफ अपहरण, हत्या, लूटकांड जैसे 100 से अधिक मामले विभिन्न थानों में दर्ज हैं।

# झारखंड में कानून का गलत प्रयोग कर जमीन पर कब्जा कर रहे जिहादी : बजरंग बागड़ा

## किसी भी आतंकवादी घटना को बर्दाश्त नहीं किया जायेगा : विहिप

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** विश्व हिंदू परिषद के केंद्रीय महामंत्री बजरंग बागड़ा ने बुधवार को एयरपोर्ट रोड, रांची में स्थित एक होटल में प्रेस वार्ता में कहा कि देश के अंदर विदेशी बिना वीजा के घुसपैट कर रहे हैं। राज्य सरकार और केंद्र सरकार इनको चिह्नित कर कार्रवाई करें। उनको इस देश से वापस भेजें। विदेशी को देश में आने के लिए वीजा कानून बना हुआ है, उसका पालन सख्ती से हो, यह देश के लिए खतरा हैं। श्री बागड़ा ने झारखंड में लैंड जिहाद पर चिंता जताते कहा कि जिहादी कानून का गलत प्रयोग कर जमीन पर कब्जा कर रहे हैं। सरकार इसपर ध्यान दे। श्री बागड़ा ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर को स्थगित किया गया है, न कि समाप्त। साथ ही उन्होंने भारत सरकार द्वारा की गयी गयी कार्रवाई की सराहना करते हुए कहा कि विश्व हिंदू परिषद् इस कार्रवाई का स्वागत करती है। उनके इस पहल में उनके साथ है। भारत आतंकवाद के खिलाफ कड़ा रुख अपनाए हुए है और किसी भी आतंकवादी घटना को बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। सीजफायर का स्वागत करते कहा कि इसका स्वागत किया जा सकता है, लेकिन यह शर्त होनी चाहिए कि अगर भविष्य में कोई आतंकवादी घटना होती है, तो उसे एक्ट ऑफ वार माना जायेगा। श्री बागड़ा ने सेना के शौर्य और पराक्रम की प्रशंसा करते हुए कहा कि सेना की कार्रवाई और सरकार की इच्छा शक्ति के कारण ही आतंक के ठिकानों को नष्ट किया जा सका है, ऑपरेशन सिंदूर के जरिए भारत ने आतंकवाद के खिलाफ अपना कड़ा रुख स्पष्ट कर दिया है। जो भी भारत पर बुरी नजर रखेगा या आतंकवादी घटनाओं को अंजाम देने की साजिश रचेगा, उसका भी ऐसा ही हश्र होगा। प्रेस वार्ता में विश्व हिंदू परिषद के केंद्रीय महामंत्री के साथ, विहिप के प्रांत अध्यक्ष चंद्रकांत रायपत, प्रांत मंत्री मिथिलेश्वर मिश्र एवं प्रांत प्रचार प्रचार प्रमुख प्रकाश रंजन भी उपस्थित रहे।




## टाटानगर पोस्ट ऑफिस में खुलेआम शराब पीने का मामला

# केंद्रीय मंत्री के आदेश पर तीन कर्मचारी निलंबित

आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** टाटा नगर पोस्ट ऑफिस में ऑन ड्यूटी शराब पीने की घटना पर डाक विभाग ने सख्त रुख अपनाया है। तीन कर्मचारियों को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। जबकि एक अन्य कर्मचारी को ड्यूटी से हटा दिया गया है। यह कार्रवाई मामले के मीडिया में उजागर होने और केंद्रीय संचार मंत्रालय के संज्ञान लेने के बाद की गयी है।

**जांच में आरोप सही पाये जाने के बाद कार्रवाई :** वरीय डाक अधीक्षक परमानंद कुमार के निर्देश पर एएसपी (वेस्ट) परीक्षित सेठ ने इस मामले की जांच की। जांच में आरोप सही पाये गये। जिसके बाद एलएसजी डाक सहायक नितेश कुमार, ओवरसियर अमित कुमार ठाकुर और नाइट गार्ड जितेंद्र कुमार को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है। वहीं जीडीएस बीपीएम सूरज कुमार साहू को भी काम से निकाल दिया गया।

**3 मई की रात मामला हुआ था उजागर :** यह मामला 3 मई 2025 की रात का है, जब टाटानगर पोस्ट ऑफिस परिसर में डाक कर्मचारी कथित रूप से परिसर के भीतर खुलेआम शराब का सेवन करते हुए पाये गये। इस संबंध में एक मीडिया रिपोर्ट सामने आने के बाद विभागीय जांच के आदेश जारी किये गये थे।



केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के संज्ञान में आते ही डाक विभाग ने इस प्रकार की अनुशासनहीनता को गंभीर सेवा उल्लंघन मानते हुए स्पष्ट किया है कि कार्यालय परिसर में इस प्रकार का आचरण किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। विभाग ने भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए शून्य सहनशीलता की नीति अपनाने की बात दोहराई है।

# कलाकारों ने मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू से मुलाकात की

## फिल्म डेवलपमेंट काउंसिल ऑफ झारखंड के पुनर्गठन की मांग की

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** कांग्रेस के जिला अध्यक्ष कुमार राजा के नेतृत्व में एवं आदिवासी नेता सूरज टोप्पो के अगुवाई में बुधवार को झारखंड कलाकार आंदोलन संघर्ष समिति के बैनर तले राज्य के सभी कलाकारों ने कला संस्कृति मंत्री सुद्विव्य कुमार सोनू से मुलाकात की। जिसमें मुख्य रूप से कलाकारों ने फिल्म डेवलपमेंट काउंसिल ऑफ झारखंड के पुनर्गठन की मांग की। साथ वैसे लोग जो फिल्म विद्या और कला संस्कृति में संपूर्ण रूप से जानकार हो, जो झारखंड की भावनाओं को समझते हो वैसे लोगों को शामिल करने की भी मांग की। सदस्यों ने कहा कि झारखंड के सभी भाषा की फिल्मों को झारखंड के सभी सिनेमाघर में लगाना अनिवार्य किया जाये। झारखंड के सभी भाषा के फिल्मों को सुचारू रूप से सब्सिडी मिल सके ऐसा सरल नीति बनायी जाये। झारखंड के सभी विद्या के कलाकारों , फिल्मकारों, निर्माताओं एवं तकनीशियन को स्वास्थ बीमा दिया जाये एवं 50 उम्र के कलाकारों और दिव्यांग कलाकारों को पेंशन दिया जाये। झारखंड के सभी कलाकारों का सरकारी डाटा बेस तैयार किया जाये एवं सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त आर्टिस्ट कार्ड (पहचान पत्र) दिया जाये। राजधानी में एक कलाकेंद्र बनाया जाये जहां निःशुल्क नाटक, गीत संगीत, नृत्य प्रस्तुत करने की अनुमति हो। इसके साथ कलाकारों के विकास के लिए बहुत सारे मुद्दे रखे गये। मंत्री कलाकारों की बातों को ध्यानपूर्वक सुनने के बाद चिंतन जताते हुए कलाकारों की मांग को पूरा करने का आश्वासन दिया। कलाकारों की अगुवाई सूरज टोप्पो ने की। जिसमें झारखंड के गणमान्य कलाकार विनोद महली, रंजू मिंज, सूरज तिर्की, विवेक नायक, काजल मुंडू, पुरूषोतम कुमार, रमन गुप्ता, देवपूजन ठाकुर, रोहित, आरके, आशीष तिग्गा, दीपक लोहार, अमित तिर्की, मोनू राज, चांदनी बड़ाइक, एंजल लकड़ा, प्रिया वर्मा, मुकेश नायक, उमा बड़ाइक, लक्की ठाकुर, अमित आर्यन उपस्थित रहे।



## नेशनल पब्लिक स्कूल परसाबाद का सीबीएसइ परीक्षा में शानदार प्रदर्शन




**जयनगर (आजाद सिपाही)।** प्रखंड में संचालित नेशनल पब्लिक स्कूल परसाबाद में सीबीएसइ 10वां की परीक्षा में विद्यार्थियों ने परचम लहराया है। जिसमें विद्यालय के छात्र आदित्य कुमार ने 96 .8प्रतिशत अंक लाकर विद्यालय में टॉप करने का गौरव प्राप्त किया। नेशनल पब्लिक स्कूल जो सीबीएसइ से मान्यता प्राप्त है जो अपने बेहतर रिजल्ट के लिये जाना जाता है। निदेशक मो मुश्ताक खान ने बताया कि यह विद्यालय खुलने से लेकर अब तक बनाये गये हर रिकॉर्ड को तोड़ा है। ज्ञात हो कि आदित्य कुमार ने साइंस में 99 अंक, इंग्लिश में 96 अंक, हिंदी में 96 अंक, मैथेमेटिक्स में 97 अंक और इनफॉरमेशन टेक्नोलॉजी में 96 अंक लाकर बेहतर प्रदर्शन किया है। वहीं अन्य कई विद्यार्थियों ने भी 90प्रतिशत से ऊपर अंक लाकर क्षेत्र को गौरवान्वित करने का काम किया है। गौरतलब हो की इस वर्ष विद्यालय से कुल 224 विद्यार्थियों ने फॉर्म भरा था। जिसमें लगभग 150 विद्यार्थियों ने प्रथम स्थान प्राप्त किया है शेष विद्यार्थियों ने द्वितीय श्रेणी से सफलता प्राप्त किया। विद्यालय की सफलता पर प्राचार्या तापसी प्रमाणिक ने सभी सफल विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि यह विद्यालय में पढ़ा रहे शिक्षकों का प्रयास है जिसके कारण विद्यार्थियों ने सफलता के आयाम को प्राप्त कर रहे हैं। विद्यार्थियों की इस सफलता पर केन्द्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी, विधायक अमित कुमार यादव, पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव, जिप सदस्य केदारनाथ यादव, प्रमुख अंजू देवी, उप प्रमुख राजनारायण सिंह, शिक्षाविद डॉ बीएनपी बर्णवाल, पूर्व प्रमुख जयप्रकाश राम, पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि हिंद किशोर राम, सरफुद्दीन अंसारी, बिन्देश्वरी प्रसाद बिहारी सहित विद्यालय के शिक्षक ऋतुराज सिंह, मिथिलेश सिंह, अमित सिंह, महेंद्र प्रसाद यादव, किशोर किसलय, सुदेशना बेरा, राहुल यादव, नेहा नाज, प्रियंका कुमारी सहित विद्यालय के शिक्षक शिक्षाएं और कर्मियों ने बधाई दिया है।

## सीबीएसइ का जिला टॉपर आर्यन राज बनना चाहता है इंजीनियर



**जयनगर (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के खरियोडीह पंचायत अंतर्गत ग्राम अलगडीहा निवासी आर्यन राज सीबीएसइ 10वां में 98.4 प्रतिशत अंक लाकर जिला टॉप करने का गौरव प्राप्त किया है। बताते चलें कि आर्यन राज के पिता महेंद्र रविदास प्रखंड विकास पदाधिकारी गांवा गिरिडीह तथा माता किरण भारती गृहणी है। इसके चाचा वीरेंद्र कुमार दास राज्य संपोषित प्लस टू उच्च विद्यालय परसाबाद में शिक्षक का कार्य कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि इनका लक्ष्य सफल इंजीनियर बनकर देश की सेवा करना है। इन्होंने अपने सफलता का श्रेय अपने माता-पिता अपने चाचा, पूरे परिवार और विद्यालय के शिक्षकों और मित्रों को दिया। इन्होंने कहा कि चाचा वीरेंद्र कुमार के द्वारा लगातार प्रेरित करना माता-पिता और पूरे परिवार और शिक्षकों के द्वारा प्रोत्साहन करने के कारण कक्षा एक से 10 तक लगातार प्रथम स्थान हासिल करना और मैट्रिक की परीक्षा में जिला टॉप किया। आर्यन राज डीएवी पब्लिक स्कूल झुमरीतिलैया का छात्र है।

## विष्णुगढ़ में लहंगा का वितरण



**विष्णुगढ़ (आजाद सिपाही)।** विष्णुगढ़ के पूर्वी सांसद प्रतिनिधि नागेश्वर महतो ने बुधवार को विष्णुगढ़ पूर्वी के विभिन्न गावों में अवलजामो के बसरियाटांड, मंगरो, उच्चाघाना और चानो में हजारीबाग लोकसभा सांसद मनीष जयसवाल के सौजन्य से बेटियों के शादी में उपहार स्वरूप लहंगा का वितरण किया। गौरतलब है कि सांसद मनीष जयसवाल के द्वारा पूर्वी मंडल के सांसद प्रतिनिधि नागेश्वर महतो के माध्यम से लगातार बेटियों को उपहार स्वरूप लहंगा उपलब्ध कराया जा रहा है। जिसमें बसरियाटांड निवासी दौलत महतो की पुत्री पार्वती कुमारी, मंगरो निवासी इंदो साव की पुत्री ममता कुमारी, उच्चाघाना निवासी लालचंद महतो की पुत्री उर्मिला कुमारी, चानो निवासी घनश्याम महतो की पुत्री प्रीति कुमारी और कार्तिक महतो की पुत्री सुषमा कुमारी को सांसद मनीष जयसवाल द्वारा उपलब्ध कराये गये लहंगे का वितरण किया गया। पूर्वी सांसद प्रतिनिधि नागेश्वर महतो ने बताया कि सांसद मनीष जयसवाल द्वारा दिये गये संदेश में कहा है कि यह सेवा अभियान पूरे समर्पण के साथ अबाध गति से जारी है, हजारीबाग की बेटियों के सपने के नए सफर उनके विवाह में थोड़ा-सा योगदान दे पाना मेरे लिए भाई के धर्म को निभाने जैसा है, एक भाई की ओर से बहन को विवाह का छोटा-सा उपहार दिया जा रहा है। वहीं सांसद द्वारा भेंट स्वरूप लहंगा मिलने के बाद बेटियों एवं उनके परिजनों ने सांसद मनीष जयसवाल के प्रति इस पुनीत कार्य के लिए आभार व्यक्त किया। इस मौके पर पूर्वी सांसद प्रतिनिधि नागेश्वर महतो, पूर्व सांसद प्रतिनिधि सुशील कुमार मंडल, महामंत्री गोविंद कुमार महतो, तुलसी सिंह रजनी, अशोक कुमार गुप्ता, पप्पू कुमार मंडल, तुलो महतो, दशरथ पटेल, भोला साव, राजू ठाकुर, अरुण कुमार गोस्वामी, जागेश्वर महतो समेत स्थानीय निवासी एवं परिवार जन उपस्थित रहे।

## सड़क दुर्घटना में दो व्यक्तियों की मौत

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** कोडरमा जिले के सीमा पर स्थित जवाहर घाट में बुधवार सुबह एक बोलेरो दुर्घटनाग्रस्त होकर जवाहर पुल के नीचे तिलैया डैम में जा गिरी। जिसमें दो लोगों के मौत होने की सूचना है। जिसमें एक व्यक्ति का शव बरामद हो चुका है जबकि दूसरे के शव की तलाश जारी है। जानकारी के अनुसार राहुल सोनकर नामक व्यक्ति जो फल विक्रेता है, अपने मित्र आशीष, अपने मुंशी सौरव और ड्राइवर संदीप के साथ बीती रात कोडरमा से बरही एक शादी समारोह में शरीक होने के लिए गए हुए थे। बुधवार की अहले सुबह सभी वापस अपने घर झुमरीतिलैया लौट रहे थे। इसी बीच जवाहर घाटी में तिलैया डैम पर बने पुल पर उनकी बोलेरो गाड़ी दुर्घटनाग्रस्त हो गयी। घटना की जानकारी देते हुए सौरव शर्मा के मित्र ने बताया कि जिस जगह पर यह घटना घटी है उसी जगह पर बीती रात एक ट्रक भी दुर्घटनाग्रस्त हुई थी। जब ये लोग बरही से लौट रहे थे तो उस ट्रक के पास इन्हें एक बड़ी गाड़ी ने चकमा दे दिया। जिससे इनकी गाड़ी अनियंत्रित हो गयी और डैम में जा गिरी। जिसमें दो लोग सौरव और संदीप किसी प्रकार से बोलेरो से बाहर निकलकर पानी से बाहर आए, वहीं राहुल और आशीष की बोलेरो के अंदर ही मौत हो गयी। उन्होंने बताया कि ये दोनों किसी प्रकार से ऑटो पकड़कर सदर अस्पताल कोडरमा पहुंचे। जहां संदीप का प्रारंभिक उपचार करने पश्चात उसे घर भेज दिया गया वहीं सौरव का ईलाज जारी है। इधर घटना की सूचना पाकर बरही के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी व बरही थाना प्रभारी घटनास्थल पर पहुंचे और क्रेन मंगवाकर डैम में डूबे बोलेरो को बाहर निकलवाया। वहीं डैम से राहुल सोनकर का शव भी बरामद किया गया। इधर राहुल का एक अन्य साथी आशीष का शव अभी डैम में ही होने की बात कही जा रही है जिसकी तलाश जारी है। इधर कोडरमा सदर अस्पताल के चिकित्सक डॉ. विकास गौरव ने बताया कि सौरव की हालत नाजुक है, इसलिए उसे रांची के रिम्स रेफर किया जा रहा है। चिकित्सकों के अनुसार सौरव को सुबह उसके एक मित्र ने घायल अवस्था में सदर अस्पताल में भर्ती कराया था।

# चमेली झरना में डूबने से 19 वर्षीय युवक की मौत

आजाद सिपाही संवाददाता



**हजारीबाग।** मौत का झरना बन चुका चमेली झरना ने न जाने कितने मासूमों की प्राणों की आहुति की है। फिर एक बार ऐसा ही वाक्या देखने को मिला है। हजारीबाग जिले के पदमा ओपी थाना क्षेत्र के बंद पड़े पत्थर खदान, जिसे 'चमेली झरना' के नाम से जाना जाता है, एक बार फिर दर्दनाक हादसे का कारण बना है। शिवपुरी, हजारीबाग निवासी 19 वर्षीय युवक शिवम कुमार की इस झरना में डूबने से मौत हो गई। इस घटना के बाद क्षेत्र में शोक और सनसनी का माहौल है।

परिजनों के अनुसार, शिवम मंगलवार की शाम अपने दोस्तों के साथ घर से निकला था, लेकिन रात तक घर नहीं लौटा। परिजनों द्वारा काफी खोजबीन के बाद भी कोई सुराग न मिलने पर पुलिस को सूचना दी गयी। बुधवार की सुबह जब पुलिस चमेली झरना पहुंची, तो शिवम के तीन दोस्तों को वहां मौजूद पाया गया। पुलिस ने संदेह के आधार पर तीनों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है।

शव की तलाश के लिए एनडीआरएफ की टीम को बुलाया गया है। पदमा ओपी थाना की पुलिस घटनास्थल पर मौजूद अन्य स्थानीय लोगों से भी पूछताछ कर रही है और सभी पहलुओं की गंभीरता से जांच की जा रही है।

गौरतलब है कि चमेली झरना में पत्थर उत्खनन के बाद ऐसे ही छोड़े जाने के बाद उसमें पानी भर गया और यह एक कृत्रिम झरने का रूप ले चुका है। सुरक्षा उपायों के अभाव और अवैध गतिविधियों के चलते यहां पहले भी कई हादसे हो चुके हैं, जिनमें अब तक दर्जनों लोगों की जान जा चुकी है।

# खेल प्रेमियों पर छाया शतरंज का रोमांच

**हर चाल पर सजी निगाहें, हर मूव में छुपी जीत की उम्मीद, शतरंज की बिसात पर आज इतिहास रचा जा रहा है**



आजाद सिपाही संवाददाता

**हजारीबाग।** हजारीबाग के खेल इतिहास में एक नया स्वर्णिम अध्याय जुड़ चुका है। हजारीबाग डिस्ट्रिक्ट चेस एसोसिएशन के तत्वावधान में, ऑल इंडिया चेस फेडरेशन और ऑल झारखंड चेस एसोसिएशन की मान्यता प्राप्त तृतीय एचडीसीए ऑल इंडिया ओपन फाइड रेटिंग शतरंज टूर्नामेंट 2025 का आयोजन हजारीबाग में अत्यंत भव्यता के साथ जारी है। प्रतियोगिता का विधिवत उद्घाटन रविवार, 11 मई को शंकरपुर स्थित एंजेल हाई स्कूल परिसर में किया गया था। इस राष्ट्रीय स्तर के टूर्नामेंट में देश के 13 राज्यों से 600 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया है। खिलाड़ियों, अभिभावकों, खेलप्रेमियों और स्थानीय जनमानस की अभूतपूर्व भागीदारी ने इस आयोजन को विशिष्ट गरिमा प्रदान की है। प्रतियोगिता में नवोदित से लेकर अनुभवी फाइड रेटेड खिलाड़ी तक शामिल हैं, जिनमें मुकाबला अत्यंत रोचक और उच्च स्तर का रहा है।

**खेल का अंतिम चरण और रोमांचकारी मोड़:** बुधवार को टूर्नामेंट के आठवें राउंड तक के मुकाबले पूरे हो चुके हैं। आज अंतिम यानी नवां राउंड खेला जायेगा, जिसके पश्चात समापन समारोह आयोजित किया जायेगा। टेबल नंबर 1 से लेकर 5 तक शीर्ष खिलाड़ियों के बीच घमासान मुकाबले हुए जिसमें टेबल 1अभिषेक दास बनाम निगेश जी, टेबल 2 रूपम मुखर्जी बनाम कुमार गौरव,टेबल 3 रूपेश बी रामचंद्र बनाम शॉन चौधरी, टेबल 4 किशन कुमार बनाम रिशन देबनाथ, टेबल 5 राजेश कुमार बनाम सुधीर कुमार सिन्हा इन खिलाड़ियों ने आठवां राउंड में टॉप पांच पर पहुंचे थे।

प्रत्येक खेल डिजिटल घड़ियों के माध्यम से समयबद्ध रूप में संपन्न हो रहा है। तकनीकी टीम द्वारा खिलाड़ियों की हर चाल पर सूक्ष्म निगरानी की जा रही है, जिससे निष्पक्षता और पारदर्शिता सुनिश्चित हो रही है। टूर्नामेंट डायरेक्टर करण जायसवाल ने कहा की यह आयोजन केवल प्रतिस्पर्धा नहीं, बल्कि हजारीबाग को राष्ट्रीय शतरंज मानचित्र पर स्थापित करने की दिशा में एक महत्त्वपूर्ण प्रयास है। हम प्रत्येक खिलाड़ी और अभिभावक के अनुभव को यादगार बनाना चाहते हैं। संघ सचिव मनमीत अकेला ने कहा की हमारा लक्ष्य है कि हजारीबाग शतरंज का एक स्थायी और सशक्त केंद्र बने। देशभर से आयी खिलाड़ियों की भागीदारी ने हमारे प्रयासों को ऊर्जा दी है। गुरुवार को दोपहर 3:00 बजे समापन समारोह का आयोजन किया जायेगा, जिसमें विजेताओं को मोमेंटो, प्रशस्ति पत्र और नगद राशि से सम्मानित किया जायेगा। साथ ही, सभी प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान किये जायेंगे। इस आयोजन को सफल बनाने में सह सचिव बृजेश कुमार, कोषाध्यक्ष राजन साहा, आलोक कुमार, शिवांगी कुमारी, रितु कुमारी सहित पूरी आयोजन टीम की भूमिका सराहनीय रही है।

# बीएम मेमोरियल स्कूल में नैंसी बनी विद्यालय टॉपर

**बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देना ही हमारा संकल्पः दिनकर कुशवाहा**



आजाद सिपाही संवाददाता

**बड़कागांव।** प्रखंड के हजारीबाग रोड स्थित अंग्रेजी माध्यम से संचालित विद्यालय बीएम मेमोरियल स्कूल में सीबीएसई 10वीं की परीक्षा का रिजल्ट सत प्रतिशत रहा। सभी छात्र-छात्राओं ने उत्तीर्ण होकर विद्यालय के साथ-साथ अपने माता-पिता का नाम रोशन किया। वही नैंसी सोनी 83% अंक प्राप्त कर विद्यालय टॉपर बनी। इसके अलावा दीपशिखा भारती 81% अमित कुमार 78% पियुष सोनी 78% तृषा सोनी 77% पूजा कुमारी 75% नैतिक सिंह 74% ब्रज किशोर 74% अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। इसके अलावा रितिका कुमारी, सोनिका कुमारी, अनुष्का कुमारी आदित्य कुमार, नीलम सोनी, निशा सोनी सहित अन्य सभी छात्र-छात्राओं ने भी बेहतर प्रदर्शन किया। इस संबंध में विद्यालय के उप निदेशक दिनकर कुशवाहा ने सभी उत्तीर्ण हुए छात्र-छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि हम सभी बी.एम. मेमोरियल स्कूल परिवार का एक ही उद्देश्य है कि बड़का गांव के ग्रामीण बच्चों को शहरों के समानांतर सीबीएसई की पढ़ाई का व्यवस्था देना। जिसको लेकर हमारे विद्यालय के सभी शिक्षक प्रतिबद्ध है और लगातार बच्चों को बेहतर से बेहतर शिक्षा प्रदान कर रहे हैं। वही विद्यालय के प्राचार्य कैलाश कुमार और उप प्राचार्य पूनम कुमारी ने संयुक्त रूप से कहा कि हमारे विद्यालय में बच्चों को विषय विशेषज्ञ द्वारा पढ़ाई कराया जाता है इसके साथ-साथ हम बच्चों के पढ़ाई के साथ-साथ खेलकूद सहित अन्य क्रियाकलापों पर भी विशेष ध्यान देते हैं हमारे यहां बच्चों को आत्मरक्षा के लिए जूडो कराटे का प्रशिक्षण दिया जाता है। सभी सफल छात्र-छात्राओं ने अपना सफलता का श्रेय विद्यालय के शिक्षकों व अपने माता-पिता को दिया है। सभी सफल छात्र-छात्राओं को बधाई देने वालों में मुख्य रूप से विद्यालय के संस्थापक प्रभु दयाल महतो, निदेशक संदीप कुशवाहा, विद्यालय के शिक्षा चेयरमैन रंजीत कुमार, वरिष्ठ शिक्षक ब्रह्मदेव सिंह चौहान, हिमांशु कुमार, महेंद्र कुमार, मुकेश दास, आनंद राज, ऋषभ अग्रवाल, सुमित कुमार, राजेश कुमार रवि, सचिन कुमार, मनीषा कुमारी, अनु कुमारी, देवंती कुमारी, स्नेहा कुमारी, सुमन कुमारी, अंजली मिश्रा, अंजनी कुमारी, विकास ठाकुर, सुभाष कुमार, अफसाना परवीन, गंगा भारती, गायत्री टुडु, शंकर महतो, कुलदीप कुमार, दुर्गा देवी, अंजू देवी सहित अन्य ने बधाई दी।

# अफीम खरीद-बिक्री करने वाले दो कारोबारियों को पुलिस ने दबोचा

**5.395 किग्रा अफीम के साथ एक लाख ग्यारह हजार नगद बरामद**



आजाद सिपाही संवाददाता

**हजारीबाग।** अफीम खरीद बिक्री करने वाले दो कारोबारियों को हजारीबाग पुलिस ने घर दबोचा है। दोनों के पास से पुलिस ने 5.395 किग्रा अफीम, 10.280 किग्रा लठा (रसायनिक पदार्थ), 3 मोबाईल फोन, 1,11000 नगद रुपये, 2 मोटरसाइकिल और एक वेट मशीन बरामद किया गया। हजारीबाग एसपी अरविंद कुमार सिंह ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि मंडईखुर्द से सियारी चौक के तरफ जाने वाले मार्ग में शमशान घाट के पास अफीम का खरीद बिक्री करने के लिए कुछ लोग मोटरसाइकिल से आ रहे है। इस सूचना पर एसडीपीओ सदर के नेतृत्व में एक छापामारी दल का गठन किया गया। गठित टीम के द्वारा उक्त स्थान पर मोटरसाईकिल चेकिंग लगाया गया और चेकिंग के क्रम में मोटरसाईकिल जेएच 01 ईजी 3483 के चालक जितेन्द्र कुमार के पास 1.215 किग्रा अफीम और दूसरा मोटरसाइकिल जेएच 01 एफएम 9129 के चालक हलधर मुंडा के पास नकद 1,10,000 एक लाख दस हजार) रूपया मिला। पकड़ाये दोनों व्यक्तियों के निशानदेही पर लोहसिंघना थानान्तर्गत उतरी शिवपुरी मुहल्ला में एक भाड़े के मकान में 4.180 किग्रा अफीम और अफीम में मिक्स करने वाला लठा (रसायनिक पदार्थ) 10.200 किग्रा बरामद किया गया है। इस संबंध में लोहसिंघना थाना कांड सं-72/25 धारा-111 (2) / 3 (5) बीएनएस एवं 22 (बी)/21 एवं 17 (सी)/18 (बी)/21 (सी)/27/29 एनडीपीएस एक्ट 1985 दर्ज किया गया है। -

**बरामद सामानो की विवरणीः** 5.395 किग्रा अफीम, 10.280 किग्रा लठा (रसायनिक पदार्थ), 03 मोबाईल फोन, 1,11000 नगद रुपए, 2 मोटरसाइकिल और एक वेट मशीन बरामद किया गया।

**गिरफ्तार अभियुक्त :** जितेन्द्र कुमार उर्फ जितु पिता-देवधारी, दाँगी, सा-तेतरिया, थाना-पत्थलगड़ा, जिला-चतरा, हलधर मुण्डा, पिता-चेतन मुंडा, ग्राम-हालुडीह, थाना-दशम फॉल, जिला रांची।

**छापामारी दल में :** सदर एसडीपीओ अमित आनंद, पुन्नु कुमार यादव, थाना प्रभारी, लोहसिंघना, विट्टू रजक, बड़ा बाजार ओपी प्रभारी, वेद प्रकाश पाण्डेय, प्रभारी, पेलावल ओपी, पुअनि खालिद ईकबाल, लोहसिंघना, सअनि ओमप्रकाश, लोहसिंघना थाना के अलावा रिजर्व गार्ड शामिल थे।

## केरेडारी में पोषण सामग्री का वितरण



**केरेडारी (आजाद सिपाही)।** एनटीपीसी की चट्टी बरियातू कोयला खनन परियोजना के कॉरपोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व पहल के तहत मंगलवार को बिरहोर टोला में पोषण सामग्री वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में बिरहोर समुदाय के 32 परिवारों को अंडे और गुड़ वितरित किये गये। बिरहोर समुदाय को विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूह के रूप में चिन्हित किया गया है और यह पहल समुदाय को कुपोषण और गरीबी से लड़ने में प्रत्यक्ष सहायता प्रदान करने के उद्देश्य से की गयी। यह कार्यक्रम कंपनी की सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना और समाज के सबसे कमजोर वर्गों के उत्थान की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस पहल से न केवल समुदाय को आवश्यक पोषण सहायता प्राप्त हुई बल्कि उनमें विश्वास और आशा का संचार भी हुआ। भविष्य में भी इस प्रकार के कार्यक्रमों को जारी रखने की योजना है। इस अवसर पर विजय किशोर, महाप्रबंधक (मानव संसाधन), शक्ति बरनवाल, सहायक महाप्रबंधक (कोयला डिस्पैच और बिलिंग), झरिलाल महतो मुखिया, यतीश कुमार उप महाप्रबंधक (खनन), बी.नवीन कुमार, उप महाप्रबंधक (सीडी-सीएसआर), दिवाकर मिश्रा, वरिष्ठ प्रबंधक (कोयला डिस्पैच) और देबांकुर तालुकदार, कार्यपालक (सीडी-सीएसआर) उपस्थित थे।

## जदयू नेता मिथिलेश सिंह को चतरा का प्रभार



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** झारखंड जनता दल यूनाइटेड एक बार फिर से पूरा राज्य में संगठन को मजबूत करने में लगा है। पिछले दिन राजधानी में प्रदेश कार्य समिति की बैठक में प्रदेश के सभी जिलों के प्रभारी की नियुक्ति की गयी। बैठक में राज्यसभा सांसद खीरू महतो और जदयू विधायक सरयू राय ने सभी प्रभारी से संगठन को मजबूत बनाने में जुट जाने को कहा है। इसी क्रम में हजारीबाग जिले के तेज तर्रार जदयू के प्रदेश सचिव मिथिलेश कुमार सिंह को चतरा जिले का प्रभार सौंपा गया है। चतरा जिला प्रभारी बनने पर जिले के पदाधिकारी ने हर्ष व्यक्त किया और प्रदेश अध्यक्ष का आभार व्यक्त किया है।

## नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन





**केरेडारी (आजाद सिपाही)।** एनटीपीसी चट्टी बरियातु कोयला खनन परियोजना के द्वारा बुधवार को चट्टी बरियातु पंचायत भवन में नि:शुल्क हेल्थ कैंप लगाया गया। इस कैंप मे फ्री बुखार, सर्दी और खांसी की जांच ग्राम निवासियों को उपलब्ध करवायी गयी। एनटीपीसी परियोजना द्वारा आयोजित कैंप में 31 लाभार्थियों ने मुफ्त स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया। बीमार ग्राम निवासियों को दवाइयां भी उपलब्ध करायी गयी। यह नि:शुल्क हेल्थ कैंप चट्टी बरियातु कोयला खनन परियोजना द्वारा अपने निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व के अंतर्गत आयोजित किया गया था। यह मेडिकल कैंप चट्टी बरियातु कोयला खनन परियोजना द्वारा खनन प्रभावित लोगों के सुरक्षित सेहत के लिए समय-समय पर आयोजित की जाती है। डॉक्टरों की टीम ने स्थानीय गांव वालो की जांच करने के साथ-साथ उन्हें अच्छी स्वच्छता और स्वस्थ आदतों का पालन करने के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर परियोजना के उप महाप्रबंधक बी नवीन कुमार ने उपस्थित हो कर कार्यक्रम को सफल बनाया।

## किसानों को उन्नत खेती का मिला मंत्र



**झुमरीतिलैया (आजाद सिपाही)।** भारतीय कृषक उर्वरक सहकारी संस्था द्वारा चोपनाडीह में किसान गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में चोपनाडीह पंचायत की मुखिया पूनम देवी, पैक्स अध्यक्ष रामचंद्र यादव, परियाम बीज भंडार के विक्रेता परियाम यादव, किसान मित्र नंदलाल यादव, सिबरम यादव, धनपत यादव, उर्मिला देवी, संगीता देवी सहित 60 से अधिक प्रगतिशील महिला और पुरुष किसानों ने हिस्सा लिया। इफको के क्षेत्र पदाधिकारी ने तरल नैनो यूरिया और तरल डीएपी के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि यह परंपरागत बोरे वाले उर्वरकों की तुलना में अधिक प्रभावशाली और फसल के लिए लाभकारी है। इसकी कम मात्रा में ही अधिक परिणाम मिलते हैं। कैल्शियम, मैग्नीशियम और सल्फर जैसे द्वितीय पोषक तत्वों की कमी से होने वाले लक्षणों और उसके लाभों पर चर्चा करते हुए प्रति एकड़ में इसकी मात्रा की जानकारी भी दी गयी। एसएफए कोडरमा के विजय कुमार ने किसानों को सागरिका बालटी और तरल सागरिका के लाभों से अवगत कराया और बताया कि किस प्रकार ये उत्पाद फसलों की वृद्धि में सहायक हैं।

## स्टीयरिंग सह मॉनिटरिंग समिति की बैठक संपन्न



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** समाहरणालय सभागार में उपायुक्त मेघा भारद्वाज की अध्यक्षता में जिला स्तरीय स्टीयरिंग सह मॉनिटरिंग समिति की बैठक संपन्न हुआ। बैठक में प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना, मेटेरियल कॉस्ट, कुकिंग कॉस्ट की दर में राज्यांश और केन्द्रांश में संशोधन, पोषण पखवाड़ा 2025 का आयोजन, वित्तीय वर्ष 2024-25 का जिला स्तरीय जन सुनवाई, वित्तीय वर्ष 2025-26 में तिथि भोजन का आयोजन, राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम अंतर्गत वर्ग 1 से 8 तक नामांकित सभी छात्रों का स्वास्थ्य जांच, अनीमिया मुक्ति कार्यक्रम के अंतर्गत साप्ताहिक आधार पर गोलियां बच्चों को खिलाना, राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस पर वर्ष में दो बार कृमिनाशक गोलिया बच्चों को खिलाना, वित्तीय वर्ष 2024-25 का सामाजिक अंकेक्षण की अध्यतन स्थिति, वित्तीय वर्ष 2025-26 में छात्रों का शत-प्रतिशत उपस्थिति, किचन शेड-सह-स्टोर की मरम्मति और सुदृढ़ीकरण का कार्य पूर्ण की स्थिति प्रखंड स्तरीय स्टीयरिंग-सह-मॉनिटरिंग समिति की मासिक बैठक समेत कई बिंदुओं पर विस्तार से समीक्षा किया गया। उपायुक्त महोदया ने वित्तीय वर्ष 2024-25 का जिला स्तरीय जन सुनवाई की समीक्षा करते हुए कहा कि शिक्षकों और शिक्षा से संबंधित सुनवाई का निराकरण करें। राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम अंतर्गत वर्ग 01 से 08 तक नामांकित सभी छात्रों का स्वास्थ्य जांच करने का निर्देश दिया। कैंप लगाकर स्कूली बच्चों का आधार कार्ड और जन्म प्रमाण पत्र बनायें। दिव्यांग बच्चों का दिव्यांगता प्रमाण पत्र बनाना सुनिश्चित करेंगे। बीआरपी, सीआरपी को नियमित रूप से विद्यालय का भ्रमण करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि विद्यालय में शत-प्रतिशत बच्चों की उपस्थिति सुनिश्चित करेंगे। विद्यालय में किचन शेड-सह-स्टोर की मरम्मति और सुदृढ़ीकरण का कार्य पूर्ण करने को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। बैठक में उप विकास आयुक्त ऋतुराज, जिला शिक्षा पदाधिकारी अविनाश राम, जिला शिक्षा अधीक्षक अजय कुमार, सभी प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी, बीपीओ समेत शिक्षा विभाग के कर्मी मौजूद रहे।

आजाद सिपाही
रांची, गुरुवार, 15 मई, 2025
www.azadsipahi.in
05

## रेलवे लाइन निर्माण के विरोध में ग्रामीणों ने उपायुक्त को दिया मांगपत्र

**पतरातू (आजाद सिपाही)।** पतरातू प्रखंड के ग्राम किरीगढ़ा में रेलवे लाइन निर्माण का ग्रामीणों ने लगातार विरोध करते आ रहे है। ग्रामीणों का कहना है कि प्रस्तावित रेलवे लाइन का निर्माण इस तरह से रवाई विभाग करवाना चाहती की गांव लाइन से दो भागो में बांट जायेगा। इससे से गांव का अस्तित्व हो जायेगा। इसलिए ग्रामीणों ने प्रस्तावित रेलवे लाइन निर्माण का विरोध करते हुए उपायुक्त रामगढ़ को ग्रामीणों द्वारा मांगपत्र सौंपा गया है। मांग पत्र में राम सिंह, दुर्गानंद सिंह, कृष्ण सिंह, प्रवीण कुमार, अमर सिंह, राजेश साव, दिलीप साव, सकल साव, मथुरा सिंह, लालमोहन रजवार, सचिन कुमार, प्रवेश सिंह, जगेश्वर साव, बबन सिंह, छक्कनलाल सिंह, संतोष सिंह, रामविलास सिंह, त्रिपुरारी सिंह सहित अन्य ग्रामीणों के हस्ताक्षर मौजूद है।

## आजसू सुप्रीमो सुदेश महतो, सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी समाजसेवी की पुत्री की शादी में शामिल हुए



**गोला (आजाद सिपाही)।** गोला क्षेत्र के कोइया गांव निवासी समाजसेवी चंद्रशेखर महतो की सुपुत्री आयुष्मति प्रभा कुमारी की शादी समारोह की वैवाहिक कार्यक्रम में आजसू सुप्रीमो सुदेश कुमार महतो, गिरिडीह सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी, बड़कागांव विधायक रोशन लाल चौधरी, मांडू विधायक निर्मल महतो उर्फ तिवारी महतो, पूर्व विधायक लंबोदर महतो, सुनीता चौधरी सहित कई बड़े नेता शामिल हुए। विवाह समारोह में शामिल होकर क्षेत्र के सैकड़ों लोगों ने नव दंपति को आशीर्वाद दिया। विवाह समारोह में लजीज व्यंजन के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। सांस्कृतिक कार्यक्रम देखने के लिए लोगों की भीड़ लगी रही। गिरिडीह सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी देर रात तक रुक कर खुद निगरानी करते हुए दिखे। उन्होंने अतिथियों का स्वागत भी जोरदार ढंग से किया।

## कोयला माफिया ने की वन विभाग की गाड़ी पर फायरिंग, एफआइआर दर्ज

**उरीमारी (आजाद सिपाही)।** उरीमारी ओपी क्षेत्र के लुरूंगा में अवैध कोयला लोड ट्रक पकड़ने पर कोल माफिया द्वारा वन विभाग कर्मियों के गाड़ी पर फायरिंग का मामला प्रकाश में आया है। फायरिंग करने का आरोप कोयला माफिया डब्बू सिंह उर्फ गंगासागर सिंह पर लगा है। हजारीबाग पश्चिमी वन प्रमंडल बड़कागांव प्रक्षेत्र के उप फोरेस्ट पदाधिकारी प्रशांत कुमार लकड़ा उरीमारी ओपी में मामला दर्ज कराया है। इसमें कहा गया है कि सोमवार की रात लुरूंगा सुरक्षित वन क्षेत्र में अवैध कोयला खनन कर ट्रकों से भेजने की सूचना मिली थी। जिसमें अपने सहकर्मियों के साथ रात लगभग 8:30 बजे लुरूंगा वन में गश्ती के लिए पहुंचे। जहां लुरंगा चौक के समीप एक कोयला लदा ट्रक नं. JH02H - 0358 दिखायी दिया। जिसे वन कर्मियों ने रुकने का इशारा किया। लेकिन चालक ट्रक को तेज गति से आगे ले गया और कुछ दूरी पर ट्रक छोड़कर फरार हो गया। इसके बाद वन कर्मियों ने इसकी सूचना तत्काल अपने वरीय अधिकारी को दी। दूसरी ओर उप फोरेस्ट पदाधिकारी ने अपनी शिकायत में कहा कि कुछ ही देर बाद एक अल्टो कार में सवार पांच व्यक्ति लोहे की रॉड और लाठियों के साथ वहां पहुंचे, और उन्होंने वनकर्मियों के साथ गाली-गलौज, धक्का-मुक्की की और सरकारी कार्य में बाधा उत्पन्न की। इसके बाद इस क्षेत्र में कार्यरत कोयला माफिया गंगासागर सिंह उर्फ डब्बू सिंह जो नया मोड़, कुजू, रामगढ़ का रहने वाला है, महेंद्र प्रसाद जो गिद्दी का रहने वाला है, वह अपने सहयोगियों के साथ स्कॉर्पियों, थार और 10-12 बाइक पर सवार लगभग 35-40 हथियारबंद व्यक्तियों के साथ वहां पहुंचा और कोल माफिया डब्बू सिंह ने बंदूक लहराते हुए कहा कि मेरी गाड़ी को रोकने की किसकी हिम्मत हुई, उसे जान से मार देंगे। यहां बता दें कि स्थिति तनावपूर्ण और जानलेवा होता देख वनकर्मी सरकारी गाड़ी में बैठकर मौके से जान बचाकर निकलने लगे। तभी डब्बू सिंह ने पीछे से चार-पांच राउंड फायरिंग की, जिसमें दो गोलियां वनकर्मी के सरकारी बोलेरो वाहन के पिछले हिस्से में लगने की सुचना है। सभी वन कर्मी किसी प्रकार अपनी जान बचाकर बड़कागांव रेंज कार्यालय पहुंचे।

## राष्ट्रीय फ्लोरोसिस नियंत्रण कार्यक्रम को लेकर जांच शिविर का आयोजन



**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** राष्ट्रीय फ्लोरोसिस नियंत्रण कार्यक्रम के तहत बुधवार को सिविल सर्जन डॉ महालक्ष्मी प्रसाद के नेतृत्व में पतरातू प्रखंड के महात्मा गांधी हाई स्कूल भुरकुंडा में जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर के दौरान विद्यालय के पानी के सैंपल लेकर फ्लोराईड की जांच की गयी। इस दौरान डॉ पल्लवी कौशल ने 99 बच्चों के फ्लोरोसिस की जांच की। जिसमें 19 बच्चों में फ्लोरोसिस के लक्षण पाये गये। विद्यालय के पानी के सैंपल में भी फ्लोराईड की जांच की गयी। शिविर को संबोधित करते हुए डॉ पल्लवी कौशल ने बताया कि फ्लोरोसिस एक लाईलाज बीमारी है। जिसका बचाव ही एक मात्र उपाय हैं। यह बीमारी बहुत ही कम उम्र से दांतो में भूरे धब्बे, पेट दर्द, कब्ज, जोडों में दर्द जैसी समसया उत्पन्न करती है। इसलिए इसे रोकना बहुत आवश्यक है। अन्यथा यह शरीर में विकृति उत्पन्न कर देती हैं। उन्होंने बताया कि सदर अस्पताल में निःशुल्क कोई भी पीने के पानी और पेशाब में फ्लोरोसिस बीमारी की जांच करवा सकते हैं। फ्लोरोसिस बीमारी पीने के पानी में अधिक मात्रा में पाये जाने वाले फ्लोराइड तत्व के कारण होती है। साथ ही साथ सेंधा नमक, काला नमक, लाल चाय के सेवन से भी फ्लोरोसिस की बीमारी की संभावना बढ़ जाती है। उन्होंने सभी को अपने आहार में हरी व पत्तेदार सब्जियां, खटटे फल संतरा, निंबू, आवला व दूध से बने पदार्थ खाने की सलाह दी। जिससे शरीर में फ्लोराइड इकटठा नही होने पाये। शिविर को सफल बनाने सीएचओ व स्वास्थ्यकर्मियों का विशेष योगदान रहा।

## पोटंगा में 7 जून को मंडा पूजा का आयोजन

**उरीमारी (आजाद सिपाही)।** उरीमारी कोयलांचल क्षेत्र के पोटंगा में अगामी 7 जून को मंडा पूजा सह भव्य मेला का आयोजन किया जायेगा। मंडा पूजा की तैयारी को लेकर पारगढा पोटंगा के न्यू शिव मंदिर प्रांगण में बुधवार को ग्रामीणों की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता जीतन मुंडा और संचालन कामेश्वर मुंडा ने किया। इस दौरान पुराने शिव मंदिर को शिफ्टिंग करने की बात हुई। कार्यक्रम को लेकर रुप - रेखा तैयार की गई। जिसमें 28 मई को मंदिर शिफ्टिंग, क्लश यात्रा और नगर भ्रमण, 29 मई को पूजा पाठ और जागरण प्रवचन, 30 मई को हवन और भंडारा, 31 मई को मंडा जगना, 7 जून को मंडा पूजा और मेला का भव्य आयोजन के रात्रि में सांस्कृतिक कार्यक्रम छौ नृत्य किया जायेगा। बैठक में जीतन मुंडा, कामेश्वर मुंडा,अकल मुंडा, गणेश गंझू, राजेंद्र गंझू, मुकेंदर मुंडा, मनोज मुंडा, राजू गंझू, हन्दू मुंडा, संतोष प्रजापति, गिरधारी प्रजापति, जयेंद्र मुंडा, मोहन सोरेन, विंदेश्वर मुंडा, कलेश्वर मुंडा, त्रिलोक सोरेन, जगरनाथ मुंडा, नेमिया देवी, विनिता देवी, संजना देवी, रीता देवी, अनिता देवी, प्रिया देवी आदि महिला पुरुष मौजूद थे।

# सीबीआइ ने सिरका सेफ्टी ऑफिसर को 10 हजार घूस लेते रंगे हाथ पकड़ा

- पूछताछ के लिए ओवरमैन सह एजेकेएसएस क्षेत्रीय सचिव सत्येंद्र को भी साथ ले गयी
- जांच एजेंसी ने बताया पूछताछ में सही साबित होने पर ओवरमैन पर भी होगी कार्रवाई
- कोलयरी सिरका में अधिकारियों, कर्मचारियों में मचा हड़कंप



आजाद सिपाही संवाददाता

**गिद्दी।** सीसीएल अरगड्डा क्षेत्र के सिरका परियोजना कार्यालय में बुधवार दोपहर तकरीबन 12 बजे सीबीआई के करीब 14 सदस्य टीम ने भ्रष्टाचार मामले को लेकर छापेमारी किया। जिससे सिरका कार्यालय परिसर में अफरा तफरी मच गयी। छापेमारी का नेतृत्व सीबीआई इंस्पेक्टर तपेश पचोरी ने किया। छापेमारी ढ़ेड़ घंटो तक चला। जांच एजेंसी के हवाले से बताया गया कि घूसखोरी मामले में सिरका कोलयरी के सेफ्टी ऑफिसर राजेंद्र प्रसाद को 10 हजार रुपये घूस लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया गया है। इसके अलावे सिरका कोलयरी ओवरमैन सह एजेकेएसएस के अरगड्डा क्षेत्रीय सचिव सत्येंद्र महतो को भी पूछताछ के लिए अरगड्डा जीएम ऑफिस साथ ले गयी है। सीबीआइ ने बताया कि यदि इस भ्रष्टाचार जांच में यदि ओवरमैन की संलिप्तता सामने आयेगी, तो कार्रवाई होगी। जांच में सही पाये जाने पर ओवरमैन को भी गिरफ्तार सेफ्टी ऑफिसर के साथ दोनों को होटवार रांची जेल ले जाया जायेगा। बताया जाता है कि सिरका कोलयरी में कार्यरत मैकेनिकल फिटर हेल्फर जगदीश तांती से चार्चसीट इंक्वारी सेटअप करने के मामले को लेकर सेफ्टी ऑफिसर राजेंद्र प्रसाद ने 10 हजार रिश्वत की मांग की थी। सीबीआई की धमक से अधिकारियों और कर्मचारियों में हड़कंप व्याप्त रहा। बतलादे कि इससे पूर्व सितंबर 2023 में भी सीबीआई ने 30 हजार के घूसखोरी कांड में संदीप नामक क्लर्क को गिरफ्तार किया था।

## सड़क दुर्घटना में महिला की मौत

**पतरातू (आजाद सिपाही)।** पतरातू थाना अंतर्गत खैरा मांझी के समीप हुए सड़क दुर्घटना में एक महिला की मौत हो गयी। बताया गया कि खलारी होर बस्ती निवासी मोहरी देवी (50) अपने बेटा अखिलेश यादव के साथ मोटरसाइकिल से रामगढ़ जिला के छोटकाकाना जा रही थी। इसी दौरान खैरा मांझी के पास अज्ञात वाहन के चकमा देने से असंतुलित होकर बाइक से गिरकर घायल हो गयी। फौरन उसे पतरातू सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। जहां पर चिकित्सक डॉ मिथिलेश प्रसाद ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर पतरातू थाना प्रभारी शिवलाल कुमार गुप्ता मौके पर पहुंचे और शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए शव थाना ले गये।

**दक्षिण पूर्व रेलवे - निविदा**

एकल निविदा सूचना संख्या: आरएस-टीपीकेआर - सीएएमसी - एमईएमयू - 261811, दिनांक: 13.05.2025। भारत के राष्ट्रपति के लिए तथा उनकी ओर से वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (टीआरएस)/ ईएमयू कारशेड, टिकियापाड़ा, दक्षिण पूर्व रेलवे निम्नलिखित कार्य के लिए मद के सामने उल्लिखित तारीख को **अपराह्न 3.00 बजे** तक ई-निविदाएं आमंत्रित करते हैं तथा निविदा **अपराह्न 3.30 बजे** खोली जाएगी। **कार्य का विवरण:** 05 वर्षों की अवधि के लिए अल्स्टॉम ट्रांसपोर्टेशन लिमिटेड, बेंगलुरु द्वारा एमईएमयू की 3 फेज प्रोपल्शन सिस्टम का व्यापक वार्षिक रखरखाव ठेका (सीएएमसी)। **निविदा मूल्य:** ₹ 14,66,27,923। **जमा बयाना राशि:** ₹ 8,83,100। **निविदा दस्तावेज की कीमत:** ₹ 10,000। **खुलने की तारीख:** 07.06.2025। **पूरा करने की अवधि:** 60 महीना। **जमा करने की तारीख:** 07.06.2025 को अपराह्न 3.00 बजे तक। निविदा के सम्पूर्ण विवरण, ब्योरा, स्पेसिफिकेशन, निविदा की संशोधनी के लिए इच्छुक निविदादाता वेबसाइट **www.ireps.gov.in** देख सकते हैं और अपनी बोलियां ऑनलाइन जमा कर सकते हैं। इस कार्य के लिए किसी भी परिस्थिति में मैनुअल निविदा स्वीकार नहीं की जाएगी। (PR-153)

# ओपी जिंदल स्कूल पतरातू के विद्यार्थियों का 10वीं और 12वीं बोर्ड की परीक्षा में शानदार प्रदर्शन

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुरकुंडा।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) द्वारा सत्र 2024-25 की 10वीं व 12वीं बोर्ड की परीक्षा के परिणाम मंगलवार को जारी कर दिये गये हैं। 10वीं और 12वीं बोर्ड की परीक्षा में ओपी जिंदल स्कूल पतरातू के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए शत-प्रतिशत सफलता प्राप्त की है। बारहवीं कक्षा में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं में आरती कुमारी व श्रेया कुमारी 87.4 प्रतिशत, परी साहू 87 प्रतिशत, आदित्य नारायण शर्मा 86.8 प्रतिशत, आयुषी प्रसाद 86.6 प्रतिशत, निशांत कुमार यादव 84.2 प्रतिशत, सोनू कुमारी 83.8 प्रतिशत, आदरीति जे. नायर व रक्षा कुमारी 82.6 प्रतिशत, रिषिका अग्रवाल 82.4, ईशा कुमारी 81 प्रतिशत, रुद्र राज व सदिया सदाफ 79.4 प्रतिशत, कशिश कुमारी 76.8 प्रतिशत, तथा स्नेहल सिंह व भारती कुमारी छिहत्तर प्रतिशत अंक के साथ विद्यालय के टॉप सूची में शामिल हैं। वहीं 10वीं बोर्ड की परीक्षा में अमित कुमार यादव 94 प्रतिशत, भूमि 93.2 प्रतिशत, हर्षित गुप्ता 92.6 प्रतिशत, अनिक कुमार वर्मा 91.4 प्रतिशत, शांभवी 90 प्रतिशत, निखिल कुमार 89.6 प्रतिशत, स्वरित प्रसाद 88.8 प्रतिशत, मनीष कुमार 87.4 प्रतिशत, मेहुल गौतम 87 प्रतिशत, वंश वर्णवाल 86.4 प्रतिशत, आरुषि रंजन 85.8 प्रतिशत, सांगरिका शरण 85.6 प्रतिशत, शुभ कुमार यादव व रेहान नेजाम अंसारी 84.8 प्रतिशत, कुमारी आर्या 84.4 प्रतिशत, प्रांजल चौधरी 83.6 प्रतिशत, रौनक अग्रवाल 83.4 प्रतिशत, खुशी कुमारी 83.2 प्रतिशत, निशी कुमारी 82.8 प्रतिशत, सृष्टि साक्षी 82.6 प्रतिशत, प्रीतम कुमार 82.2 प्रतिशत, ऋतिक कुमार अग्रवाल 82 प्रतिशत, सागर कुमार मेहता 81.8 प्रतिशत, आकृति कुमारी 81.6 प्रतिशत, समीक्षा मुंडा 81.4 प्रतिशत, अक्षिता अद्विका 81.2 प्रतिशत और माही कुमारी 80 प्रतिशत अंक लाकर विद्यालय के टॉप सूची में शामिल होने का गौरव प्राप्त किया है। विद्यार्थियों के इस उपलब्धि पर विद्यालय प्रबंधन समिति के चेयरमैन व जेएसपी पतरातू के प्लांट हेड कृष्ण बल्लभ सिंह, विद्यालय के प्राचार्य गुरुदत्त पांडेय और समस्त शिक्षकों ने छात्रों को बधाई दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। उन्होंने इस सफलता का श्रेय विद्यालय परिवार, शिक्षकों के अथक प्रयासों और छात्रों की मेहनत को दिया।

## सड़क दुर्घटना में युवक की मौत

**हंटरगंज/चतरा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र के वशिष्ठनगर थाना क्षेत्र के जोरी - प्रतापपुर मुख्य पथ निंजरा गांव के समीप अज्ञात वाहन के चकमा देने से पल्सर बाइक अनियंत्रित होकर एक ताड़ के पेड़ से जा टकरायी। जिससे बाइक सवार युवक की घटनास्थल पर मौत हो गयी। स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना वशिष्ठनगर थाना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने युवक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए चतरा सदर अस्पताल भेज दिया है। मृतक की पहचान थाना क्षेत्र के टंकू गांव के राजाहर टोला निवासी बोधी यादव का 35 वर्षीय पुत्र विजय यादव के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार विजय बोलेरो चलाक था। वह अपने घर से ड्यूटी करने बाइक पर सवार होकर जोरी जा रहा था। इस दौरान अज्ञात वाहन ने चकमा दिया, जिससे बाइक अनियंत्रित होकर ताड़ के पेड़ से टकरा गयी। जिससे युवक ने घटनास्थल पर ही दम तोड दिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक युवक का पंचनामा भर शव को पोस्टमार्टम के लिए चतरा भेज दिया है और बाइक को पुलिस थाने ले आई है। तीन बच्चों के सिर से उठा पिता का साया मृतक विजय के घर में उनकी पत्नी और तीन बच्चे हैं। सभी बच्चे अभी पढ़ाई कर रहे हैं। इस घटना के बाद से पूरे परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है और पत्नी की तबीयत लगातार खराब होती जा रही है.तीन छोटे बच्चों के सिर से पिता का साया उठ गया इस घटना से पूरे गांव में मातम पसरा हुआ है।

## बाल विद्या मंदिर के विद्यार्थियों ने 10वीं बोर्ड परीक्षा में किया उत्कृष्ट प्रदर्शन



**कुजू (आजाद सिपाही)।** बाल विद्या मंदिर, आरा कोलियरी के विद्यार्थियों ने सीबीएसई 10वीं की बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। जिसमें अहसान एकराम ने 87. 2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय का टॉपर बना। जबकि सकलेन अंसारी ने 83 .2 प्रतिशत अंक हासिल कर द्वितीय और कनिका कुमारी ने 81.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में तृतीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया है। विद्यालय प्रबंधन के अनुसार कुल 22 विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी में सफल होकर विद्यालय का नाम रोशन किया है। मौके पर प्राचार्य रणजीत सिंह, अध्यक्ष रति महतो, सचिव नेमधारी महतो, कोषाध्यक्ष महादेव मांझी समेत शिक्षक शिक्षिकाओं ने विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए शुभकामनाएं दी है।

## जिला सलाहकार समिति की बैठक में एक अल्ट्रासाउंड सेंटर को मिली स्वीकृति



**चतरा (आजाद सिपाही)।** उपायुक्त रमेश घोलप की अध्यक्षता में पीसीपीएनडीटी एक्ट के तहत समुचित क्रियान्वयन हेतु जिला सलाहाकार समिति की बैठक हुई। बैठक में कुल नए अल्ट्रासाउंड के चार आवेदनों को रखा गया। जिसमें महाकाल (संजीवनी) अल्ट्रासाउंड चतरा, तिरुपति इमेजिंग सेंटर पुलिस लाइन सिमरिया रोड चतरा, साईं अल्ट्रासाउंड बाईपास नगवां चतरा और एस आर अल्ट्रासाउंड न्यू बस स्टैंड चतरा का नाम शामिल है। जबकि नवीकरण के लिए श्री नारायणी अल्ट्रासाउंड क्लीनिक गौरक्षिणी रोड चतरा को रखा गया। सभी आवेदनों के दस्तावेजों की जांचों उपरांत तिरुपति इमेजिंग सेंटर पुलिस लाइन सिमरिया रोड चतरा को सर्वसम्मति से स्वीकृति दिया गया। वहीं शेष आवेदनों के त्रुटि निराकरण करते हुए अगले बैठक में रखने का निर्देश दिया गये। कार्य के प्रति लापरवाही बरतने के मामले में सदर अस्पताल के लिपिक नुनु लाल से शो कॉज करते हुवे वेतन निकासी पर रोक लगाने का निर्देश सिविल सर्जन चतरा को दिया गया। जिले में सेक्स रेसियो प्रतिशत गिरने के कारण की जानकारी लेते हुए उन्होंने जांच और आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया। इसके अलावे अल्ट्रासाउंड केंद्र जांच हेतु प्रखंड स्तर पर टास्क फोर्स के गठन पर विचार विमर्श किया गया और कई आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। बैठक में सिविल सर्जन डॉ दिनेश कुमार, जिला आर सी एच पदाधिकारी डॉ ललित रंजन पाठक, स्त्री रोग विशेषज्ञ सदर अस्पताल चतरा डॉ प्रणति रीता बाखला, पैथोलॉजीस्ट डॉ प्राची हांसदा, एस एन सी यू प्रभारी डॉ आशीष कुमार, सचिव भारतीय रोड क्रॉस सोसाइटी सचिव धर्मेंद्र पाठक, सरकारी अधिवक्ता सहित अन्य उपस्थित थे।

## पॉक्सो एक्ट के आरोपी को पुलिस ने भेजा जेल



**हंटरगंज/चतरा (आजाद सिपाही)।** पुलिस ने पॉक्सो एक्ट के तहत दर्ज एक मामले में आरोपी को गिरफ्तार कर बुधवार को जेल भेज दिया है। ज्ञात हो कि थाना क्षेत्र के एक महिला के द्वारा दो दिन पूर्व यौन उत्पीडन को लेकर हंटरगंज थाना में आवेदन दिया गया था। मामले की जानकारी महिला ने थाना प्रभारी प्रभात कुमार को दी थी। इसके बाद पुलिस ने मामला को गंभीरता से लेते हुए पोस्को एक्ट कांड संख्या 86/25 दर्ज कर बारह घंटे के अंदर थाना क्षेत्र के औरु गांव निवासी शिवनंदन दास के 26 वर्षीय पुत्र आरोपी युवक सरवन दास को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

## डीसी ने की जिला प्रोन्नति समिति की बैठक

**रामगढ़(आजाद सिपाही)।** डीसी चंदन कुमार की अध्यक्षता में बुधवार को जिला समाहरणालय में जिला स्तरीय प्रोन्नति समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान स्थापना उपसमाहर्ता रीना कुजूर के द्वारा डीसी सहित बैठक में शामिल समिति के अन्य सदस्यों को जिला प्रोन्नति समिति के समक्ष आए सात मामलों की विस्तार पूर्वक जानकारी दी। इस दौरान उनके द्वारा प्रधान लिपिक से कार्यालय अधीक्षक की प्रोन्नति से संबंधित एक मामला, उच्च वर्गीय लिपिक से प्रधान लिपिक की प्रोन्नति से संबंधित तीन मामले और निम्न वर्गीय लिपिक से उच्च वर्गीय लिपिक की प्रोन्नति से संबंधित तीन मामले की विस्तार से जानकारी दी गयी। बैठक के दौरान डीसी ने सभी मामलों पर समिति के सदस्यों के साथ चर्चा करते हुए कर्मियों की प्रोन्नति के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिये।

### श्री गुरु नानक पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने 10वीं बोर्ड परीक्षा में लहराया परचम

# यह परिणाम विद्यालय की मेहनत, अनुशासन और सतत् गुणवत्ता की भावना को दर्शाता है: हरजाप

आजाद सिपाही संवाददाता

**रामगढ़।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) द्वारा 10वीं कक्षा का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। जिसमें श्री गुरु नानक पब्लिक स्कूल रामगढ़ के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम रौशन किया है। इस वर्ष विद्यालय से कुल 234 परीक्षार्थी शामिल हुए, जिसमें 176 विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी, डिस्टिंक्शन 88 और 80 से ऊपर 55 छात्रों ने बाजी मारी। इन्होंने मेहनत, अनुशासन और समर्पण के बल पर शानदार सफलता अर्जित की।

**कुल 88 विद्यार्थियों ने डिस्टिंक्शन अंक प्राप्त किया :** इस वर्ष कुल 88 विद्यार्थियों ने डिस्टिंक्शन अंक प्राप्त किए, और 176 विद्यार्थी फर्स्ट डिवीजन से उत्तीर्ण हुए, जो विद्यालय की उत्कृष्ट शिक्षण व्यवस्था, शिक्षकों की मेहनत और विद्यार्थियों की लगन का प्रत्यक्ष प्रमाण है। मनजोत कौर और कशिश नंदिनी ने संस्कृत विषय में 100 अंक अर्जित किया। विद्यालय के प्राचार्य ने इस शानदार उपलब्धि पर सभी विद्यार्थियों, शिक्षकों और अभिभावकों को बधाई देते हुए कहा कि यह परिणाम विद्यालय की मेहनत, अनुशासन और सतत गुणवत्ता की भावना को दर्शाता है। उन्होंने विद्यार्थियों के उज्वल भविष्य की मंगलकामना भी की। इस अवसर पर गुरुद्वारा प्रबंधन समिति के प्रमुख सरदार परमदिप सिंह कालरा, स्कूल प्रबंधन समिति के सदस्य सरदार मनमोहन सिंह लाम्बा, सरदार हरपाल सिंह अरोड़ा, सरदार सुरेंद्र पाल सिंह चंडोक, सरदार कुलजीत सिंह कालरा, सरदार वरींदर सिंह चंडोक, सरदार गुरप्रीत सिंह जौली, सरदार नरेंद्र पाल सिंह गुजराल, सरदार पुश्वींदर पाल सिंह, सरदार कुलजीत सिंह छाबड़ा, सरदार गुरदीप सिंह सैनी, सरदार सतींदर सिंह होरा, सरदार विक्रमजीत सिंह कोहली, सरदार गुरप्रीत सिंह चाना, सरदार रमन बेदी ने इस सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त किया।

**इन छात्रों ने मारी बाजी**

विद्यालय के परीक्षार्थियों में कुशाग्र सिंह ने 95.2%, परी शाह 94.4,%, मन्जोत कौर 93.2%, ओम मुखर्जी 93%, जाह्नवी 92.8 %, दीपशिखा सोनी 92.4%, आद्या कुमारी 91.8%, विजेता गुप्ता 91.4% , कशिश नंदिनी 91.4%, लकी कुमार पासवान 91.2%, आरूष कुमार 90.4 %, रागिनी कुमारी 90.2% ,प्रगति राज 89.4% भव्या राज गोयल 89.2%, प्रियांशु कुमार 89.2%, कुमारीअदिति तनीषा 88.4% , सामिया जावेद 88%, अभिज्ञान सिंहा 87.8% ,तेजस राज 87.8%, निकिता सोरेन 87.6%, पूजा राज 87.6%, अविचल वर्मा 87.2%, रेहान हुसैन अंसारी 87.2% पुलकित सिंहा 87.2%, दीक्षा साहू 87% रिया सिंह 87% अंकित बरनवाल 87% ,नमन पांडे 86.4% आरव कुमार 86.8%, धीरज उपाध्याय 86.2% , आदित्यम वशिष्ठ 86.2%, आफिया इमाम 85.8%, दानिश खान 85.8%, नौरीन बारी 85.6%, स्वीटी कुमारी 85.4%, राजराजेश्वरी दास 85% मोजम्मिल हसन 85%, सृष्टि प्रसाद 84.8%, आयुष पोद्दार 84.8%, आदित्य विजय 84.4%, वरुण गोयल 84%, आर्यन राज 84%, समृद्धि सिंह 82.2% नंदनी कुमारी साहू 81.8%, शौर्य कुमार 81.8%, करण कुमार महतो 81.4%, याशिरा फिरदौस खान 81%, अक्षत आर्यन और प्रिया कुमारी 80.8%, प्रकाश कुंज और शिवम प्रसाद 80.6%, शशांक मिश्रा और विद्या कुमारी 80.4%, आयुषिका सिंह और रोहन प्रताप 80%, चिराग नाथ 79.8%, रहनुमा खानम और वर्षा बनर्जी 79.6%, नव वर्मा और रूद्र कौशिक 79.4%, शुभ मित्तल 79.2%, दीक्षा साहनी 78.6%, लक्की कुमार 78.4%, राम्या सिंह 78%, शिवम राज 77.8%, खुशी रानी 77.6%,अमलेश कुमार 77.4%, आदर्श कुमार 77.2%, माही अरोड़ा 77%, अमित कौशिक 76.6%, वैष्णवी 76.6% शगुन रानी 76.4% स्नेहा कुमारी 76.4% जन्नत परवीन 76.2% काव्या झा 76.2%, अनंत शाश्वत 76.2% वैभव लक्ष्मी 76% प्रशंशा कुमारी 76% प्रेम मुखर्जी 75.8%, प्रिंस कुमार, शहजादा अल्तमश, पलक बर्णवाल 75.6%, परी रानी, अंकित कुमार रॉय 75.4% अमन कुमार, रंजन कुमार 75.2% शाकिब अहमद, आदर्श कुमार 75% लाकर उत्तीर्ण हुए हैं।

**पूर्व तट रेलवे**

निविदा सं. 10-KUR-TRD-OT-2025-26

**कार्य का नाम :** तीन वर्षों के लिए पारादीप (PRDP) में मेसर्स PPT के पारादीप पोर्ट यार्ड के अंदर बॉट डाउन लाइन, इंजन एस्केप लाइन, प्लॉट-14 और प्लॉट-15 के लिए आइसोलेटर ऑपरेशन का प्रबंधन।

**विज्ञापित मूल्य (₹):** 66,66,244.64, EMD (₹) : 1,33,300.00, निविदा दस्तावेज की लागत (₹): 5,900/-, पूरा होने की अवधि : 1096 दिन।

बिड प्रारंभ होने की तिथि : दिनांक 16.05.2025, निविदा बंद होने की अंतिम तिथि व समय : दिनांक- 30.05.2025 को 1300 बजे.

इस निविदा के लिए मैनुअल प्रस्ताव की अनुमति नहीं है। इस तरह प्राप्त मैनुअल प्रस्ताव पर ध्यान नहीं दिया जायेगा। निविदा दस्तावेज सहित संपूर्ण विस्तृत विवरण वेबसाइट http://www.ireps.gov.in में उपलब्ध होंगे।

वरिष्ठ मण्डल विद्युत अभियन्ता (TRD), खोरधा रोड
PR-122/Q/25-26

**AFFIDAVIT**

As per Affidavit Ref. No. 222 date 14.05.2025, I, NITIN KUMAR, S/o- DINESHWAR MAHTO, aged about-24 years, by faith-Hindu, by Nationality Indian, Resident of Vill- Kuju Murpa, Kuju East, P.O-Kuju, P.S-Mandu, Dist- Ramgarh (Jharkhand), do hereby solemnly affirm and declare as follows:- 1. That my father's actual & correct name is DINESHWAR MAHTO which is mentioned in my Aadhaar card bearing No.-2263 9143 4208, PAN card bearing No.-KRZPK7148K & other documents. 2. That my father's name has been mentioned as DINESH MAHTO in my Matriculation Certificates issued from Central Board of Secondary Education having my Roll No.-7248628 & Registration No.-P117/52085/0192.
3. That DINESHWAR MAHTO & DINESH MAHTO are the both names of same and single person who is my father.
4. That this affidavit is required for knowledge of CBSE Board authority concern for needful.
5. That the above statements are true and correct.

# फिर जगी शांति की आस

रूस और यूक्रेन पिछले तीन साल में युद्ध खत्म करने को लेकर बातचीत के इतने करीब कभी नहीं पहुंचे। यूरोप और एशिया को जोड़ने वाले तुर्किये के इस्तांबुल में गुरुवार को जब दोनों देश आमने-सामने होंगे, तो उम्मीद की जानी चाहिए कि इस लड़ाई को रुकवाने के लिए कोई हल निकल आयेगा। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भी इस दौरान तुर्किये में मौजूद रहने के संकेत दिये हैं, जो सकारात्मक कहा जा सकता है।

**मॉस्को का प्रस्ताव:** इस बार उम्मीद ज्यादा इसलिए है, क्योंकि मुलाकात का प्रस्ताव रूस की तरफ से आया है। यूक्रेन और उसके यूरोपीय सहयोगियों ने रूस के सामने 30 दिनों के संघर्ष विराम का प्रस्ताव रखा था। मॉस्को ने इसे तो अस्वीकार कर दिया, लेकिन कहा कि वह सीधी बातचीत के लिए तैयार है।

**आमने-सामने दोनों पक्ष:** अभी तक रूस और यूक्रेन के बीच किसी न किसी मध्यस्थ की मौजूदगी जरूर रही है। पहली बार यह मुलाकात सही अर्थों में द्विपक्षीय होगी। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन इसमें खुद मौजूद रहते हैं या उनका कोई प्रतिनिधि जाता है, इस बारे में मॉस्को ने अभी कोई आधिकारिक जानकारी नहीं दी है, पर उसका वार्ता की मेज तक पहुंचना ही बड़ा डेवलपमेंट है।

**रूस और यूक्रेन के बीच पिछले तीन सालों में युद्ध खत्म करने को लेकर बातचीत अपने चरम पर है, क्योंकि दोनों देश इस्तांबुल में आमने-सामने बैठ कर समाधान निकालने की कोशिश करेंगे।**

**ट्रंप का रोल:** रूस और यूक्रेन अगर इस स्थिति तक पहुंचे हैं, तो इसमें ट्रंप की भूमिका से इनकार नहीं कर सकते। दूसरी बार राष्ट्रपति पद संभालने के पहले से ही उन्होंने युद्ध रुकवाने की बात कहनी शुरू कर दी थी। यूक्रेन को लेकर ट्रंप और उनके डिप्टी जेडी वेंस के रवैये की आलोचनाओं के बावजूद यह मानना होगा कि अमेरिका ने हिचक तोड़कर रूस से सीधी बात की। उसने सभी पक्षों पर लड़ाई रोकने का दबाव बनाया है।

**यूरोप का पक्ष:** यूरोप चाहता था कि सीजफायर स्वीकार न करने की स्थिति में रूस पर नये प्रतिबंध लगाये जायें और अमेरिका इसमें साथ दे। जब यूक्रेन से ट्रंप नाराज हो गये थे, तब भी यूरोप उसके साथ खड़ा रहा। ऐसे में बातचीत भले आमने-सामने की हो, लेकिन इसमें यूरोप का पहलू जरूर शामिल होगा।

**समझौते की आस:** उम्मीदें बहुत हैं, लेकिन कोई सकारात्मक परिणाम तभी मिलेगा, जब रूस-यूक्रेन समझौते को लेकर प्रतिबद्धता दिखायें। फरवरी 2022 में युद्ध शुरू होने के चार दिन बाद ही शांति को लेकर कोशिशें की गयी थीं। बाद में इस्तांबुल में ही एक मीटिंग भी हुई थी, लेकिन कई मुद्दों पर बात नहीं बन पायी। दोनों देश अपनी जगह अड़े रहे। तीन साल बाद स्थितियां काफी बदल चुकी हैं और दुनिया आशा कर रही है कि दोनों पक्ष शांति की राह पर आगे बढ़ेंगे।

अभिमत
आजाद सिपाही

**हिंदुस्तान की सशक्त महिलाएं विंग कमांडर व्योमिका सिंह और कर्नल सोफिया कुरैशी ने ऑपरेशन सिंदूर को सफल बनाकर नारीशक्ति की मिसाल को कायम किया है। इनके जज्बे को मेरा सलाम है। आज कुंठित देश आतंकवाद का सहारा लेता है या गलत नीतियों और सिद्धातों का सहारा लेता है। इसलिए जो देश कभी एक हुआ करते थे, वो आज एक-दूसरे के दुश्मन बने हुए हैं। आतंकवाद एक विशेष धर्म में ही क्यों पनपा? ये बड़ा प्रश्न है।**

# नास्तिकता का प्रतीक है आतंकवाद

**डॉ शंकर सिंह**



**भारत** ने ऑपरेशन सिंदूर के तहत आतंक के गढ़ में आतंक को मार गिराया है। ऑपरेशन सिंदूर से कई आतकवादियों का सफाया हुआ है। पाक ने हिंदुस्तानियों का सुहाग बिगाड़ा, तो भारत ने आतंक का संसार ही उखाड़ दिया है। पाकिस्तान, हिंदुस्तानियों से भविष्य में भय खायेगा और कोई भी घटना को अंजाम देने से पहले अपनी मौत को दावत देगा। पकिस्तान आतंकिस्तान है। पकिस्तान की सेना और आतंकवादी दोनों एक-दूसरे के पूरक हैं। ये दोनों इस युद्ध में बराबर की सहभागिता निभा रहे थे। पाकिस्तान समर्थित आतंकवादी वहां की सेना का ही एक हिस्सा है, जिसे आइएसआइ आदि संगठन के नाम से जाना जाता है। पाकिस्तान का नाम आतंकिस्तान होना चाहिए। अब समय आ गया है कि पूरे पकिस्तान को ध्वस्त कर विश्व में अमन और चैन स्थापित किया जाये।

ऑपरेशन सिंदूर में कई आतंकवादी संगठन जैसे जैश, लश्कर आदि के आतंकवादियों को मार गिराया गया है। इन सभी मारे गये आतंकवादियों को पकिस्तान की सेना ने गॉर्ड ऑफ ऑनर दिया। इससे विश्व में संदेश जाता है कि पाकिस्तान की पूरी सेना ही आतंकवादी की भूमिका में है। विश्व में स्थायी भविष्य की शांति के लिए पाकिस्तान को नेस्तानाबूद ही करना पड़ेगा। ऑपरेशन सिंदूर कश्मीर के पहलगाम में आतंकवादियों द्वारा 22 अप्रैल 2025 को मारे गये 26 भारतीयों का बदला है। हिंदुस्तान ने ऑपरेशन सिंदूर से विश्व को आतंक के खिलाफ चेतावनी दे दी है। ऑपरेशन सिंदूर के द्वारा पाकिस्तान की लगभग सभी एयरबेस ध्वस्त हो चुके हैं। हिंदुस्तान आतंक की कमर तोड़ रहा है न कि नागरिकों की। भारत ने पाकिस्तान और पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर में नौ आतंकी ठिकानों को तबाह कर दिया। आतंकवाद के खिलाफ ऑपरेशन सिंदूर ने पाकिस्तान के होश उड़ा दिये हैं। अब कंगाली की दहलीज पर पहुंच चुके पाकिस्तान को अपने रक्षा बजट को 18 फीसदी तक बढ़ाना पड़ा है। पहले से महंगाई की मार झेल रहे पाकिस्तान को भविष्य में बर्बादी का मंजर देखना पड़ेगा। विशेषज्ञों के मुताबिक कोई बड़ी बात नहीं कि हम जल्द ही पाकिस्तान को टूटते हुए भी देखें। आतंक के आकाओं को समझ लेना चाहिए कि अब उनका स्थान पृथ्वी पर न होकर जहन्नुम है, जहां उनको उनके अनुसार हूर की परियां मिलेंगी।

**ऑपरेशन सिंदूर में कई आतंकवादी संगठन जैसे जैश, लश्कर आदि के आतंकवादियों को मार गिराया गया है।**

हिंदुस्तान की सशक्त महिलाएं विंग कमांडर व्योमिका सिंह और कर्नल सोफिया कुरैशी ने ऑपरेशन सिंदूर को सफल बनाकर नारीशक्ति की मिसाल को कायम किया है। इनके जज्बे को मेरा सलाम है। आज कुंठित देश आतंकवाद का सहारा लेता है या गलत नीतियों और सिद्धातों का सहारा लेता है। इसलिए जो देश कभी एक हुआ करते थे, वो आज एक-दूसरे के दुश्मन बने हुए हैं। आतंकवाद एक विशेष धर्म में ही क्यों पनपा? ये बड़ा प्रश्न है। लोग कहते हैं कि आतंकवाद का कोई धर्म नहीं होता, पर मेरा मानना है कि आतंकवाद है और आतंक के आकाओं का धर्म मुस्लिम है। इन्हें मुस्लिम आतंकी कहने में कोई हर्ज नहीं है। ये सारे आतंकी पाकिस्तान जैसे मुस्लिम देश में ही क्यों पल रहे हैं? ये आतंकी नमाज भी पढ़ते हैं, मस्जिद भी जाते हैं और मुस्लिम देश में शरण भी लेते हैं, तो ये मुस्लिम ही तो हुए। इन आतंक के आकाओं की कमर तोड़ दी जायेगी और भविष्य में ये अपनी जड़ को कमजोर होते देखेंगे। विश्व के सभी मुस्लिम समुदाय के लोगों को आतंकियों को सबक सिखाना पड़ेगा, वरना ये आतंकी मुस्लिम, पूरे मुस्लिम समुदाय को बर्बाद कर देंगे। ये आतंकी मुस्लिम समुदाय के लिए दीमक का काम कर रहे हैं। यह कहने में अतिश्योक्ति नहीं होगी कि आतंकवाद को बढ़ावा देने वाला मुस्लिम देश पाकिस्तान खुद एक दिन अपनी बर्बादी की कहानी लिखेगा।

वहीं दूसरी तरफ देखा जाये, तो एक अपना हिंदुस्तान का मुसलमान है, जो राष्ट्र प्रथम और राष्ट्र सर्वोपरि की अभिधारणा पर चलता है। ये भारत के मुस्लिम क्या मुस्लिम नहीं हैं, जिनमें प्रेम और सद्भाव कूट-कूट के भरा है। कहने का तात्पर्य यह है कि कोई देश चाहे तो वो अपने नागरिकों को आतंकवादी बना दे या अपने नागरिकों को देवतुल्य बना दे। सारा खेल नागरिकता और वहां की संस्कृति का है। जिस देश की संस्कृति और सभ्यता जैसी होती है, वैसे ही वहां का नागरिक भी बन जाता है। कहने का तात्पर्य धर्म से बढ़कर पहले राष्ट्र है। स्वतः के साथ प्रतिस्पर्धा स्व को निर्मित करती है, साथ ही साथ समाज और राष्ट्र को मजबूत करती है। व्यक्ति,समाज और राष्ट्र सभी की प्रतिस्पर्धा स्वयं से होनी चाहिए। प्रकृति, दूसरों से प्रतिस्पर्धा की अनुमति नहीं देती है। प्रकृति हमेशा स्व से जुड़ने की ओर प्रेरित करती है। स्व से जुड़ना ही असली प्रतिस्पर्धा है। एक सफल राष्ट्र की प्रतिस्पर्धा स्वतः से होती है। जैसे बेरोजगारी, महंगाई, खाद्यान्न, मेडिकल, शिक्षा आदि को लेकर प्रतिस्पर्धा। कहने का तात्पर्य एक सफल राष्ट्र की प्रतिस्पर्धा स्वयं के दृष्टिकोण से होती है जो भारत में है। युद्ध आतंक के सफाये के लिए जरूरी है। आतंक का सफाया विश्व में शांति ले कर आयेगा। शांति, विकास का कारण बनती है।

आतंक के खिलाफ युद्ध वैश्विक शांति का कारक है। कहने का तात्पर्य यह है कि पड़ोसी देश पाकिस्तान से जब आतंक का सफाया होगा, तभी शांति कायम होगी। और वही शांति पड़ोसी मुल्क से मित्रता का कारण बनेगी। आतंक के खिलाफ युद्ध आस्तिकता को प्रकट करती है। आतंकवाद नास्तिकता को प्रकट करती है। आस्तिकता स्वर्ग को प्रकट करती है। नास्तिकता नरक को प्रकट करती है। आस्तिकता स्वर्ग के द्वार को खोलती है। नास्तिकता नरक के द्वार को खोलता है। अतएव आतंकवाद किसी नरक से कम नहीं है। अतएव हम कह सकते हैं कि आतंकवाद नास्तिकता का प्रतीक है। पाकिस्तान आतंकवाद की आड़ में अपनी विजय पताका लहराना चाहता है। जिस किसी देश ने आतंकवाद को अपने देश में दखलंदाजी करने की शह दी, वह देश बर्बाद हो गया। भारत जैसा देश, जो आतंकवाद के खिलाफ है, वो महान है। आतंकवाद विश्व के भविष्य के लिए चेतावनी है। विश्व के सभी देशों को आतंकवाद के खिलाफ एक होकर लड़ने की जरूरत है। सभी देशों को मिलकर विश्व के स्थायी भविष्य के लिए काम करना चाहिए। भारत पाकिस्तान का यह युद्ध आतंकवाद पर कड़ा प्रहार साबित होगा। अतएव हम कह सकते हैं कि ऑपरेशन सिंदूर से आतंकवाद की कमर टूटी है और आतंकियों का सफाया हुआ है।

**(ये लेखक के अपने विचार हैं।)**


## कोल्हान की खबरें

### आदित्यपुर में चार वाहन एक साथ टकराये



**आदित्यपुर (आजाद सिपाही)।** सरायकेला को जमशेदपुर से जोड़नेवाले खरकई पुल पर बुधवार को रफ्तार का कहर देखने को मिला। जहां एकसाथ आपस में चार वाहन एक साथ टकराकर क्षतिग्रस्त हो गई हैं, वैसे गनीमत रही इसमें कोई हताहत नहीं हुआ है। घटना के बाद थोड़ी देर के लिए सड़क पर जाम की स्थिति बनी रही। हालांकि सूचना पर पहुंची ट्रैफिक पुलिस ने चारों दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को हटाकर जाम हटवाया। मिली जानकारी के अनुसार टाटा पंच वाहन सवार ने अचानक ब्रेक मारी उसके पीछे मारुति अर्टिगा ने टक्कर मार दी, अर्टिगा के पीछे आ रहे स्कॉर्पियो ने टक्कर मारी इसी दौरान बगल से गुजर रहा मारुति वैगन आर इनकी चपेट में आ गया। अब गलती किसकी है यह तो पुलिसिया जांच के बाद ही पता चल सकेगा। खबर लिखे जाने तक किसी भी वाहन चालक द्वारा पुलिस में शिकायत दर्ज नहीं करायी गयी है।

### झारखंड जन सेवा युवा मंच के पहले रक्तदान शिविर में 20 यूनिट रक्त संग्रह



**बोड़ाम (आजाद सिपाही)।** झारखंड जन सेवा युवा मंच की ओर से पहली बार बोड़ाम प्रखंड कार्यालय परिसर में एक दिवसीय रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। बुधवार को रक्तदान में बोड़ाम प्रखंड विकास पदाधिकारी कीकू महतो, समाजसेवी चित्तरंजन गोप, ईशान गोप, छुटुलाल सिंह, देवब्रत महतो, बंकेश महतो सहित कई गणमान्य लोग उपस्तित हुए। प्रखंड विकास पदाधिकारी के द्वारा दीप प्रज्जलित कर शिविर का शुभारंभ किया गया। सभी ने संस्था द्वारा पहली बार आयोजित शिविर का सराहना की।साथ ही युवाओं को ऐसे सामाजिक कार्यों में बढ़-चढ़कर भाग लेने के लिए प्रेरित किया।मौके पर स्थानीय युवाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस अवसर पर कुल 20 यूनिट रक्त संग्रहण किया गया। जो जरूरतमंद मरीजों के लिए जीवनदायिनी सिद्ध होगा।शिविर में मुख्य संरक्षक गोमिया सुंडी, अध्यक्ष जगदीश गोप,उपाध्यक्ष रतन दास,शिवनाथ सेन,शंकर उरांव,सीताराम सिंह,भबतरण गोप सहित अन्य का महत्वपूर्ण योगदान रहा। झारखंड जन सेवा युवा मंच ने सभी रक्तदाताओं एवं सहयोगियों का आभार प्रकट किया और भविष्य में भी इस प्रकार के जनहित कार्य जारी रखने की प्रतिबद्धता जतायी।

# जुगसलाई में जल संकट, कांग्रेस कमिटी ने डीसी को सौंपा आवेदन

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**जमशेदपुर।** शहर में गर्मी के मौसम आते ही जुगसलाई क्षेत्र में पानी की समस्या से आम जनता की परेशानी बढ़ने लगी है। बुधवार को जुगसलाई के शफीगंज मोहल्ला में पानी संकट को लेकर जिला कांग्रेस कमिटी के एक प्रतिनिधिमंडल जिला अध्यक्ष आनंद बिहारी दूबे के नेतृत्व में डीसी से मुलाकात की। मुलाकात के दौरान डीसी के नाम एक मांग पत्र सौप कर पाइपलाइन बिछाने की योजना में हो रही देरी पर चिंता व्यक्त की। जिला अध्यक्ष आनंद बिहारी दुबे ने बताया शफीगंज मोहल्ला के लोग बीते 14 महीनों से पेयजल संकट से जूझ रहे हैं। खासकर गर्मी के मौसम में स्थानीय निवासियों को अत्यंत कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने चिंता व्यक्त करते हुए डीसी से शीघ्र कार्रवाई के लिए आग्रह किया। डीसी ने उक्त विषय पर प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त करते हुए जानकारी दी तीन दिन पूर्व ही इस योजना को प्रशासनिक स्वीकृति प्राप्त हुई है। टेंडर प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी है। शीघ्र ही पाइपलाइन बिछाने का कार्य शुरू कर दिया जायेगा। मौके पर प्रतिनिधिमंडल में ज्योति मिश्रा, केके शुक्ला, कैसर आलम अंसारी, लाल बाबू सहित अन्य वरिष्ठ कांग्रेस नेता शामिल रहे।

### सनराइज एनक्लेव पर दूसरा जुर्माना लगाने की तैयारी कर रही नगर निगम

**आदित्यपुर (आजाद सिपाही)।** नगर निगम प्रशासन वार्ड दो स्थित सनराइज एनक्लेव पर दूसरा जुर्माना लगाने की तैयारी कर रही है। इसबार निगम द्वारा एसपीटी प्लांट नहीं बनाने के मामले में जुर्माना लगाने की तैयारी की गयी है। मालूम हो कि दो माह पूर्व उप नगर आयुक्त ने सड़क पर पानी बहाने के आरोप में 6 लाख रुपए का जुर्माना ठोका था। दो माह बीत जाने के बाद भी बिल्डर द्वारा जुर्माना नहीं भरा गया है। नगर आयुक्त रवि प्रकाश ने जानकारी दी कि सरकारी राजस्व के मामले में कोई समझौता नहीं किया जायेगा। बार-बार समझाने के बाद भी बिल्डर द्वारा मनमानी किया जा रहा है जिससे न केवल नगर निगम के बायलॉज का उल्लंघन हो रहा है बल्कि सरकारी राजस्व का भी नुकसान हो रहा है।

### भारतीय सेना के शौर्य को समर्पित तिरंगा यात्रा आज

**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** ऑपरेशन सिंदूर की ऐतिहासिक सफलता और भारतीय सेना की वीरता को समर्पित विशाल तिरंगा यात्रा गुरुवार को दोपहर 4 बजे साकची जुबिली पार्क गोलचक्कर से प्रारंभ होकर नेताजी सुभाष मैदान (आम बागान) तक निकाली जाएगी। यात्रा के मार्ग में देशभक्ति गीत, नारों और राष्ट्रीय ध्वजों से माहौल देशभक्ति से सराबोर होगा।यात्रा में किसी राजनीतिक पार्टी का झंडा या चिन्ह नहीं होगा। इसमें सामाजिक संगठनों, युवाओं, महिलाओं, शिक्षकों, व्यापारियों व पूर्व सैनिकों की सहभागिता रहेगी। पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास, पूर्व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा, सांसद विद्युत वरण महतो सहित कई गणमान्य नागरिक मौजूद रहेंगे।

# पोटका के ग्रामीण इलाकों में विकास की सौगात संजीव सरदार ने दो योजनाओं का किया शिलान्यास



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**पोटका।** पूर्वी सिंहभूम जिले के पोटका प्रखंड स्थित सुदूरवर्ती ग्वालकाटा पंचायत के शाहरजुड़ी गांव में स्थानीय विधायक संजीव सरदार ने बुधवार को दो महत्वपूर्ण विकास योजनाओं का शिलान्यास किया। पहली योजना के तहत झारखंड सरकार के अनुसूचित जाति, जनजाति, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण विभाग से धुमकुड़िया भवन का निर्माण होगा, वहीं दूसरी योजना के अंतर्गत एल-089 सड़क से पोडसा गांव तक सड़क सुदृढ़ीकरण कार्य कराया जाएगा।विधायक संजीव सरदार ने कहा गांव-गांव तक विकास पहुंचाना मेरी प्राथमिकता है। सड़कें संपर्क ही नहीं, शिक्षा, स्वास्थ्य और आर्थिक प्रगति का रास्ता भी खोलती हैं। उन्होंने बताया कि इस वित्तीय वर्ष में तीन दर्जन से अधिक सड़कों की स्वीकृति मिली है और आगामी दो वर्षों में पोटका की अधिकांश सड़कें बेहतर होंगी।उन्होंने ग्रामीणों से योजनाओं की निगरानी करने और किसी भी गड़बड़ी की सूचना देने की अपील की। शिलान्यास के दौरान ग्रामीणों ने विधायक का पारंपरिक रीति-रिवाज से स्वागत किया।मौके पर पूर्व पार्षद हीरामणि मुर्मू, प्रखंड अध्यक्ष सुधीर सोरेन, हितेश भगत, पंचायत समिति सदस्य सीताराम हांसदा सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

### माधुरी दीक्षित के जन्मदिन पर शिव चर्चा और सामूहिक विवाह का आयोजन



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** साकची हंडी लाइन स्थित मनोहर चाट दुकान में बॉलीवुड की धक-धक गर्ल माधुरी दीक्षित के जन्मदिन पर दो दिवसीय उत्सव का आयोजन किया गया। बुधवार को माधुरी दीक्षित के समर्पित प्रशंसक पप्पू सरदार ने इस वर्ष भी हर्षोल्लास के साथ जन्म दिन मनाया। पंडित संतोष कुमार त्रिपाठी द्वारा माधुरी दीक्षित की दीर्घायु और सुखद जीवन के लिए विधिवत पूजा-अर्चना की गयी। इसके पश्चात डॉली एंड रीता महिला मंडली द्वारा भव्य शिव चर्चा का आयोजन किया गया। जिसमें स्थानीय महिलाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। रात्रि 10 बजे से तीन जरूरतमंद जोड़ों का सामूहिक विवाह संपन्न कराया गया। इन विवाहों में वर-वधू के परिजनों के साथ समाज के कई गणमान्य लोगों की उपस्थिति रही। विवाह के उपरांत रात्रि 12 बजे केक कटिंग का आयोजन हुआ, जिसमें तीनों नवविवाहित जोड़ों ने मिलकर माधुरी दीक्षित के जन्मदिन का केक काटा।दूसरे दिन गुरुवार को सुबह 11 बजे पप्पू सरदार और उनकी टीम करनडीह स्थित चेशायर होम में विशेष रूप से सक्षम लोगों के साथ माधुरी दीक्षित का जन्मदिन मनायेंगे। शाम को साकची मनोहर चाट दुकान में शहरवासी के बीच निःशुल्क चाट वितरण किया जायेगा। पप्पू सरदार द्वारा आयोजित पसंदीदा कलाकार के जन्मदिन समाज सेवा के रूप में सच्ची श्रद्धा और प्रेरणा के प्रतीक है।

### आइआइटी खड़गपुर से बर्मी कंपोस्ट बनाने का प्रशिक्षण प्राप्त कर किसान वापस आये



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** आईआईटी खड़गपुर के एग्रीकल्चर एंड फूड इंजीनियरिंग विभाग के वरिष्ठ प्रोफेसर डॉ दिलीप कुमार स्वांग के सफल नेतृत्व में झारखंड एवं बंगाल के प्रगति शील किसान उन्नत किस्म के बर्मी कम्पोस्ट बनाने का दो दिवसीय प्रशिक्षण प्रात किया। सभी किसान कृषि विशेषज्ञ एवं आटी पुआल मशरूम प्रा लि बंदोवान के मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ अमरेश महतो के मार्गदर्शन में नई तकनीक द्वारा खेती कर रहे हैं। प्रशिक्षण शिविर में किसानों को आईआईटी खड़गपुर के एग्रीकल्चर एंड फूड इंजीनियरिंग विभाग के वरिष्ठ प्रोफेसर डॉ दिलीप कुमार स्वांग एवं झूमर मजुमदार व बिक्रम भुइयां द्वारा बर्मी कम्पोस्ट बनाने के लिए हर पहलू पर गहन जानकारी दी गई। मौके पर कृषि विशेषज्ञ डॉ अमरेश महतो के साथ झारखंड, बंगाल से कई प्रगतिशील किसान शामिल हुए। उक्त प्रशिक्षण शिविर में महिला किसान पूर्णिमा महतो, बेला रानी महतो, संजीव महतो,सत्यनाथ महतो एवं दीन बंधु ट्रस्ट के महासचिव नागेन्द्र कुमार सहित अन्य उपस्थित रहे।

## कॉफी विद एसडीएम : सैनिकों के परिजनों के साथ एसडीएम ने किया संवाद

# सैनिक परिवारों के साथ खड़ा है पूरा समाज और प्रशासन : एसडीएम

ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारतीय सैनिकों के अदम्य शौर्य और साहस को सलाम किया गया

संवाद में कई पूर्व सैनिकों की भी रही सहभागिता



आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** सदर एसडीएम संजय कुमार की ओर से चलाए जा रहे नियमित साप्ताहिक कार्यक्रम ₹कॉफी विद एसडीएम₹ में आज अनुमंडल क्षेत्र के ऐसे सैनिकों के परिजनों को आमंत्रित किया गया था जो वर्तमान में देश की रक्षा सेवा में बॉर्डर पर या दुर्गम क्षेत्रों में तैनात हैं। आज के इस कार्यक्रम में अनुमंडल क्षेत्र के कुछ ऐसे भूतपूर्व सैनिक भी मौजूद रहे जिन्होंने 1971 के युद्ध या कारगिल के युद्ध में भाग लिया था। इस कॉफी संवाद कार्यक्रम के दौरान सहभागियों ने न केवल अपनी निजी समस्याएं रखीं बल्कि गढवा शहर और जिला की बेहतरी के लिए कई सुझाव भी दिये।

**सैनिकों के परिजनों ने रखे विचार :** शहर के साहिजना निवासी सूबेदार संतोष पांडेय उरी सेक्टर में तैनात हैं, उनके पिता कैप्टन रामराज पांडे ने आज के कार्यक्रम में सहभागिता निभाते हुए महत्वपूर्ण विचार रखे। श्री पांडे ने बताया कि उन्होंने बिहार रेजीमेंट में अपनी सेवाएं दी थीं, उनका बेटा संतोष और भतीजा सूबेदार हरेंद्र पांडे दोनों अभी सीमा पर सेवाएं दे रहे हैं। हरेंद्र पांडे अभी कश्मीर घाटी में कार्यरत हैं, उनका एक भतीजा मनीष पांडेय भी सीमा सुरक्षा बल पूर्वी क्षेत्र के अंतर्गत बांग्लादेश बॉर्डर पर सेवाएं दे रहा है। वे खुद भी कैप्टन के पद से 2001 में सेवानिवृत्त हुए हैं, उन्होंने 1971 के युद्ध में भाग लिया था। संजय कुमार ने देश की रक्षा में उनके पूरे परिवार के योगदान की सराहना करते हुए उनका अभिवादन किया।

दुबे मरहटिया निवासी श्रीकांत तिवारी वर्तमान में हिसार में हवलदार पद पर सेना में कार्यरत हैं, कार्यक्रम में उनके पिता सूबेदार रामकृष्ण तिवारी ने सहभागिता निभाई। इसी प्रकार पंजाब में भारतीय सेना की 76वीं बटालियन अंतर्गत सीमा पर कार्यरत अनिरुद्ध तिवारी के भाई श्री वशिष्ठ तिवारी में कार्यक्रम में भाग लिया, वे नाहर चौक गढ़वा में निवास करते हैं। कार्यक्रम में पहुंचे सीमा सुरक्षा बल के रिटायर्ड उप निरीक्षक श्यामा चौबे के भतीजे विकास चौबे अंबाला में एयरफोर्स में अपनी सेवाएं दे रहे है, वही पतरिया निवासी रमेश तिवारी के पुत्र संदीप तिवारी असम में एसएसबी में कार्यरत हैं। हूर गांव के निवासी श्री रघुनाथ तिवारी के पुत्र अंकित तिवारी झांसी उत्तर प्रदेश में सेना में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। उपरोक्त सैनिकों के परिजनों ने एसडीएम संजय कुमार की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि उन्हें बहुत खुशी हो रही है जो प्रशासन ने सैनिकों के परिजनों को इतना महत्व दिया।

**भूतपूर्व सैनिकों की भी रही सहभागिता :** इस कॉफी संवाद में वर्तमान में तैनात सैनिकों के परिजनों के अलावा कई भूतपूर्व सैनिक भी मौजूद रहे। इनमें से डुमरिया निवासी अजय कुमार तिवारी, अचला नवाडीह निवासी कैप्टन अशोक तिवारी, बोगांसी निवासी सूबेदार रामजी तिवारी, झूरा निवासी सूबेदार जुगल किशोर तिवारी, जाटा के निवासी सुदामा प्रजापति, देवगाना निवासी अभिमन्यु चौबे, गाढ़ा कसना कांडी निवासी गोपाल दुबे आदि ने भी कार्यक्रम में भाग लिया। इस दौरान उन्होंने न केवल अपनी व्यक्तिगत समस्यायें रखीं बल्कि सैनिक कल्याण की दिशा में भी एसडीएम को कई सुझाव दिए। इन सभी पूर्व सैनिकों ने कहा कि सैनिक देश सेवा के लिए बने होते हैं, वे राष्ट्र सेवा से कभी रिटायर्ड नहीं होते हैं, एसडीएम संजय कुमार से उन्होंने अनुरोध किया कि यदि वे चाहें तो सभी पूर्व सैनिक समाज में अपनी कोई भी भूमिका निशुल्क देने के लिए तैयार हैं।

**रखीं निजी समस्याएं, दिए सुझाव** जुगल किशोर तिवारी, अभिमन्यु चौबे, उषा कुमारी, बृजमोहन ठाकुर, सुदामा प्रजापति आदि ने अपनी निजी समस्याएं रखीं।

### सैनिकों के साथ-साथ उनके परिजनों को सलाम : एसडीएम

संजय कुमार ने उपस्थित सभी अतिथियों को संबोधित करते हुए कहा कि अपनी जान को दांव पर लगाकर देश की अस्मिता की रक्षा करने वाले सैनिकों का योगदान किसी भी अन्य सेवा से बढ़कर है। उनके परिजन अपने कलेजे के टुकड़ों को दुर्गम स्थानों और विषम परिस्थितियों में जोखिम भरा कार्य करने के लिए खुशी-खुशी इसलिए भेजते हैं कि वे देश के काम आ सकें, ऐसे परिजनों के बीच बैठकर वे खुद को सम्मानित महसूस कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रशासन तो क्या आज पूरा देश और समाज उनके साथ खड़ा है। हाल ही में ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारतीय जांबाज सैनिकों के अदम्य साहस और वीरता पूर्ण योगदान को रेखांकित करते हुए सभी ने सामूहिक रूप से उन्हें सलाम किया। भारत माता की जय एवं वंदे मातरम का सामूहिक उद्घोष किया गया।

### दो शहीद सैनिकों के परिजन भी रहे मौजूद

एसडीएम के इस अनौपचारिक संवाद कार्यक्रम में अटौला के शहीद आशीष तिवारी के पिता अरविंद तिवारी औरं खोरीडीह के शहीद रामप्रीत ठाकुर की पत्नी श्रीमती संकलिया देवी एवं पुत्र बृजमोहन ठाकुर भी कार्यक्रम में मौजूद रहे। संकलिया देवी ने बताया कि उनके पति की शहादत के बाद भी उन्होंने अपने दोनों बेटों को सेना में भेजा।

# भवनाथपुर में देसी घी के नाम पर परोसा जा रहा धीमा जहर, लोगों के स्वास्थ्य पर असर

आजाद सिपाही संवाददाता

**भवनाथपुर।** भवनाथपुर में घी के व्यापारी द्वारा नकली देसी घी बेचने का गंभीर मामला सामने आया है। इस घटना में विशेष रूप से यह देखा गया कि व्यापारी ने उपभोक्ताओं की सेहत से खिलवाड़ करते हुए बाजार में रासायनिक तत्वों से तैयार नकली घी की बिक्री की। इस घी को शुद्ध देसी घी बताकर लगभग डेढ़ दर्जन लोगों को बेचा गया, जिससे न केवल आर्थिक धोखाधड़ी हुई, बल्कि लोगों के स्वास्थ्य पर भी सीधा असर पड़ा।

विशेष रूप से यह मामला इसलिए गंभीर है, क्योंकि देसी घी का उपयोग अधिकतर घरों में भोजन में किया जाता है, और छोटे बच्चे व बुजुर्ग इसकी खपत अधिक करते हैं। नकली घी में



नकली घी।

मिले रसायन पाचन तंत्र को नुकसान पहुंचा सकते हैं और लंबे समय तक इसके सेवन से गंभीर बीमारियों का खतरा बना रहता है। भवनाथपुर बाजार निवासी राजीव कुमार जायसवाल ने बताया कि बीते दिन एक घी व्यापारी आया और अपना पता श्रीवंशीधर नगर थाना क्षेत्र के दहेड़िया निवासी बताया तथा कहा कि मैं गाय का शुद्ध देशी घी सात सौ रुपये किलो बेचता हूं, उसने अपना मोबाइल नंबर भी मुझे दिया, इसके बाद उसने मुझे दो किलो गाय का घी दिया। घी का सुगंध भी शुद्ध देशी घी की तरह ही था, जब मैं अगले दिन सुबह रोटी में लगाने के लिए घी को गर्म किया, तो उसमें अजीब तरह के रासायनिक मिलावट दुर्गंध आने लगा, जिससे मुझे अहसास हुआ कि मेरे साथ उस व्यापारी ने असली घी के नाम पर नकली घी देकर धोखाधड़ी किया है। उन्होंने बताया कि मेरे अलावे उस व्यापारी से एक दर्जन से अधिक प्रतिष्ठित लोगों ने भी असली की जगह नकली घी लेकर ठगी का शिकार हुए है। कहा कि मैं जब जब उसके दिए नंबर पर कॉल किया तो उसने नाम और पता गलत बता रहा है।

# सगमा प्रखंड में मनरेगा योजना के तहत चल रहे कार्यों में भारी अनियमितता

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** सगमा प्रखंड के विभिन्न पंचायतों में मनरेगा योजना के तहत चल रहे कार्यों में भारी अनियमितता का मामला सामने आ रहा है। प्रखंड के सोनडीहा पंचायत में नियम का अनदेखी कर डोभा निर्माण में जेसीबी मशीन का उपयोग करने का मामला का जांच चल रहा था। वहीं उसी प्रखंड के बीरबल पंचायत में दिन के उजाले में डोभा निर्माण में जेसीबी मशीन से खुदाई किये जाने का मामला प्रकाश में आया है। मामला आते ही सूचना के आधार पर मनरेगा लोकपाल सुशील कुमार तिवारी ने बुधवार को स्थल पर पहुंच कर मामले की जांच किया। जांच के दौरान डोभा निर्माण में जेसीबी मशीन का प्रयोग किए जाने के मामले को सही बताते हुए दोषी के विरुद्ध करवाई करने की बात कही। कार्य स्थल पर प्रखंड के बीपीओ, रोजगार सेवक उपस्थित थे।

**किसका है योजना और कितना हुआ है भुगतान :** सगमा प्रखंड के बीरबल पंचायत के बीरबल गांव में 2025-26 में योजना कोड संख्या 3407014003/ IF 7080903989792 के तहत रामसेवक यादव के खेत में 80 80 10 साइज का डोभा योजना की स्वीकृति किया गया था। योजना प्रारंभ होने से पूर्व उक्त योजना में एक लाख एक हजार आठ सौ दो रुपया का भुगतान किया जा चुका है। इस से साबित होता हैं कि ऑफिस, लाभुक और पंचायत प्रतिनिधियों की मिलीभगत से हो रहा है।

**इससे पूर्व सगमा प्रखंड में चल रहे अनियमितता का मामला हुआ है उजागर :** सगमा प्रखंड में अनियमितता का मामला नया नहीं है। प्रखंड के सोनडीहा पंचायत में अबुआ आवास योजना में भारी अनियमितता का मामला आने के बाद एसडीओ ने मामले का जांच किया था। जांच के दौरान आवास योजना में भारी अनियमितता का मामला आने के बाद एसडीओ के निर्देश पर बीडीओ ने उक्त पंचायत के मुखिया के विरुद्ध धुरकी थाने में प्राथमिकी दर्ज कराया था।तथा आवास कौडिनेटर, पंचायत सचिव और रोजगार सेवक से स्पष्टीकरण मांगा है। उसी पंचायत में मनरेगा योजना के तहत चल रहे डोभा निर्माण में जेसीबी मशीन का उपयोग करने पर मनरेगा लोकपाल ने मामले की जांच कर कार्रवाई करने की बात कहा है।

# बीएनटी संत मैरी स्कूल में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को किया गया सम्मानित



आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** बीएनटी संत मैरी स्कूल में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को किया गया सम्मानित। इस अवसर पर विद्यालय के निदेशक उमाकांत तिवारी ने सभी छात्रों और शिक्षकों को सीबीएसई बोर्ड परीक्षा में बेहतर परिणाम के लिए मिठाई खिलाकर बधाई एवं उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी। उन्होंने हर्ष जताते हुए कहा कि विद्यालय का प्रत्येक वर्ष लगातार 10वीं और 12वीं बोर्ड की परीक्षा परिणाम यहां की शैक्षणिक गुणवत्ता और विद्यालय की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड दिल्ली द्वारा आयोजित सेकेंडरी एग्जामिनेशन 2025 की परीक्षा में विद्यालय टॉपर को निदेशक उमाकांत तिवारी के द्वारा 35000 रुपए राशि की स्कॉलरशिप देने की घोषणा की गयी। इसके साथ ही साथ मौके पर उपस्थित विद्यालय के प्राचार्य ने घोषणा किया कि विद्यालय के स्कूल टॉपर स्नेहलता के साथ-साथ अन्य सभी उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को भी विशेष स्कॉलरशिप का लाभ दिया जायेगा, जिससे आने वाले समय में छात्र-छात्राओं के बीच में प्रतिस्पर्धा की भावना में वृद्धि होगी। मौके पर उपस्थित विद्यार्थियों एवं उनके परिजनों ने विद्यालय प्रबंधन के इस निर्णय का स्वागत किया गया।

# आरके पब्लिक स्कूल श्रीवंशीधर नगर में 10वीं बोर्ड का परिणाम रहा शत प्रतिशत







आजाद सिपाही संवाददाता

**श्रीवंशीधर नगर।** आरके पब्लिक स्कूल श्रीवंशीधर नगर में 10वीं बोर्ड का परिणाम आने पर खुशी मनायी गयी। प्रधानाचार्य एल के ओझा ने बताया कि स्कूल का परिणाम शत प्रतिशत रहा है। स्कूल अपने स्थापना काल से ही निरंतर अपने लक्ष्यों को प्राप्त कर रहा है और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देकर क्षेत्र में शिक्षा का अलख जगा रहा है। सीबीएसई दसवीं बोर्ड में आरकेपीएस अधौरा श्रीवंशीधर नगर से उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 5 विद्यार्थियों के नाम : ईशिका गुप्ता -94%, युवराज पांडेय -89%, रागिनी कुमारी -86%,शिवम कुमार रजवार-85%, प्राची सिंह-83%।

विद्यालय के निदेशक अलखनाथ पांडेय ने बताया कि स्कूल का परिणाम हम सभी को गौरवान्वित कर रहा है। यह मान्यता प्राप्त होने के बाद तीसरा बैच है। इस बार सभी विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। हमने कम फीस में अंग्रेजी माध्यम से गुणवत्तापूर्ण शिक्षा जो संस्कार और अनुशासन से परिपूर्ण हो के उद्देश्य से इस क्षेत्र में स्कूल की स्थापना की थी आज वह शिक्षक और अभिभावक के साकारात्मक समन्वय से सफलता का परचम लहरा रहा है। आगे उन्होंने कहा कि आरके ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस द्वारा संचालित गढ़वा जिले के अपने सभी स्कूलों के 10वीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षा का परिणाम शत-प्रतिशत रहा। यह उपलब्धि छात्रों की मेहनत, शिक्षकों के मार्गदर्शन और अभिभावकों के सहयोग का परिणाम है।

निदेशक ने सभी छात्र-छात्राओं को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर स्कूल परिवार ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशियां मनायी गयी।

## भवनाथपुर की नेहा कुमारी का राज्यस्तरीय कैरम प्रतियोगिता के लिए चयन



भवनाथपुर (आजाद सिपाही)। स्कूली शिक्षा और साक्षरता विभाग झारखंड अंतर्गत झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद रांची द्वारा राज्य के उच्च एवं उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों के छात्र - छात्राओं हेतु प्रथम कैरम टैलेंट प्रतियोगिता 2025 - 26 का आयोजन किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता में परियोजना बालिका उच्च विद्यालय भवनाथपुर की नेहा कुमारी विद्यालय स्तर एवं प्रखंड स्तर और बुधवार को जिला स्तर पर भी जीत दर्ज करते हुए राज्यस्तरीय प्रतियोगिता के चयनित हुई है। इसकी इस सफलता से विद्यालय परिवार में हर्ष है। राज्य सरकार द्वारा इस प्रकार के प्रतियोगिता से बच्चों में शैक्षणिक गतिविधि के अलावा अन्य क्षेत्रों में भी सर्वांगीण विकास का अवसर प्राप्त होता है।

## भ्रष्टाचार पर उपायुक्त सख्त, दो जन वितरण प्रणाली दुकानों की अनुज्ञप्ति रद्द

# कम राशन देना या राशन की कालाबाजारी करने वाले बख्शे नहीं जायेंगे: शेखर जमुआर

एसडीओ के औचक निरीक्षण के दौरान कम राशन देने की हुई पुष्टि

अजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** उपायुक्त शेखर जमुआर ने जन वितरण प्रणाली में अनियमितता का मामला संज्ञान में आने पर कड़ी कार्रवाई करते हुए मेराल प्रखण्ड अंतर्गत ग्राम-मेराल के जन वितरण प्रणाली दुकानदार संजय प्रसाद गुप्ता, अनुज्ञप्ति संख्याः18/1996 तथा भंडरिया प्रखंड के ग्राम बघवार के जन वितरण प्रणाली दुकानदार बोधन सिंह, अनुज्ञप्ति संख्याः10/2004 को अनुज्ञप्ति शर्तों एवं झारखंड लक्षित जन वितरण प्रणाली (नियंत्रण), आदेश के सुसंगत प्रावधानों के उल्लंघन के आरोप में तत्काल प्रभाव से निरस्त/रद्द कर दिया है।

उपायुक्त श्री जमुआर ने बताया कि अनुमंडल पदाधिकारी, गढ़वा के द्वारा मेराल प्रखंड अंतर्गत चरका पत्थर पूर्वी के राशन डीलर संजय प्रसाद गुप्ता की राशन दुकान का औचक निरीक्षण किया गया, जहां राशन वितरण का कार्य जारी था। मौके पर लाभुकों ने डीलर द्वारा कम मात्रा में राशन देने की शिकायत की। मौके पर ही एक लाभुक कुश कुमार द्वारा लिये गये राशन को तौला गया, जिसमें 5 सदस्यों का राशन था। इस हिसाब से 5 किग्रा० प्रति के हिसाब से 35 किलो होना चाहिए था, कितु वजन करवाने पर बोरी सहित 33 किलो पाया गया। जब अन्य लाभुकों से पूछा गया, तो उन्होनें भी एक स्वर में बताया कि सभी को निर्धारित मात्रा से कम राशन दिया जाता है। स्वयं डीलर श्री गुप्ता ने भी तर्क देते हुए स्वीकार किया कि वे कम मात्रा में राशन देते हैं।

इसी प्रकार अनुमंडल पदाधिकारी रंका द्वारा भंडरिया प्रखण्ड के ग्राम बघवार में बोधन सिंह के जन वितरण प्रणाली की दुकान का निरीक्षण किया गया तो दूकान बंद पाया गया। दुकानदार को दूरभाष के माध्यम से दूकान खुला रखने की सूचना पूर्व में ही दी गयी थी फिर भी उन्होंने दूकान को बंद रखा और मोबाईल को बंद कर लिया गया था। दूकान पर सूचना पट, लाभुकों की विवरणी, विज्ञप्ति सं० वगैरह प्रर्दशित नही था। एसडीओ ने स्थानीय लाभुकों के साथ डीलर बोधन सिंह के घर गये परंतु वे घर पर नहीं मिलें, जिसकी वजह से जन वितरण दुकान पर मौजूद राशन का भंडारण, नाप तौल मशीन इत्यादि का जांच नहीं किया जा सका। लाभुकों से राशन संबंधी पूछ-ताछ के क्रम में राशन कम देने, समय पर नहीं देने, पर्ची निकाल कर बाद में राशन देने सहित कई आरोप लगाये गये। सहायक गोदाम प्रबंधक द्वारा बताया गया कि माह फरवरी 2025 का राशन इनको दिया जा चुका है फिर भी लाभुकों के बीच वितरण नहीं किया गया है। काफी देर तक रहने के बाद भी डीलर बोधन सिंह का नहीं पहुंचना तथा मोबाईल बंद कर लेना लाभुकों के आरोप को पुख्ता करता है।

## कसौधन समाज की सदस्य प्राची कश्यप ने रक्तदान किया



गढ़वा (आजाद सिपाही)। कसौधन समाज महिला मंच के सदस्य प्राची कश्यप ने अपने पिताजी के प्रथम पुण्यतिथि पर गढ़वा ब्लड बैंक में उन्हें श्रद्धांजलि देने हेतु प्रथम बार रक्तदान की। वे जरूरत मंद को रक्त देने की सूचना मिलने पर तत्काल रक्तदान करने को तैयार हुई। इस अवसर पर समाज के अध्यक्ष उमेश कश्यप ने कहा कि समाज की महिलाएं रक्तदान के प्रति जागरूक हो रहीं है। खुशी की बात है कि समाज की महिलाये रक्तदान करने के लिए आगे आ रही है और लोगों का जीवन बचाने का कार्य कर रही है।

## कांडी प्रखंड के बैंक भगवान भरोसे, ग्राहकों को हो रही भारी परेशानी

कांडी (आजाद सिपाही)। कांडी प्रखंड मुख्यालय स्थित भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) और झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक की शाखाएं इन दिनों भगवान भरोसे चल रही हैं। इन दोनों बैंकों में न तो ग्राहकों की सुविधा का ध्यान रखा जा रहा है और न ही उनकी शिकायतों का कोई समाधान हो पा रहा है। स्थानीय लोगों के अनुसार, स्टेट बैंक कांडी में लगातार कैश की कमी, नेटवर्क की समस्या और स्टाफ की अनियमित उपस्थिति से ग्राहक बेहद परेशान हैं। स्थानीय सूत्रों ने बताया कि एसबीआई कांडी शाखा की हालत इतनी खराब है कि एक आदेशपाल प्रमोद सिंह को छोड़ अधिकांश स्टाफ अस्थायी रूप से भेजे जाते हैं। शाखा प्रबंधक और कैशियर प्रतिदिन बदलते रहते हैं, जिससे न केवल नकद निकासी बाधित हो रही है, बल्कि खाता खोलना, केवाईसी अपडेट और डीबीटी जैसे जरूरी कार्य भी पूरी तरह ठप हैं।

## जयराम मेडिकल हॉल में अब चर्म एवं गुप्त रोग विशेषज्ञ डॉ अमन अपनी सेवाएं देंगे



गढ़वा (आजाद सिपाही)। शहर के रंका रोड स्थित जयराम मेडिकल हॉल में अब चर्म एवं गुप्त रोग विशेषज्ञ डॉ अमन केशरी अपनी सेवाएं देंगे। यह जानकारी मेडिकल हॉल के प्रोपराइटर दीपक कुमार तिवारी ने दी। उन्होंने बताया कि सोमवार से डॉ केशरी नियमित रूप से उपलब्ध रहेंगे और त्वचा, नाखून, बाल, सौंदर्य और गुप्त रोगों से जुड़ी समस्याओं का इलाज करेंगे। दीपक तिवारी ने बताया कि वर्तमान समय में चर्म एवं गुप्त रोगों के मरीजों की संख्या तेजी से बढ़ रही है। ऐसे में डॉ अमन केशरी जैसे विशेषज्ञ का स्थानीय स्तर पर इलाज उपलब्ध होना आम लोगों के लिए बड़ी राहत साबित होगा। डॉ केशरी सफेद दाग, कील-मुंहासे, झाइयां, गंजापन, खुजली, सोरायसिस, एक्जिमा, मस्सा, विवई, सफेद बाल, डैंड्रफ, बाल झड़ना, नाखून की समस्याएं, कुष्ठ रोग जैसी त्वचा संबंधी बीमारियों का इलाज करेंगे। अब मरीजों को इन रोगों के लिए दूर-दराज नहीं जाना पड़ेगा। जयराम मेडिकल हॉल में डॉ अमन केशरी की उपस्थिति से स्वास्थ्य सेवाओं में एक नई सुविधा जुड़ने जा रही है, जिससे गढ़वा और आसपास के क्षेत्र के लोग लाभान्वित होंगे।

## 'बाबा खोनहरनाथ श्राइन ट्रस्ट' की मान्यता को नकारते हुए दो पदाधिकारियों ने इस्तीफा दिया



गढ़वा (आजाद सिपाही)। बाबा खोनहरनाथ धार्मिक न्यास कमिटी से जुड़े लोगों की एक बैठक परसाहा मोड़ स्थित भवन में न्यास अध्यक्ष सिद्धेश्वर उपाध्याय की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में उपस्थित लोगों ने झारखंड राज्य हिंदू धार्मिक न्यास परिषद द्वारा कमिटी को निरस्त कर 'बाबा खोनहरनाथ श्राइन ट्रस्ट' को मान्यता दिए जाने पर कड़ा ऐतराज जताया। बैठक में बताया गया कि इस नए ट्रस्ट में सिद्धेश्वर उपाध्याय को उपाध्यक्ष और अरुण दुबे को सदस्य नियुक्त कर दिया गया है, लेकिन इस बारे में उन्हें कोई पूर्व जानकारी नहीं दी गई। उन्होंने इन पदों को अस्वीकार करते हुए तत्काल प्रभाव से इस्तीफा देने की घोषणा की। उनका कहना था कि उनके नामों का दुरुपयोग कर उन्हें बदनाम करने की कोशिश की जा रही है। सिद्धेश्वर उपाध्याय ने जिला प्रशासन को अवगत कराया कि एक साजिश के तहत बाबा खोनहरनाथ श्राइन ट्रस्ट (गीजना) द्वारा मंदिर परिसर को भ्रष्टाचार और नशाखोरी का अड्डा बनाया जा रहा है। उन्होंने प्रशासन से तत्काल संज्ञान लेकर उचित कार्रवाई की मांग की। इस मौके पर चंद्रिका तिवारी, हरि दुबे, देवराज उपाध्याय, गोरख दुबे, सतेंद्र दुबे, लक्ष्मण तिवारी, अरुण तिवारी, अरुण दुबे, विपिन तिवारी, अक्षय दुबे, राकेश कुमार दुबे, रामजी तिवारी सहित कई लोग उपस्थित थे।

## कुआं में गिरने से अर्ध विक्षिप्त की मौत

मेराल (आजाद सिपाही)। थाना क्षेत्र के लखेया गांव में बुधवार की सुबह एक कच्चा कुआं में अर्ध विक्षिप्त का तैरता हुआ शव पाया गया। जिसकी पहचान गोंदा गांव निवासी राजदेव चौधरी उम्र 54 वर्ष के रूप में की गयी। ग्रामीणों के अनुसार सुबह में दोहर के कच्चा कुआं में तैरता हुआ एक शव को देखा गया। सूचना पर मेराल थाना पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और शव को कुएं से बाहर निकाला गया। मौके पर पहुंचे मृतक के परिजन व गांव के लोगों द्वारा पंचनामा बनाकर पुलिस को दिया गया तथा बताया कि अर्ध विक्षिप्त थे।

# निशीथ जायसवाल ने हाथी के हमले में मृत युवक के परिजनों को दी मदद



आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** कैरो प्रखंड के हनहट निवासी साजिर अंसारी (पिताः गफ़्फ़ार अंसारी, उम्र 30 वर्ष) की जंगली हाथी के हमले में दर्दनाक मृत्यु हो गयी। घटना के बाद ग्रामीणों ने सड़क जाम कर दिया। घटना की सूचना पाकर निशीथ जयसवाल जाम स्थल पहुंचे और ग्रामीण को समझा बुझाकर जाम हटवाया। उन्होंने मृतक के परिजनों से मुलाकात कर उन्हें ढांढस बंधाया।

श्री जायसवाल ने वन प्रमंडल पदाधिकारी से संपर्क कर मृतक के परिजनों को 25 हजार रुपये की त्वरित राहत राशि उपलब्ध करायी और आश्वस्त किया कि विभागीय प्रक्रिया के तहत शीघ्र ही 3.75 लाख रुपये का मुआवजा भी प्रदान किया जायेगा। उन्होंने हाथी आतंक की समस्या को गंभीरता से लेते हुए वन विभाग को निर्देशित किया कि हाथी भगाने वाली टीम को सक्रिय किया जाए तथा प्रभावित क्षेत्रों में फ्लड लाइट लगाने की व्यवस्था की जाये ताकि भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं को रोका जा सके। इस अवसर पर कुडू उप प्रमुख ऐनुल अंसारी, इंतखाब आलम, नाजिम अंसारी, मुनीम अंसारी, विशाल डुंगडुंग, असलम अंसारी समेत कई स्थानीय जनप्रतिनिधि और ग्रामीण उपस्थित थे।

## लोहरदगा में जंगली हाथियों का उत्पात जारी, युवक को कुचलकर मारा

# वन विभाग और पुलिस प्रशासन से नाराज ग्रामीणों ने सड़क जाम की

आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** लोहरदगा में जंगली हाथियों का आतंक लगातार जारी है। मंगलवार की रात कैरो थाना क्षेत्र के हनहट में हाथी ने कुचलकर 30 वर्षीय सगीर अंसारी की जान ले ली।

घटना के बाद पुलिस और वन विभाग के उदासीन रवैये से आक्रोशित ग्रामीणों ने लोहरदगा कचहरी मोड़ को करीब एक घंटे तक जाम कर दिया। इससे लोहरदगा गुमला रांची हाइवे पर गाड़ियों का आना-जाना बाधित तो हुआ ही। साथ ही सरकारी कामों से समाहरणालय, कचहरी और अन्य सरकारी विभागों की ओर जाने वाले लोगों को काफी परेशानी हुई। सड़क जाम हटवाने



के लिए सिविल एसडीओ अमित कुमार, अंचल अधिकारी लोहरदगा आशुतोष और सदर थाना प्रभारी चंद्र मोहन ठाकुर मौके पर पहुंचे। ग्रामीणों का कहना था कि पिछले करीब 20 दिनों से कैरो प्रखंड क्षेत्र में हाथियों ने आतंक मचा रखा है। फसल को रोज नुकसान पहुंचा रहे हैं। घरों और संपत्ति को भी बर्बाद कर रहे हैं। सगीर अंसारी मंगलवार रात को खेत की सिंचाई करने घर से निकला था। तभी जंगली हाथी ने उसे कुचल कर मार डाला।

पुलिस अधिकारियों को फोन किया गया तो कहा गया कि पुलिस पहुंच रही है। लेकिन रात आठ बजे फोन करने पर कैरो थाना पुलिस सुबह आठ बजे पहुंची। वन विभाग का कोई कर्मी नहीं आया। हाथियों को सुरक्षित क्षेत्र में भेजने को लेकर वन विभाग द्वारा कोई प्रयास नहीं किया जा रहा है। फोन करने पर वन विभाग के कर्मी कहते हैं कि मृतक की लाश को लेकर सदर अस्पताल आइये, उसके माता-पिता को भी लेकर आइये और 25 हजार मुआवजा लेकर अंतिम संस्कार कीजिये। ग्रामीणों ने मृतक के परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी और पर्याप्त मुआवजे की मांग की। सिविल एसडीओ द्वारा सकारात्मक कार्रवाई का आश्वासन दिये जाने पर ग्रामीणों ने सड़क खाली किया। हाथियों का झुंड लोहरदगा के कैरो, भंडरा और कुडू थाना क्षेत्र के ग्रामीणों के लिए खौफ बना हुआ है।

## सीएचसी कुडू में मनाया गया अंतरराष्ट्रीय नर्स दिवस



**कुडू / लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कुडू में अंतरराष्ट्रीय नर्स दिवस के मौके पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सिएचसी प्रभारी डॉ सुलामी होरो की अध्यक्षता और डॉ राजेश भगत की देख रेख में इस वर्ष हमारी नर्सेस हमारा भविष्य थीम पर आयोजित कार्यक्रम के दौरान दुनिया की पहली नर्स फ्लोरेंस नाइटिंगेल का जन्मदिन मनाया और सभी ने एक-दूसरे को केक काटकर खिलाया। मौके पर डॉ श्रीमती होरो ने कहा कि आधुनिक नर्सिंग की जन्मदाता और नर्सिंग पेशे को सम्मान दिलाने में अहम योगदान देने वाली फ्लोरेंस नाइटिंगल के जन्म दिन पर प्रति वर्ष यह कार्यक्रम आयोजित किया जाता है। इस दौरान स्वास्थ्यकर्मियों ने नर्सों के योगदान की सराहना की और उनका धन्यवाद किया। इस अवसर पर डॉ अजित कुमार मंडल, डॉ राकेश कुमार, बीपीएम सरोजनी केरकेट्टा, सीएचओ मो तौसीफ अंसारी, सरस्वती कुमारी, जगरानी टोप्पो, मेनका तिर्की, जुही कुमारी, शिफा लकड़ा, सबिता कुमारी, जीएनएम संध्या लकड़ा, सरोज गाड़ी, एएनएम रोशनी टोप्पो, किरण तिर्की, प्रतिभा साहू, रौशन आरा, एमपीडब्ल्यू नितिन गुप्ता, शादाब कुरैशी, नरेश भगत, रौशन टोप्पो, अताउल्लाह रिंकू आदि उपस्थित थे।


## सेन्हा में आंगनबाड़ी सेविकाओं को पोषण ट्रैकर ऐप का मिला प्रशिक्षण



**सेन्हा/ लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** सेन्हा प्रखंड मुख्यालय स्थित सभागार में बुधवार को आंगनबाड़ी सेविकाओं के लिए पोषण ट्रैकर ऐप का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रथम चरण के अंतर्गत प्रखंड क्षेत्र के तीन सेक्टरों की सेविकाओं के लिए आयोजित किया गया था। प्रशिक्षण में सेन्हा हरिजन टोली, हुंदी, हेन्हे, जुड़नी, चाऊ, चरकु, सेन्हा खास, चांडी, साके, सुरसुरिया, सिंदूर, आरा, चंदवा सहित विभिन्न आंगनबाड़ी केंद्रों की कुल 97 सेविकाएं शामिल हुईं। महिला पर्यवेक्षिका सह प्रशिक्षक श्रीमती बॉबी कुमारी नायक ने सेविकाओं को पोषण ट्रैकर ऐप के माध्यम से लाभुकों विशेषकर गर्भवती एवं धात्री महिलाओं का फोटो, आधार नंबर अपलोड करने तथा इ-केवाइसी की प्रक्रिया को लेकर विस्तृत जानकारी दी। प्रशिक्षण में यह भी बताया गया कि प्रत्येक माह पोषण पैकेट वितरण से पहले लाभुकों के फोटो का मिलान एवं सत्यापन आवश्यक है, जिससे कोई भी पात्र महिला पोषण लाभ से वंचित न रह जाये। कार्यक्रम में रजनी देवी, निर्मला देवी, शहनाज बेगम, सीता देवी, संतोषी मिंज, आरती उरांव, निशा देवी, लीला देवी, संजीदा खातून, मीना देवी, किरण उरांव, शिला देवी, सुशीला देवी, सुमंती देवी सहित अन्य सेविकाएं उपस्थित थीं।

# बेलवाताड़ के जर्जर भवनों में संचालित हो रहे आंगनबाड़ी केंद्र

आजाद सिपाही संवाददाता



**मनिका/ लातेहार।** मनिका प्रखंड के बेलवाताड़ में आंगनबाड़ी नर्सरी स्कूल केंद्र की हालत काफी जर्जर हो चुकी है। पेयजल के लिए केंद्र परिसर के बाहर एक एक जलमीनार लगा हुआ है लेकिन वह भी खराब है बच्चों को पीने का पानी पिलाने के लिए सहायका को दूर से बाल्टी में पानी लाना पड़ता है। यहां बने कमरों की छत और दीवारें पूरी तरह से खस्ताहाल है। भवन कि छत और दीवारों में जगह-जगह दरारें नजर आ रही है। भवन कब गिर जाये कुछ कहा नहीं जा सकता।

मनिका प्रखंड के बेलवाताड़ आंगनबाड़ी के अलावा भी कई ऐसे आंगनबाड़ी केंद्र हैं, जिनके भवन बेहद खतरनाक स्थिति में पहुंच चुके हैं। आंगनबाड़ी केंद्र की ऐसी जर्जर हालत होने के बाद भी संबंधित अधिकारियों द्वारा कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। इन इमारतों का मेंटेनेंस नहीं कराया जा रहा है और न ही आंगनबाड़ी केंद्रों को अन्य सुरक्षित जगहों पर शिफ्ट कर संचालन किया जा रहा है।

बताते चलें कि पूर्व में भी आंगनबाड़ी केंद्र के जर्जर भवन के बरामदे की छत का एक हिस्सा भरभराकर गिर जिससे कि एक बच्चे की सर पर काफी चोट भी लगी थी। घटना के समय अंदर कमरे में बच्चों की संख्या कम थी और कुछ बच्चे पढ़ रहे थे। इस घटना के बाद बच्चों के मन में भी दहशत का माहौल था अगर नौनिहाल वहां खेलते-कूदते होते, तो स्थिति का सहज अंदाजा लगाया जा सकता है। मामले में विभागीय अधिकारियों की अनदेखी सामने आयी है। असल में, कमरे की छत का प्लास्टर झड़ गया है बारिश में छत से पानी टपकता है।

सेविका मीना देवी ने बताया कि जर्जर भवन को लेकर विभाग को कई बार पत्र लिख चुकी हैं। केंद्र का फोटो भी भेजा है। लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई केंद्र की स्थिति को देखते हुए ग्रामीण भय से बच्चों को भेजना नहीं चाहते हैं।

जब इस मामले को लेकर मनिका सीडीपीओ अर्चना सिन्हा से दूरभाष में संपर्क किया गया तो उन्होंने कहा जर्जर आंगनबाड़ी भवन को लेकर जिला को रिपोर्ट भेजा गया है जैसे ही जिला से फंड हम लोग को मिलेगा नए भवन बनवाकर बच्चों को नए भवन में शिफ्ट कर दिया जायेगा।

## तमिलनाडु में कुडू की लड़की ने लगायी फांसी

**कुडू/ लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** लोहरदगा जिले के कुडू थाना अंतर्गत मकान्दू गांव निवासी स्व तबारक खान की 22 वर्षीय पुत्री अंजुम आरा का चेन्नई के कंजीपुरम अंतर्गत श्रीप्रमबदुर के एक होस्टल में शव कमरे की छत से लटका हुआ पाया गया। श्रीप्रेमबदुर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है और प्रारंभिक तौर पर इसे आत्महत्या का मामला मान रही है। फिलहाल शव को मोर्चरी में रखा गया है। घटना के संबंध में परिजनों से मिली जानकारी के अनुसार मृतका पिछले पांच वर्षों से कांचीपुरम जिले के श्रीपेरंबदूर थाना क्षेत्र अंतर्गत आइरुन गटोकोताई अपर पार्क स्थित सिपकोट वुमेन्स होस्टल में रह कर किसी किसी कंपनी में सिलाई का काम करती थी। 13 मई की रात करीब 7 बजे उसके साथ काम करने वाली एक लड़की ने सूचना दी कि अंजुम आरा ने खुदकुशी कर ली है। परिजनों ने कूडू थाना में आवेदन देकर शव को लाने की गुहार लगायी है।

# 16 को निकलेगी तिरंगा यात्रा



आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हाल ही में हुई आतंकवादी घटना के पश्चात भारत सरकार के निर्देश पर भारतीय सेना द्वारा पाकिस्तान स्थित आतंकवादी ठिकानों पर सफल कार्रवाई की गयी। इस अभियान में दर्जनों आतंकवादी एवं पाकिस्तानी सैनिक मारे गये, जिससे आतंक के पनाहगाह पाकिस्तान में हड़कंप मच गया है। भारत की इस निर्णायक प्रतिक्रिया को लेकर देश भर में राष्ट्रभक्ति की भावना प्रबल हुई है और जगह-जगह तिरंगा यात्रा निकाली जा रही है। इसी क्रम में भारतीय जनता पार्टी, लोहरदगा जिला इकाई द्वारा आगामी 16 मई, शुक्रवार को भव्य तिरंगा यात्रा आयोजित करने का निर्णय लिया गया है। यह निर्णय भाजपा जिला कार्यालय में आयोजित बैठक में जिला अध्यक्ष मनीर उरांव की अध्यक्षता में लिया गया। तिरंगा यात्रा में भूतपूर्व सैनिकों, सामाजिक संगठनों, व्यापारिक समुदाय, शैक्षणिक संस्थानों तथा विधिक क्षेत्र से जुड़े गणमान्य व्यक्तियों की अगुवाई में जनसहभागिता सुनिश्चित की जायेगी। यात्रा प्रातः 8 बजे अग्रसेन भवन से प्रारंभ होकर गुदरी बाजार, बड़ा तालाब, अमलाटोली होते हुए पावरगंज तक जायेगी। इस बैठक में प्रमुख रूप से पूर्व अध्यक्ष राजकिशोर महतो, उपाध्यक्ष हर्षनाथ महतो, बालकृष्ण सिंह, महामंत्री संजय कुमार, बिनोद राय, मिना बाखला, विजय सोनी, मिथुन तमेडा, सचिन कुमार, सत्यम कुमार, मंडल अध्यक्ष अशोक साहू आदि उपस्थित थे।

## लोहरदगा जिला स्थापना दिवस के आयोजन को लेकर अधिकारियों की बैठक



**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** उप विकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत की अध्यक्षता में आज जिला परिषद सभागार में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गयी। बैठक का उद्देश्य 17 मई 2025 को लोहरदगा जिला स्थापना दिवस समारोह के आयोजन की रूपरेखा तय करना था। बैठक में निर्णय लिया गया कि स्थापना दिवस के अवसर पर समाहरणालय परिसर के समीप मैदान में एक भव्य मेला आयोजित किया जायेगा। इस अवसर पर जिले के विभिन्न विभागों द्वारा अपनी योजनाओं से संबंधित स्टॉल लगाए जायेंगे, साथ ही संबंधित परिसंपत्तियों का वितरण किया जायेगा। इसके लिए सभी विभागों को परिसंपत्तियों की सूची समर्पित करने का निर्देश दिया गया है। स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में पेंटिंग प्रतियोगिता और भाषण प्रतियोगिता का भी आयोजन होगा। इसके साथ ही मैट्रिक और इंटरमीडिएट परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित करने का निर्णय लिया गया है। बैठक में जिला के सभी विभागों को उनके-उनके उत्तरदायित्व सौंपे गये हैं ताकि कार्यक्रम का आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हो सके। इस अवसर पर आइटीडीए परियोजना निदेशक सुषमा नीलम सोरेंग, अपर समाहर्ता जितेंद्र मुंडा, अनुमंडल पदाधिकारी अमित कुमार, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी श्रद्धा केरकेट्टा समेत कई जिला एवं प्रखंड स्तरीय पदाधिकारी उपस्थित थे।

# मनिका में गड्ढा खुदाई कार्यक्रम का आयोजन




आजाद सिपाही संवाददाता

**मनिका/ लातेहार।** मनिका प्रखंड में मनरेगा योजना अंतर्गत संचालित बिरसा हरित ग्राम योजना के तहत प्रखंड विकास पदाधिकारी संदीप कुमार के नेतृत्व में गड्ढा खुदाई कार्यक्रम का आयोजन किया गया। वहीं पूरे प्रखंड क्षेत्र में कई एकड़ भूमि पर लाभुकों का चयन कर बागवानी का लक्ष्य रखा गया है। बताते चलें कि गड्ढा खुदाई अभियान का शुरूआत 1 अप्रैल से किया गया था जो जून महीने तक चलाया जायेगा और बारिश का मौसम शुरू होते ही बागवानी का कार्य प्रारंभ कर दिया जायेगा। मौके पर कार्यक्रम पदाधिकारी संतोष कुमार, रोजगार सेवक समेत कई ग्रामीण मौजूद रहे।

## कुएं में डूबने से विवाहिता की मौत

**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** बड़कागांव थाना क्षेत्र के ग्राम पंडरिया में एक बहू की कुएं में डूबकर मौत हो जाने की मामला प्रकाश में आया है। मृतक की पहचान बलदेव महतो की पत्नी सरिता देवी (उम्र 35 वर्ष )के रूप में की गयी है। यह घटना गत रात्रि की है। बड़कागांव पुलिस ने शव को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए हजारीबाग भेज दी है। इस संबंध में बड़कागांव पुलिस का कहना है कि मामले को लेकर आवेदन मिलने के बाद ही जांच पड़ताल की जायेगी। लेकिन अब तक कोई आवेदन प्राप्त नहीं हुआ है। ग्रामीण आपस में चर्चा कर रहे थे कि घर में दोनों पति-पत्नी के बीच विवाद हुआ था। जिसके देर रात पति बलदेव महतो के द्वारा हो हल्ला किया गया कि उसकी पत्नी कुएं में डूब गई है।तब ग्रामीणों ने उसे मृत अवस्था में अहले सुबह निकाली। इस क्षेत्र में लोग हत्या या आत्महत्या को लेकर कई तरह की चर्चाए कर रहे थे।

# लैंपस गोदाम के निर्माण में भारी गड़बड़ी, ग्रामीणों ने किया विरोध

आजाद सिपाही संवाददाता

**बारियातू।** प्रखंड अंतर्गत टोंटी पंचायत सचिवालय के समीप कॉपरेटिव विभाग से निर्माण हो रहे लैम्पस गोदाम में भारी गड़बड़ी और मानकों की अनदेखी को लेकर बुधवार को स्थानीय ग्रामीणों का आक्रोश फूट पड़ा। ग्रामीणों ने घटिया सामग्री के उपयोग और कार्य की गुणवत्ता को लेकर विरोध प्रदर्शन किया और प्रशासन से उच्चस्तरीय जांच की मांग की। ग्रामीण जितेन्द्र प्रसाद, राजु साव, निलू सिंह, बिन्देश्वर प्रसाद, जितेन्द्र कुमार साव, कृष्णा पांडे, मिंकु उरांव, नरेश भगत, बिनोद मिस्त्री, चुरामन साव, सहोदरी देवी, जिरा मसोमात, कोशिला देवी सहित अन्य लोगों ने बताया कि कॉपरेटिव विभाग द्वारा लगभग 25 लाख से अधिक राशि के लागत से बनाये जा रहे लैंपस गोदाम निर्माण कार्य में खुलेआम घटिया सामग्री



का उपयोग किया जा रहा है। ग्रामीणों के अनुसार कार्य में मिट्टी युक्त बालू, लोकल ईंट, सरिया और लोकल ब्रांड के सीमेंट का उपयोग हो रहा है। साथ ही, दीवार निर्माण के दौरान पानी का पटवन तक नहीं किया जा रहा है, जिससे दीवारों कमजोर हो रहे हैं। ग्रामीणों ने बताया कि निर्माण स्थल पर योजना से संबंधित कोई सूचना पट्ट नहीं लगाया गया है। यह गोदाम किस योजना के तहत बन रहा है, इसकी स्वीकृति राशि कितनी है, और कौन संवेदक कार्य करा रहा है। इस संबंध में कोई जानकारी उपलब्ध नहीं है। जब ग्रामीणों ने काम करा रहे मुंशी से इस विषय में बात करनी चाही तो उसने उन्हें अनदेखा करते मनमर्जी से कार्य जारी रखा। इस संबंध में प्रखंड विकास पदाधिकारी अमित कुमार पासवान से पूछे जाने पर उन्होंने बताया कि निर्माण कार्य की कोई जानकारी नहीं है और न ही जिला स्तर से इस संबंध में कोई सूचना प्राप्त हुई है। वहीं विभागीय कनीय अभियंता सुजीत कुमार पाल से संपर्क करने की कोशिश की गयी। फोन करने के बावजूद उन्होंने कॉल रिसीव नहीं किया। ग्रामीणों की मांग है कि निर्माण कार्य को तत्काल रोका जाए और एक निष्पक्ष जांच कर दोषी संवेदक और अधिकारियों पर कार्रवाई की जाये।

## सांसद प्रतिनिधि ने मृतक के परिजनों से की मुलाकात



**कैरो (आजाद सिपाही)।** कैरो थाना क्षेत्र के हनहट निवासी सजिर अंसारी पिता गफफार अंसारी उम्र करीब 30 वर्ष को मंगलवार रात्रि हाथी द्वारा कुचलकर मार गये जाने की सूचना मिलने पर लोहरदगा लोकसभा के सांसद सुखदेव भगत ने गहरी शोक संवेदना व्यक्त किया। सांसद सुखदेव भगत जेपीसी की बैठक मे भाग लेने हेतु दिल्ली में हैं। उन्होंने घटनाक्रम की जानकारी लेते हुए अपने प्रतिनिधि साजिद अहमद को मृतक के घर भेजकर दुख इस घड़ी मे पीड़ित परिवार को हर संभव मदद करने की बात कही। सांसद प्रतिनिधी साजीद अहमद 9 बजे सुबह जिला निगरानी समन्वय समिति के सदस्य मनोज सोन तिर्की, युवा अध्यक्ष गुलाम जिलानी, कैरो प्रखंड अंजुमन के सेक्रेटरी समीद अंसारी,अंजुमन इस्लामिया कैरो के सेक्रेटरी मुस्लिम अंसारी, अखतर अंसारी,जोरावर खान, अविनाश उरांव के साथ पीड़ित परिवार के घर पहुंचकर मृतक के पिता से मिलकर गहरी शोक संवेदना व्यक्त किया एवं घटना की विस्तृत जानकारी ली। ग्रामवासियों ने बताया की घटना के 12 घंटा बीत जाने के बाद भी पुलिस प्रशासन घटना स्थल पर नहीं पहुंची जिसका हम सभी को दुख है। उन्होंने मृतक के परिवार वालो से कहा कि सांसद महोदय को सारी जानकारी देकर विभागीय स्तर पर जो भी प्रकिया हो जल्द से जल्द कराया जायेगा।


# एएनएम की लापरवाही से गर्भ में शिशु की मौत, महिला की जान को खतरे में डाला

आजाद सिपाही संवाददाता

**चंदवा।** चंदवा कामता पंचायत समिति सदस्य अयुब खान ने एक प्रेस ब्यान जारी कर कहा है कि चंदवा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रसव कक्ष के एएनएम की लापरवाही से गर्भ में नवजात शिशु की मृत्यु हो गयी है और माँ के जीवन को खतरे में डाल दिया गया है। उन्होंने बताया कि यह एक गंभीर लापरवाही है जिसपर दोषी एएनएम पर तुरंत कार्रवाई की आवश्यकता है। ताकि प्रसव के लिए जाने वाली दूसरे मां-शिशु की जान बचाया जा सके, कहा कि गर्भ में शिशु की कब मौत हुई एएनएम को पता तक नहीं चला या फिर एएनएम ने मामले को छिपाया।

**एएनएम ने प्रसव कक्ष में देखभाल में लापरवाही बरती :** शिशु गर्भ में शौच कर दिया है यह बोलकर एएनएम ने पेशेंट को रेफर करवाया। रेफर की गयी प्रसव पीड़ा से जूझ रही महिला को परिजनों ने आनन-फानन में सीएचसी से लेकर करीब बीस मिनट में चंदवा के एक प्राईवेट अस्पताल में पहुंचा। यहां चेकअप कर बताया गया है शिशु की मौत कई घंटे पहले ही हो चुकी है।

प्राईवेट अस्पताल में ऑपरेशन कर मृत शिशु को गर्भ से निकालकर मां की जान बचायी। पंचायत समिति सदस्य अयुब खान ने 13 मई 2025 को उपायुक्त



महोदय से शिकायत कर प्रसव कक्ष के दोषी एएनएम पर की कार्रवाई की मांग किया है। उपायुक्त को दिए शिकायत पत्र में कहा है कि 10 मई 2025 शनिवार समय करीब समय 9 से 11 पूर्वाह्न में ग्राम कामता निवासी तबस्सूम बानो प्रसव के लिए चंदवा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के प्रसव कक्ष गयी थी, जहां तबस्सुम बानो को भर्ती कर लिया गया था। भर्ती के समय उन्हें प्रसव पीड़ा- दर्द था।

11 मई रविवार सुबह में प्रसव कक्ष के एएनएम ने सब कुछ ठीक बताया कि बच्चे का धड़कन चल रहा है, सब कुछ ठीक है। नॉर्मल डिलीवरी हो जायेगा, धीरे-धीरे दर्द भी बढ़ेगा, पहला शिशु है लेट लतीफ होता है घबराने की जरूरत नहीं है। दूसरे पहर में एएनएम ने जांच कर बताया कि प्रोसेस आगे बढ़ रहा है, 9 बजे रात्री तक नॉर्मल डिलीवरी हो जायेगी, रात्री 10 बजे के करीब सलाइन चढ़ाया गया। बताया गया कि तीन बजे भोर भोर तक नॉर्मल डिलीवरी हो जायेगा। इसी बीच 12 मई समय करीब रात्री दो बजे पूर्वाह्न में प्रसव पीड़ा से जुझ रही तबस्सूम बानो जब बाथरूम गयी तो बीलिडिंग होने लगी, तुरंत चेकअप कर एएनएम ने बताया कि बच्चा गर्भ में शौच कर दिया है। इसे रेफर कर दे रहे हैं बाहर ले जाना होगा। गर्भ में शिशु की शौच करने की बात सुनकर परिजन घबरा गये। परिजनों ने तुरंत सीएचसी से सांइ नर्सिंग होम ले गये यहां चेकअप कर बताया गया कि बच्चे की मौत गर्भ में कई घंटे पहले ही हो चुकी है। ऑपरेशन के बाद तबस्सूम बानों का ब्लड भी चढ़ाया गया। तबस्सूम बानो अभी भी चंदवा सांई नरसिंग होम में इलाजरत हैं। तत्काल ऑपरेशन नहीं होने पर महिला की भी मौत हो सकती थी।


## दिल्ली पब्लिक स्कूल टंडवा का शत प्रतिशत रिजल्ट

**टंडवा (आजाद सिपाही)।** दिल्ली पब्लिक स्कूल टंडवा इस क्षेत्र की सीबीएसई से मान्यता प्राप्त एकमात्र विद्यालय में इस वर्ष भी दसवीं का रिजल्ट शत प्रतिशत रहा। परीक्षा में विद्यालय के 105 विद्यार्थी शामिल हुए। इनमें से अंशिका कुमारी और ऋषि देव 94.6 प्रतिशत, चित्रा सुरभि, आयुष कुमार 89% प्रियांशी प्रिया व आयुष सिंह 88% श्रेया कुमारी, जानवी राज 86% राहुल कुमार ,शशि कुमार 83 प्रतिशत सानिया इरफान 76% तथा आदित्य कुमार पांडे 65% लाकर विद्यालय की टॉप 10 स्थान प्राप्त कर विद्यालय को गौरवान्वित किया।

# जिशान रजा 94.4 प्रतिशत अंक लाकर बना विद्यालय टॉपर

**स्वामी विवेकानंद एलिट पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने सीबीएसई 10वीं बोर्ड परीक्षा में लहराया परचम, 100 प्रतिशत परिणाम**

आजाद सिपाही संवाददाता




**छतरपुर/पलामू।** सीबीएसइ की 10वीं बोर्ड परीक्षा 2024-25 के परिणाम की घोषणा हो चुकी है। जिसके बाद स्वामी विवेकानंद एलिट पब्लिक स्कूल छतरपुर में हर्ष का माहौल है। इस वर्ष विद्यालय से कुल 81 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी, जिनमें सभी उत्तीर्ण हुए और परीक्षाफल शत-प्रतिशत रहा। विद्यालय के चेयरमैन मुकेश कुमार ने इस उपलब्धि को शिक्षकों के मार्गदर्शन और छात्रों की मेहनत की सराहना की। मैनेजर एवं सचिव उपेंद्र कुमार ने कहा कि विद्यालय बच्चों के सर्वांगीण विकास और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए सदैव प्रयासरत है। वहीं निदेशक सुनील कुमार ने कहा कि विद्यार्थियों ने अपने प्रदर्शन से छतरपुर का नाम रोशन किया है। यह सफलता माता-पिता, शिक्षकों एवं समाज के सामूहिक सहयोग से संभव हो सकी है। मैनेजिंग डायरेक्टर यूएन कपूर ने कहा कि छतरपुर के बच्चों में प्रतिभा की कमी नहीं है। विद्यालय निरंतर अच्छे परिणाम दे रहा है। समिति सदस्य प्रेम शंकर शर्मा ने अभिभावकों से आग्रह किया कि वे बच्चों की शिक्षा में सतत रुचि लें और विद्यालय से संपर्क बनाए रखें। मुख्य कार्यकारी सदस्य शीतल सिंह ने विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दीं और माताओं से बच्चों की पढ़ाई पर विशेष ध्यान देने का अनुरोध किया। प्रधानाचार्य चंदन कुमार ने बताया कि विद्यालय का परीक्षाफल 100 प्रतिशत रहा, जिसमें छात्र जिशान रजा ने 94.4 प्रतिशत अंकों के साथ विद्यालय टॉप किया। कई छात्रों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए। उन्होंने सभी को शुभकामनाएं दी।

# रेहला एबीपीएस के विद्यार्थियों ने सीबीएसइ परीक्षा में लहराया परचम

**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** केंदीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के 10वीं एवं 12वीं की परीक्षा में रेहला स्थित आदित्य बिड़ला पब्लिक स्कूल के छात्र-छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया हैं। इस बार भी स्कूल का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। बच्चों ने अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन से स्कूल का नाम रोशन किया है। विद्यार्थियों के सफलता पर उनके परिवार में खुशी का माहौल है। 10वीं की परीक्षा में कुल 93 परीक्षार्थियों ने भाग लिया था जिसमें कुमारी मुस्कान पाल 94.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान पर रही। वहीं, सिद्धार्थ अमन एवं हर्षराज तिवारी 94 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय और हर्षिता यादव 93.4 % प्राप्त कर तृतीय स्थान पर रही। जबकि 12वीं की परीक्षा में विज्ञान संकाय में कुल 28 विद्यार्थियों ने भाग लिया। जिसमें रीतिका विश्वकर्मा ने 97 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान, जगदीश मरांडी ने 89.6 प्रतिशत द्वितीय स्थान और सानिया कुमारी ने 87.8 प्रतिशत अंक लाकर तृतीय स्थान पर रही। वाणिज्य संकाय में कुल 22 विद्यार्थियों ने भाग लिया, जिसमें उर्मि ठक्कर 88 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान, रिया अनिल तिवारी ने 85.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान और आस्मिन सिंह एवं अंजलि सिंह ने 84.2 प्रतिशत अंक लाकर तृतीय स्थान हासिल की। वहीं, 10वीं की परीक्षा में 12 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। क्रमशः गणित, कम्पयुटर, एआई सामाजिक विज्ञान विषय में सर्वोतम 100 में 100 अंक प्राप्त कर विद्यालय में नये कीर्तिमान स्थापित किये। इस अवसर पर ग्रासिम इंडस्ट्रीज के संस्थान प्रमुख हितेंद्र अवस्थी ने इसका पूरा श्रेय विद्यालय के प्राचार्य नुरुल हक के कुशल मार्ग दर्शन एवं अध्यापको के मेहनत एवं छात्रों के लगन एवं परिश्रम को बताया है। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य नुरुल हक एवं उप-प्राचार्या जेसी सजी मैथ्यू ने सभी छात्र-छात्राओं को शुभकामना देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस सफलता का श्रेय अध्यापकों के कुशल अध्यापन एवं मार्गदर्शन और छात्र-छात्राओ के कठिन परिश्रम को दिया है। प्राचार्य ने अध्यापक एवं बच्चे को सही दिशा में कार्य करने की प्रेरणा दी।

# रामगढ़ प्लस टू हाइ स्कूल के छात्र रानदय-रानी ने जिला स्तरीय कैरम प्रतियोगिता में लहराया परचम



**रामगढ़/पलामू (आजाद सिपाही)।** रामगढ़ प्रखंड अंतर्गत अपग्रेडेड प्लस टू हाई स्कूल रामगढ़ के छात्र-छात्राओं ने सीमित संसाधनों के बीच जिला स्तरीय कैरम प्रतियोगिता में प्रथम स्थान लाकर अपने प्रखंड का नाम रोशन किया। प्रखण्ड कार्यक्रम पदाधिकारी रोहित कुमार गुप्ता ने बताया कि खेल शिक्षक के रूप में ललन यादव, अविनाश गौड़ एवं सनी कुमार ने सीमित संसाधनों में छात्र-छात्राओं को निखारने में अहम योगदान दिया हैं जो शिक्षक बधाई के पात्र हैं। उन्होंने कहा कि रानदय भेंगरा और रानी कुमारी ने कैरम प्रतियोगिता में प्रथम स्थान लाया।

# छात्र ओम कपूर कैरम ने अंडर-19 (एकल) में किया पलामू में टॉप



आजाद सिपाही संवाददाता

**हरिहरगंज/पलामू।** जिले के हरिहरगंज प्रखंड अंतर्गत कोकरो पीएम श्री अपग्रेडेड प्लस टू हाई स्कूल के 9वीं कक्षा के छात्र ओम कपूर ने बुधवार को झारखंड शिक्षा परियोजना की ओर से आयोजित जिला स्तरीय कैरम टैलेंट प्रतियोगिता अंडर-19 (एकल) में प्रथम स्थान प्राप्त कर जिले का नाम रोशन किया है। जिसमें जिलेभर के विभिन्न स्कूलों के छात्रों ने भाग लिया। ओम कपूर की इस उपलब्धि पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक अरविंद प्रसाद गुप्ता ने उन्हें बधाई दी और उज्जवल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि ओम की मेहनत और समर्पण ने उसे इस मुकाम तक पहुंचाया है। वह अन्य छात्रों के लिए प्रेरणा का स्त्रोत बनेगा। उन्होंने ओम की सफलता की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएं छात्रों में खेलकूद के प्रति रुचि बढ़ाती है और मानसिक विकास में सहायक होती है। उन्होंने ओम को आगामी राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए शुभकामनाएं दीं। बता दें कि प्रधानाध्यापक अरविंद प्रसाद गुप्ता की ओर से विद्यालय में शिक्षा के साथ-साथ खेलों का भी महत्वपूर्ण स्थान दिया है। वे बच्चों के समग्र विकास के लिए समर्पित है। उनके द्वारा शैक्षणिक गतिविधियों के साथ-साथ शारीरिक, मानसिक और सामाजिक कौशलों को भी बढ़ावा दिया जाता है। यही कारण रहा कि ओम कपूर की इस सफलता से न केवल उनके विद्यालय, बल्कि पूरे जिले को गर्व महसूस हुआ है।

## रोजगार मेला का आयोजन

**विश्रामपुर/पलामू (आजाद सिपाही)। विश्रामपुर नप मुख्यालय स्थित 10+2 जनता उच्च विधालय में बुधवार को मुख्यमंत्री सारथी योजना के तहत रोजगार मेला का आयोजन किया गया। जिसमें 18 से 35 वर्ष तक के युवाओं ने भाग लिया और अपना-अपना रजिस्ट्रेशन कराया। बतातें चलें कि झारखंड सरकार की ओर से चलायी जा रही इस महत्वाकांक्षी योजना से बेरोजगार युवाओं को उनकी योग्यता अनुरूप रोजगार उपलब्ध कराना है। मौके पर सामाजिक कार्यकर्ता मोड्ड सत्तार खलीफा उर्फ पेंटर जिलानी, प्राचार्य भोला राय आदि मौजूद थे।**

## पीएम श्री कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में लगा स्वास्थ्य शिविर

**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** पीएम श्री कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में बुधवार को स्वास्थ्य शिविर लगाया गया। जिसमें सभी छात्राओं के हेल्थ कार्ड बनाए गए।

**सौगात : पलामू सांसद वीडी राम का रंग लाया प्रयास, बदलेगी आदिम जनजाति गांवों की तस्वीर**

# 1.13 अरब की लागत से पलामू-गढ़वा के विभिन्न प्रखंडों में 32 सड़कों का निर्माण

आजाद सिपाही संवाददाता



सांसद विष्णु दयाल राम।

**मेदिनीनगर।** केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्रालय ने प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना (पीएमजीएसवसई) के तहत प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महान अभियान (पीएम-जनमन) के अंतर्गत पलामू जिला में 100.137 किमी लंबी 21 सड़कों के निर्माण की स्वीकृति प्रदान कर दी है। इसके निर्माण पर 79 करोड़ 33 लाख 12 हजार रुपए खर्च किए जाएंगे। इसके अतिरिक्त गढ़वा जिला में 11 सड़कों (38.290 किमी) का भी निर्माण कराया जाएगा। उक्त जानकारी पलामू सांसद विष्णुदयाल राम के निजी सचिव अलख दूबे ने दी है। उन्होंने बताया कि पलामू संसदीय क्षेत्र अंतर्गत पलामू और गढ़वा की आदिम जनजाति के गांव में बेहतर सड़क कनेक्टिविटी के लिए विभिन्न प्रखंडों में कुल 32 सड़कों के निर्माण पर करीब एक अरब 13 करोड़ सात लाख रुपए खर्च किए जाएंगे। सांसद बीडी राम ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय ग्रामीण विकास कृषि एवं कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान को पलामू संसदीय क्षेत्र की पूरी जनता की ओर से धन्यवाद एवं आभार व्यक्त किया है।

## पलामू संसदीय क्षेत्र में इन सड़कों का होगा निर्माण

विश्रामपुर प्रखंड अंतर्गत सोहदाग खुर्द से कुम्बी कला मेन रोड तक, इटको पंचायत सचिवालय से सिंजो तक, कुंभी खुर्द मोड़ से ठेकी तक, पांडू पथलबंधवा से बरवाही वाया मचवा दामर तक। इसी तरह चैनपुर प्रखंड अन्तर्गत रकद रोड सलतुआ से कटींग कोरवा टोला तक, नावाडीह सुनगांई से कोरवा टोला होते हुए नावाडीह बरवा टोला करवा तक, बहेराखाड़ बाजार से बेनीडीह कबरा बाथन पुल तक, कांचन से तिनकोनियां मेन रोड़ तक। चैनपुर महोत मुरिया से डाटम मदगड़ा रोड़ होते हुए खैराही तक। कुंडपानी से बेली रोड होते हुए सरहुआ तक। नावा (बियादोहर) से डाटम होते हुए महुत मुरिया तक, इस्लामनगर मोड़ से धमनवां मेन रोड़ तक, मिशन स्कुल चौक से बेरमा मस्जिद चैक रोड़ तक। चैनपुर बरवाडीह पीडब्लुडी रोड़ से चुंगरा बांसडीह तक, छतरपुर प्रखंड अन्तर्गत छत्तरपुर मदनपुर आरईओ रोड़ पिंडराही से अहराही पडरिया टोला तक, पीडब्लूडी रोड़ दुनदुर तारडीह से दुनदुर रोड़ तक, छत्तरपुर एनएच 98 कुरौली रोड़ से कुरौली पडरिया टोला रोड तक। इसके अलावा रोड लेबर मोड़ से टुकटुका रोड तक, पीएमजीएस रोड अरार दुपटिया से थेखी वाया आरा रोड तक, तारादाग मोड़ से दिन्दी परहीया टोला तक व हुसैनाबाद के लपसेरा गांव से प्रतापपुर परहीया टोला वाया जिदीयाही तक की योजना शामिल है।

# नाबालिग के साथ सामूहिक दुष्कर्म का प्रयास, दो गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता

**पांकी/पलामू।** पांकी थाना क्षेत्र में एक नाबालिग लड़की के साथ सामूहिक दुष्कर्म की कोशिश का मामला सामने आया है। पुलिस को सूचना मिलने के बाद तुरंत कार्रवाई करते हुए दो आरोपितों को हिरासत में लिया है। हालांकि मुख्य आरोपी अभी भी फरार है। पुलिस उसकी तलाश में छापामारी कर रही है। जानकारी के अनुसार पीड़िता अपने किराये के मकान के बाहर खेल रही थी। तभी आरोपी मौके पर पहुंचे और उसे बहसा फुसला कर अपने साथ सुनसान जहग पर ले गये। यह देख पीड़िता की सहेली ने इसकी जानकारी परिजनों को दे दी। इसके बाद परिजन पीड़िता को खोजने निकले। परिजनों ने सुनसान जगह पर देखा की आरोपी दुष्कर्म का प्रयास कर रहे। जैसे ही परिजन मौके पर पहुंचे आरोपी अपनी बाइक छोड़कर मौके से फरार हो गए। इसके बाद थाने में शिकायत की गयी, जिसके बाद पुलिस ने कार्रवाई करेत हुए मामले में दो आरोपियों को हिरासत में ले लिया है। साथ ही मुख्य आरोपी की तलाश जारी है। वहीं पीड़िता को मेडिकल जांच के लिए भेज दिया गया है। पीड़िता का न्यायिक दंडाधिकारी के समक्ष भी बयान दर्ज करवाया जाएगा।। पुलिस का कहना है कि मुख्य आरोपित जल्द पुलिस की गिरफ्त में होगा।

# छतरपुर से हथियार-कारतूस सहित किशोर गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता



**छतरपुर।** थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर छापामारी कर बुधवार को केरकी ग्राम से एक किशोर को देसी कट्टा और जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। इसकी जानकारी एसडीपीओ अवध कुमार ने संवाददाता सम्मेलन आयोजित कर दी। उन्होंने बताया कि पकड़े गए युवक की पहचान उपेंद्र लोहार (19) के रूप में हुईहै। वह छतरपुर के केरकी ग्राम का रहने वाला है। एसडीपीओ ने बताया कि थाना प्रभारी प्रशांत प्रसाद के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम ने छापामारी कर आरोपी को उस वक्त पकड़ा जब वह अवैध हथियार के साथ किसी आपराधिक वारदात को अंजाम देने की फिराक में घूम रहा था। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह मजदूर आपूर्ति का काम करता है। करीब 3-4 दिन पहले उसने एक व्यक्ति से 18 हजार रुपये में देसी कट्टा खरीदा था। उसका इरादा उसे 50 हजार रुपये में बेचने का था। पुलिस की मानें तो आरोपी पहले भी जेल जा चुका है। हाल ही में रिहा हुआ था। वह अक्सर घर से बाहर रहकर अवैध गतिविधियों में संलिप्त रहता है। छतरपुर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट की धारा 25(1-इ)/35 के तहत मामला दर्ज कर उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। पुलिस मामले की गहन जांच कर रही है। साथ ही उससे जुड़े अन्य आपराधिक गिरोह का भी पता लगाने का प्रयास कर रही है। वहीं, छापामारी दल में पुअनि अशोक टोप्पो, पुअनि सुशील उरांव, पुअनि राहुल कुमार और छतरपुर थाना के सशस्त्र बल शामिल थे।

# बराही धाम में विश्व के सबसे ऊंचे 551 फीट के मां दुर्गा मंदिर के निर्माण का हुआ भूमि पूजन

## भोजपुरी स्टार पवन सिंह के भक्ति गीतों पर झूमे श्रोता

**देश के प्रसिद्ध संत, राजनेता एवं हजारों श्रद्धालुओं का हुआ जुटान**

आजाद सिपाही संवाददाता




**हुसैनाबाद।** अनुमंडल क्षेत्र के बराही धाम परिसर में हुसैनाबाद विधायक संजय सिंह यादव, प्रखंड प्रमुख राजकुमारी देवी, शिवांश चेरिटेबल ट्रस्ट के संरक्षक रणधीर सिंह, ट्रस्ट के सचिव आलोक कुमार सिंह द्वारा विश्व की सबसे ऊंची दुर्गा मंदिर के निर्माण को लेकर बुधवार को गाजे बाजे के भूमि पूजन किया गया। इसमें राजनीतिक दलों के नेताओं, हजारों श्रद्धालु भी शामिल हुए। पंडित सुंदरराज जी महाराज, पूज्य गौरांगी गौरी जी, रामानंदन गुरु जी, कौशलेंद्र गुरु जी, मिथिला बिहारी दास जी, मनीष दास जी, मुकेश दास जी महाराज सहित कई विद्वान पंडितों और अयोध्या, काशी सहित देश के कोने-कोने से आए महान साधु संतों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार कर विधिवत भूमि पूजन कार्यक्रम संपन्न कराया गया। इसके पूर्व शिवांश चेरिटेबल ट्रस्ट के पदाधिकारियों द्वारा कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में शामिल पूर्व सांसद सह भाजपा के वरीय नेता बृजभूषण शरण सिंह सहित विशिष्ट अतिथियों एवं साधु संतों को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। वहीं, भूमि पूजन के बाद भक्ति जागरण का आयोजन हुआ, जिसमें भोजपुरी के स्टार अभिनेता-गायक पवन सिंह और विपिन मिश्रा ने एक से बढ़कर एक भक्ति गीतों से श्रोताओं को झूमने पर मजबूर कर दिया। इस अवसर पर वृजभूषण शरण सिंह ने ने कहा कि बराही धाम में ऐसा मंदिर बनाने जा रहे हैं जो विश्व की सबसे ऊंची होगी। ईश्वर की कृपा से विश्व की सबसे ऊंची दुर्गा मां की मंदिर का निर्माण बराही में होने जा रहा है। इसमें तन-मन-धन से सभी को सहयोग करना है। इस मौके पर पूर्व सांसद सुनील सिंह, विश्रामपुर विधायक नरेश सिंह, नबीनगर विधायक डब्ल्यू सिंह, पूर्व सांसद घूरन राम, पूर्व ज़िप उपाध्यक्ष विनोद सिंह, भाजपा नेता ज्योतिरीश्वर सिंह, शिवांश चेरिटेबल ट्रस्ट के सचिव सह ज़िप उपाध्यक्ष आलोक कुमार सिंह, शिवांश चेरिटेबल ट्रस्ट के संरक्षक रणधीर सिंह, राजद नेता विनय कुमार सिंह यादव, अंतर्राष्ट्रीय भागवत कथा वाचिका पूज्य गौरांगी गौरी, भोजपुरी गायक गुंजन सिंह सहित कई लोग मौजूद रहे।

# पीडीएस डीलर और खाद्य आपूर्ति पदाधिकारी की साठगांठ से राशन कार्डधारी परेशान : प्रखंड प्रमुख



**चैनपुर/पलामू (आजाद सिपाही)।** चैनपुर प्रखंड मुख्यालय सभागार में प्रखंड खाद्य आपूर्ति पदाधिकारी अभिषेक कुमार ने पीडीएस डीलरो के साथ बैठक की थी। जिसकी अध्यक्षता प्रखंड प्रमुख गायत्री देवी करने वाली थीं। लेकिन प्रमुख गायत्री देवी को लिखित सूचना तो दूर मौखिक जानकारी भी नहीं दी गई थीं। इस संदर्भ में प्रमुख गायत्री देवी ने कहा कि विगत सोमवार को खाद्य आपूर्ति पदाधिकारी ने नियम को ताक पर रखते हुए उनकी गैर मौजूदगी में पीडीएस डीलरो के साथ बैठक कर ली। इससे साबित होता हैं कि पीडीएस डीलर और खाद्य आपूर्ति पदाधिकारी की साठगांठ हैं। तभी हमारे प्रखंड के ग्रामीण जनता पीडीएस डीलर से परेशान हैं। जब इसकी शिकायत क्षेत्र के राशन कार्डधारी उनसे करते हैं और वे खाद्य आपूर्ति पदाधिकारी से बात करती हैं तो अधिकारी द्वारा गोल मटोल जवाब देकर बरगलाने की कोशिश की जाती है। उनकी ओर से कार्रवाई के नाम पर खानापूर्ति की जाती हैं। यहीं कारण हैं कि खाद्य आपूर्ति पदाधिकारी प्रमुख के गैर हाजिरी में भी पीडीएस डीलरो के साथ बैठक कर लिये। उन्होंने कहा कि वरीय अधिकारी से मिलकर इसकी लिखित शिकायत करेंगे।

# जपला आरपीएफ ने चलाया विशेष जांच अभियान, 12 यात्री गिरफ्तार




**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** सोननगर-गढ़वा रोड रेल खंड के जपला रेलवे स्टेशन पर आरपीएफ निरीक्षक प्रभारी राजेश कुमार मीना के नेतृत्व में अधिकारी एवं स्टाफ की ओर से विशेष अभियान चलाया गया। जिसमें रेल अधिनियम के तहत गाड़ी संख्या 53350 डाउन में महिला, दिव्यांग कोच एवं एसएलआर में अनाधिकृत रूप से यात्रा कर रहे 12 लोगों को गिरफ्तार किया। आरपीएफ इंस्पेक्टर प्रभारी राजेश कुमार मीना ने बताया कि अनाधिकृत रूप से यात्रा करने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध अभियान चलाया गया। जिसमें धारा 162 रेलवे एक्ट में 7 एवं धारा 155 रेलवे एक्ट में 5 व्यक्तियों को गिरफ्तार कर डाल्टनगंज न्यायिक दंडाधिकारी को अग्रसारित किया गया है। बताया कि न्यायालय ने सभी को जुर्माना देने के उपरांत रिहा कर दिया है। उन्होंने बताया कि यह अभियान लगातार जारी रहेगा। इस अभियान में आरपीएफ के एसआई कार्तिक बिंझा सहित कई पुलिस कर्मी शामिल थे।

# हार्वे मध्य विद्यालय के विद्यार्थियों ने किया भीम बराज का शैक्षणिक भ्रमण

## बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए शैक्षणिक गतिविधि जरूरी : प्रधानाध्यापक



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** प्रखंड अंतर्गत हार्वे राजकीय मध्य विद्यालय के छात्र-छात्राओं को बुधवार को मोहम्मदगंज स्थित भीम बराज का शैक्षणिक भ्रमण कराया गया। इसकी जानकारी प्रभारी प्रधानाध्यापक रंजीत कुमार ने दी। उन्होंने बताया कि शैक्षिक भ्रमण छात्र-छात्राओं को नई चीजें सीखने और अपनी रुचि को बढ़ावा देने का अवसर प्रदान करता है। कहा कि शैक्षणिक भ्रमण के दौरान बच्चों ने खुले जगह में घूम कर और चीजों को देखकर अलग अनुभव किया। कहा कि विद्यार्थियों को शैक्षणिक भ्रमण पर ले जाने से उन्हें वहां की गतिविधियों के बारे में सीखने का अवसर मिलता है। साथ ही शैक्षणिक भ्रमण से बच्चों में शिक्षा के प्रति सही दृष्टिकोण विकसित होती है। शैक्षणिक भ्रमण से बच्चे जो सीखते है वह किताबों से नहीं सीख सकते हैं। भ्रमण दल में शिक्षिका कुमारी प्रीतिलता, कम्प्यूटर शिक्षक राजेश कुमार, विद्यालय प्रबंधन के अध्यक्ष मोहसिन इदरीसी, संयोजिका संध्या देवी सहित छात्र-छात्राएं शामिल थे।

# लंगटा पबेया में युवक ने की विधवा भाभी की हत्या

साक्ष्य छुपाने के लिए कुआं में डाला शव, पुलिस ने किया गिरफ्तार



आजाद सिपाही संवाददाता

**सिसई।** प्रखण्ड थाना क्षेत्र के लंगटा पबेया गांव में चचेरे देवर ने अपनी ही विधवा भाभी की हत्या कर शव को कुएं में डाल दिया। बुधवार को ग्रामीणों ने कुंआ में अज्ञात शव होने की सूचना सिसई पुलिस को दी। सूचना पर थाना प्रभारी संतोष कुमार सिंह दल बल के साथ घटना स्थल पहुंचे। शव को कब्जे में लेकर पुलिस ने छानबीन की और तत्काल हत्यारोपी देवर गुरुदयाल उरांव को गिरफ्तार कर लिया।

पूछताछ में गुरुदयाल ने हत्या की बात स्वीकार करते हुए बताया कि मृतिका फुलमनी देवी के पति दिलीप उरांव की 2015 में मौत हो गयी है, तब से गुरुदयाल और फुलमनी पति पत्नी के रूप में एक साथ रहते थे। मृतिका का अन्य लोगों से अवैध संबंध होने के शक में अक्सर लड़ाई झगड़ा होता था, गांव में बीते चार दिनों से चार अलग-अलग घरों में शादी समारोह चल रहा था, गांव में मंगलवार रात को बारात आया हुआ था। इसी दौरान फुलमनी शौच के लिए खेत की ओर गयी थी। पीछे से नशे की हालत में गुरुदयाल पहुंचा और शक में उसने फुलमनी के साथ मार-पीट की और गला दबाकर फुलमनी की हत्या कर दिया। शव को छुपाने की नियत से घटना-स्थल से एक किलोमीटर दुर करकरी पावर हाउस के नीचे खेत मे बने कुंआ में ले जाकर डालकर वापस शादी समारोह में शामिल हो गया। बुधवार को स्थानीय ग्रामीणों ने कुंआ में शव होने की सूचना पुलिस को दी।

## कैरम खेलने से बच्चों में मानसिक और शारीरिक विकास होता है : मेरी लकड़ा



**चैनपुर (आजाद सिपाही)।** चैनपुर पुस्तकालय भवन में अंडर 17 और अंडर 19 प्रखंड स्तरीय कैरम प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में लुथरन हाई स्कूल चैनपुर, प्रोजेक्ट प्लस टू हाई स्कूल चैनपुर, और जे बी ए वी चैनपुर के लड़के और लड़कियों ने भाग लिया। जिला परिषद सदस्य मेरी लकड़ा के द्वारा दीप प्रज्लवित कर इस प्रतियोगिता का उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर पदाधिकारियों ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि कैरम जैसे खेलों से बच्चों में मानसिक और शारीरिक विकास होता है। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। लड़कों और लड़कियों के वर्ग में अलग-अलग पुरस्कार दिए गए। विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य बच्चों में खेल के प्रति रुचि बढ़ाना और उनकी प्रतिभा को निखारना है। जीप सदस्य मेरी लकड़ा ने खिलाड़ियों को प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि इस तरह के आयोजन से खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का मौका मिलेगा और वे अपने कौशल में सुधार कर सकेंगे।

## कैरम टैलेंट प्रतियोगिता में पांच विद्यालयों के विद्यार्थियों ने लिया भाग



**घाघरा (आजाद सिपाही)।** घाघरा शिक्षा विभाग प्रखंड संसाधन केंद्र में कैरम टैलेंट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें प्रखंड क्षेत्र के चयनित नव विद्यालयों में से पांच विद्यालय के छात्र छात्रा उपस्थित हुए। इस क्रम में अंडर 17 बालक, बालिका वर्ग में मॉडल स्कूल घाघरा, अंडर 19 बालक, बालिका वर्ग में मॉडल स्कूल घाघरा विजेता रहा। वही अंडर 17 बालक, बालिका वर्ग में सिंगल खिलाड़ी में एंजल भगत, अभिजीत राय मॉडल स्कूल घाघरा, अंदर19 बालक, बालिका वर्ग में सिंगल खिलाड़ी में दीपिका कुमारी अनीश रजा मॉडल स्कूल घाघरा विजेता रहे। बता दें कि पूरे प्रतियोगिता में मॉडल स्कूल घाघरा विजेता रहा। उक्त प्रतियोगिता में मॉडल स्कूल घाघरा, एसएस हाई स्कूल घाघरा, प्रोजेक्ट बालिका विद्यालय घाघरा, उच्च विद्यालय आदर, पीएम श्री उच्च विद्यालय इचा, के छात्र-छात्रा शामिल हुए। जबकि उत्क्रमित उच्च विद्यालय टोटाम्बी, प्रोजेक्ट स्कूल बदरी, उत्क्रमित उच्च विद्यालय बरवाटोली, उत्क्रमित उच्च विद्यालय हापामुनि विद्यालय के छात्र छात्रा अनुपस्थित रहे। बतातें चलें की प्रतियोगिता में चारों अनुपस्थित रहे विद्यालय के शिक्षकों का बच्चों के भविष्य से कोई लेना देना नहीं है। ऐसा प्रतीत होता है। बच्चों को एक बेहतर अवसर और प्लेटफार्म मिला था लेकिन शिक्षकों द्वारा लापरवाही बरती गई। वही मौके पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए बीपीओ पुष्पा टोप्पो ने कहा कि विजेता विद्यालय और प्रतिभागी जिला स्तर पर होने वाले कैरम टैलेंट प्रतियोगिता में शामिल होंगे। वही बच्चों को मोमेंटो और मेडल देकर सम्मानित किया गया। मौके पर कई विद्यालय के शिक्षक शिक्षिका छात्र-छात्रा उपस्थित थे।

## संत मेरीज स्कूल का मैट्रिक परीक्षा का रिजल्ट रहा शत प्रतिशत, शिक्षकों ने दी शुभकामना



**सिसई (आजाद सिपाही)।** सीबीएसई बोर्ड ने मंगलवार शाम को मैट्रिक परीक्षा का रिजल्ट जारी कर दिया हैं। गुमला जिला के सिसई प्रखंड अंतर्गत बसिया रोड स्थित संत मेरिज स्कूल का रिजल्ट इस वर्ष भी बेहतर रहा, विद्यालय से टॉप 10 में ऋषिका राज 89.2 प्रतिशत, आदित्य आर्यन लकड़ा 85 प्रतिशत, संतोषी उरांव 81.8 प्रतिशत, रिशु महतो 81.6 प्रतिशत, अल्बिया माही 79.6 प्रतिशत, रोशनी कुमारी 79.2 प्रतिशत, पौनी कुमारी 79 प्रतिशत, आकृति कुजूर 76.8 प्रतिशत, अत्यंत पन्ना 76 प्रतिशत, करीना कुमारी 75.6 प्रतिशत लाकर विद्यालय और परिवार का नाम रोशन की है। दिन बुधवार को विद्यालय में समान समारोह का आयोजन किया गया जिसमें विद्यालय के प्रधानाध्यापक फादर अमन वीरेंद्र मिंज ने सभी विद्यार्थियों को मीठा खिलाकर बधाई दिए और उज्जवल भविष्य की कामना भी किये। इस मौके पर विद्यालय के सभी शिक्षक शिक्षिकाएं और कर्मचारी उपस्थित थे।

## देवाकी देवी ने सेवानिवृत्त रसोइया की जगह परिजनों को नौकरी देने की मांग की



**गुमला (आजाद सिपाही)।** झारखण्ड प्रदेश विद्यालय रसोइया संयोजिका संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष सह जिला अध्यक्ष देवकी देवी ने डीसी को ज्ञापन देकर 60 साल पूरे रसोइयों की जगह परिजनों को नौकरी देने की मांग की है। ज्ञापन में कहा गया है कि जिले के स्कूलों में काम कर रहे रसोइयों का मानदेय अब तक नहीं मिला है। कई बार मांग के बाद भी भुगतान नहीं हुआ। रसोइयों ने कहा कि वे 20-25 रुपये रोज पर सालों से काम कर रहे हैं। 21 साल से स्कूलों में सेवा दे रहे हैं। अब बुढ़ापे में खाने तक के पैसे नहीं हैं। न बचत हुई, न पेंशन का कोई सहारा है। रसोइयों ने मांग की है कि जिनकी उम्र 60 साल पूरी हो गयी है, उनकी जगह उनकी बेटी, बहू या परिवार के किसी सदस्य को ही रखा जाये। 2018 में भी ऐसा ही किया गया था। उसी तरह अब भी व्यवस्था की जाये। रसोइयों ने चेतावनी दी है कि अगर 25 मई 2025 तक यह मांग पूरी नहीं हुई, तो 29 जून 2025 को जिला शिक्षा अधीक्षक कार्यालय गुमला में ताला जड़ा जायेगा। इस आंदोलन की जिम्मेदारी विभाग की होगी। रसोइयों ने प्रशासन से अपील की है कि इस मांग को इंसानियत के नाते समझा जाये। संगठन ने कहा कि वे हमेशा प्रशासन के सहयोग के लिए तैयार है।

## मिट्टी धंसने से मजदूर दबकर घायल

**गुमला (आजाद सिपाही)।** सिसई थाना क्षेत्र अंतर्गत बांस टोली नदी में बालू निकालने के क्रम में बांस टोली टोली निवासी 18 वर्षीय अरविंद उरांव पिता अनिल उरांव मिट्टी से दबने से गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद ट्रैक्टर मालिक और परिजनों के द्वारा सदर अस्पताल लाया गया जहां उसका इलाज चल रहा है। जानकारी के मुताबिक बुधवार की सुबह 9 बजे मजदूर अपने तीन साथियों और ट्रैक्टर चालक के साथ बांस टोली नदी में बालू निकाल रहा था।

## आंगनबाड़ी सेविकाओं ने लगाये गये आरोप के जवाब में डीसी को दिया आवदेन

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** नगर परिषद के विभिन्न आंगनबाड़ी केन्द्रों में कार्यरत सेविकाओं ने उपायुक्त को आवेदन सौंपा। आवेदन में बताया कि वे मंइया सम्मान योजना के सत्यपन कार्य को पूरी इमानदारी, निष्ठा और पारदर्शिता के साथ निःशुल्क रूप से सम्पादित कर रही है। इस कार्य में उनका उद्देश्य केवल योजना के लाभार्थियों तक लाभ पहुंचाना और सरकारी निर्देशों का पालन करना है। उन्होने वार्ड नं 4 अंबेडकर नगर की एक सहिया व एक सामाजिक संस्था की जिला सचिव के द्वारा उनके विरुद्ध की गयी शिकायत का खंडन किया। सेविकाओं का कहना है कि जब से उन लोगों ने मंइया सम्मान योजना के सत्यपन कार्य शुरू किया है तब से उक्त सहिया अपने कुछ परिचित व्यक्तियों के साथ मिलकर नगर परिषद के विभिन्न आंगनबाड़ी केन्द्रों में जाकर उन्हें धमकाने का प्रयास कर रही है। वह बार बार आरोप लगा रही है कि वे सत्यापन कार्य के लिए लाभार्थियों से पैसा ले रही है। सेविकाओं ने कहा कि पूर्णतः असत्य और निराधार है। सेविकाओं ने बताया कि उक्त सहिया मांग कर रही है कि सेविका कथित रूप से सत्यापन का पैसा लाभार्थियों से लें और उसे हिस्सा दें अन्यथा वह सेविकाओं के खिलाफ झूठे आरोप लगाकर सेविकाओं की सेवा को समाप्त करा देगी। सेविकाओं ने उपायुक्त से उक्त सहिया और उसके सहयोगियों के खिलाफ उनके अनुचित व्यवहार और धमकियों पर कानूनी एवं प्रशासनिक कार्यवाई की मांग की है। ।

## महिला ने सैलून संचालक दंपति पर 1.50 लाख रुपये लेकर फरार होने का लगाया आरोप

**गुमला (आजाद सिपाही)।** सदर प्रखंड के तेलगाव की रहने वाले शिव कच्छप ने सैलून संचालक दंपती पर 1.50 लाख रुपए लेकर फरार होने का आरोप लगाया है। महिला ने बताया कि वह पिछले 10 से 12 साल से लोहरदगा रोड कुम्हार टोली स्थित मीना देवी और उसके पति सुनील ठाकुर के सैलून में बाल और दाढ़ी बनाने जाते थे। इसी दौरान दोनों से जान-पहचान हो गयी। शिव कच्छप ने बताया कि सुनील ठाकुर ने बैंक कॉलोनी दुन्दरिया में जमीन रजिस्ट्री कराने के नाम पर उनसे 1.50 लाख रुपए मांगे। 18 सितंबर 2024 को एग्रीमेंट के साथ यह राशि दी गयी। लेकिन तय समय बीतने के बाद भी पैसा नहीं लौटाया गया। शिकायतकर्ता ने बताया कि जब वह पैसा मांगने गया तो दोनों टालमटोल करने लगे। इसके बाद जब उनके घर पहुंचा तो वहां ताला लगा मिला। आसपास के लोगों से पता चला कि दोनों परिवार समेत गुमला छोड़कर भाग गये हैं।

## टेंपो के पलटने से नाबालिग घायल

**घाघरा (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के आरंगी झारखंड डीपा के समीप अनियंत्रित होकर टेंपो पलटने से नाबालिग बच्चा घायल हो गया। घायलों मे लुदगो ग्राम निवासी सचिन बैठा, अभिषेक उरांव के नाम शामिल है।वही दोनों घायलों को ग्रामीणों के सहयोग से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र घाघरा लाया गया। जहां चिकित्सक द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद सचिन बैठा को गुमला सदर हॉस्पिटल रेफर कर दिया गया। घटना के बाबत मिली जानकारी के अनुसार टेंपो में सवार होकर दोनों नाबालिक बच्चे आरंगी से लुदगो गांव अपने घर जा रहे थे। इसी क्रम में टेंपो आरंगी झारखंड डीपा के पास अनियंत्रित होकर पलट गया जिससे दोनों घायल हो गये।

## कामडारा में मंडा पूजा का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता



**कामडारा।** कामडारा शिव मंडा समिति कामडारा के तत्वाधान में महादेव मंडाटांड़ परिसर कामडारा में मंडा पूजा संपन्न हुआ। प्रखंड के कामडारा गांव में मंडा पूजा का आयोजन हुआ जहां भक्तों ने आंगारों चलकर दिखाया भक्ति की अग्नि परीक्षा। मंडा पूजा के दौरान भगवान शिव की आराधना की जाती है जहा श्रद्धालु 24 घंटे की कड़ी उपासना के बाद बुद्धवार की सुबह 5 बजे फूलखुंदी फिर उसके बाद झूलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। दहकते अंगारों पर नंगे पांव चल कर तथा चालीस फिट की ऊंचाई में झूलन में झूलते हुए फूल बिखेरते है जिसे महिलाएं अपनी आंचल समेटी हैं।साथ ही ग्रामीणों के मनोरंजन के लिए आधुनिक नागपुरी रंगारंग कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। जहां झारखंड के प्रसिद्ध कलाकार सिंगर नितेश कच्छप चिंता देवी कय्यूम अब्बास रोहिणी रानी डांसर पायल कुमारी कोमल समेत कई अन्य कलाकार अपनी कला का प्रदर्शन कर दर्शकों को झुमाया।

भाजपा नेता अजीत तोपनो ने मंडा समिति को पांच हजार एक रुपया का सहयोग तथा पूजा में शामिल पैंतालिश भगतियों को धोती गमछा देकर प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम में समिति के बबलू रजक, मनीष साहू,जमुना प्रसाद, संजय साहू, रंजन साहू, हीरा साहू, अनिल हेमरोम, अशोक ओहदार और अन्य सदस्य शामिल रहे।

स्पोर्ट्स



यह प्रतियोगिता 4 जनवरी 2026 तक चलेगी, जिसमें 6 टीमों के बीच 34 मुकाबले खेले जायेंगे।

## यूएइ नेशनल डे पर शुरू होगा डीपी वर्ल्ड टी20 लीग का चौथा सीजन

आजाद सिपाही संवाददाता




**नयी दिल्ली।** डीपी वर्ल्ड अंतरराष्ट्रीय लीग टी-20 के चौथे संस्करण की शुरूआत इस साल के अंत में 2 दिसंबर को संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के राष्ट्रीय दिवस के अवसर पर होगी। यह प्रतियोगिता 4 जनवरी 2026 तक चलेगी, जिसमें 6 टीमों के बीच 34 मुकाबले खेले जायेंगे। इस बार टूर्नामेंट का आयोजन उसके पारंपरिक जनवरी-फरवरी समय से पहले किया जा रहा है, क्योंकि अंतरराष्ट्रीय टी-20 विश्व कप फरवरी-मार्च 2026 में होने वाला है। टी-20 लीग के अध्यक्ष और अमीरात क्रिकेट बोर्ड के उपाध्यक्ष खालिद अल जरूनी ने कहा, हमें यह घोषणा करते हुए बेहद खुशी हो रही है कि लीग का चौथा संस्करण यूएई के राष्ट्रीय पर्व ईद-अल-इत्तिहाद पर शुरू होगा। यह दिन हमारे लिए गर्व का प्रतीक है और दुनियाभर के करोड़ों क्रिकेट प्रेमियों के लिए उत्सव का अवसर भी। यूएई विभिन्न देशों से आए लोगों का घर है और यह लीग हमारे इस विविधता भरे समाज को एकजुट करने का अवसर देती है।

टी-20 लीग के मुख्य कार्यकारी अधिकारी डेविड व्हाइट ने कहा, ह्लहमने सभी संबंधित पक्षों से चर्चा के बाद दिसंबर-जनवरी की अवधि तय की है, जिससे विश्व कप से पहले खिलाड़ियों को राष्ट्रीय टीम की तैयारी का पूरा समय मिल सके।ह्व उन्होंने आगे कहा, ह्लयह समय टीमों को बेहतर खिलाड़ियों की उपलब्धता भी देगा, जिससे मुकाबले और रोमांचक होंगे। पिछले सीजन में दुनियाभर के दिग्गज खिलाड़ी मैदान में नजर आये थे।

## रायडीह में कैरम प्रतियोगिता का आयोजन



**रायडीह (आजाद सिपाही)।** बुधवार को झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद रांची के निर्देशानुसार प्रखंड संसाधन केंद्र रायडीह में प्रखंड स्तरीय कैरम टैलेंट प्रतियोगिता आयोजित की गयी। जिसमें विभिन्न विधालयों के प्रतिभागी विजेता बने। अंडर 17 ब्वॉयज (सिंगल) सुजल लकड़ा (मॉडल स्कूल रायडीह), अंडर 17 गर्ल्स (सिंगल) पुजा उरांव (मॉडल स्कूल रायडीह), अंडर 19 ब्वॉयज (सिंगल) क्षितिज कुमार गुप्ता (पीएम श्री एसएस उच्च विधालय रायडीह) अंडर 19 गर्ल्स (सिंगल) सोनाक्षी कुमारी (राजकीय उतक्रमित उच्च विधालय सिलम), अंडर 17 ब्वॉयज (डबल) मॉडल स्कूल रायडीह, अंडर 17 गर्ल्स (डबल) केजीबीवी रायडीह अंडर 19 ब्वॉयज (डबल) पीएम श्री एसएस उच्च विधालय रायडीह अंडर 19 गर्ल्स (डबल) पीएम श्री एस.एस उच्च विधालय रायडीह। इस कार्यकम में प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी अभिजीत सेन सभी संकुल साधन सेवी, प्रखंड साधन सेवी, खेल शिक्षक उत्तम लकड़ा, कुमार अभिषेक,कमला कुमारी, संदीप कुमार भगत और प्रतिभागी उपस्थित थे।

## बालिका वर्ग सिंगल कैरम में मनीता कुमारी और डबल में खुशबू कुमारी एवं नेहा कुमारी रही विजयी



**बिशुनपुर (आजाद सिपाही)।** प्रखंड मुख्यालय स्थिति प्लास टु हाई स्कूल के प्रांगण में बुधवार को झारखंड शिक्षा परियोजना गुमला के प्रखंड संसाधन केंद्र बिशनपुर द्वारा प्रखंड स्तरीय कैरम टैलेंट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें अंडर 17 एवं अंडर 19 बालक एवं बालिका वर्ग में सिंगल कैरम एवं युगल कैरम का आयोजन किया गया। जहां बिशुनपुर प्रखंड में संचालित विभिन्न विद्यालय के 9 से 12 कक्षा में पढ़ने वाले तमाम छात्र-छात्राएं शामिल हुए। जिसमें अंडर 17 बालिका वर्ग सिंगल कैरम में कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय की छात्रा मनीता कुमारी एवं डबल कैरम में कस्तूरबा की खुशबू कुमारी एवं नेहा कुमारी विजेता घोषित की गयी। वहीं बालक वर्ग अंडर 17 में प्लस टू हाई स्कूल बिशुनपुर के छात्र सिंगल कैरम में आकाश उरांव डबल चारों में आकाश उरांव एवं सुकरा उरांव ने बाजी मारी। जबकि अंडर 19 बालिका वर्ग सिंगल कैरम में कस्तूरबा विद्यालय की सुशिता कुमारी डबल कैरम में रितिका कुमारी एवं राधा कुमारी द्वारा जीत हासिल की गयी। मौके पर प्रखंड संसाधन केंद्र के बीपीओ नीरज कुमार सिन्हा के द्वारा सभी विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत कर उज्जवल भविष्य की कामना देते हुए कहा गया कि इस इस प्रतियोगिता में जो भी प्रतिभागी विजय हुए हैं। उन्हें अब जिला स्तरीय कैरम टैलेंट प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए भेजा जाएगा। इसलिए आप लोग पूरे इमानदारी के साथ और जोर से मेहनत करें ताकि जिला स्तरीय प्रतियोगिता में बिशुनपुर का नाम रोशन हो सके।

## अनन्या सोनी 91.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर बनी साइंस सेंटर गुमला की टॉपर

**गुमला (आजाद सिपाही)।** गुमला के पालकोट रोड स्थित साइंस सेंटर कोचिंग संस्थान के सभी छात्रों का सीबीएसई 12वीं परीक्षा में शानदार प्रदर्शन रहा संस्थान के सभी 56 छात्र प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण हुए। अनन्या सोनी ने सर्वाधिक 91.6 प्रतिशत लाकर संस्थान की टॉपर बनी। वहीं शौर्य राज 87 प्रतिशत, अनमोल 86 प्रतिशत, आरची अलीशा किंडो 84.8 प्रतिशत, शुभम कु साहु 84 प्रतिशत, अराधना कुमारी 83.6 प्रतिशत, पुजा कुमारी 83 प्रतिशत, शगुन विश्वकर्मा 81.6 प्रतिशत, प्रज्ञा रानी 80.8 प्रतिशत, लेखा कुमारी 80 प्रतिशत लाकर संस्थान का नाम रोशन किया। संस्थान के निदेशक शिव कु साहु ने छात्रों की सफलता पर खुशी व्यक्त की तथा कहा यह शिक्षकों एवं छात्रों का कठिन परिश्रम का परिणाम है। निदेशक के अलावा संस्थान के सभी शिक्षकों ने छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए बधाई दी।

**जिला मत्स्य कार्यालय, लातेहार**

**मत्स्य जीवी सहयोग समिति हेतु आम सूचना**

एतद् द्वारा लातेहार जिला अन्तर्गत प्रखण्ड स्तर पर निबंधित मत्स्य जीवी सहयोग समिति /पंचायत स्तर पर निबंधित मत्स्य जीवी सहयोग समिति तथा जलाशय स्तर पर निबंधित मत्स्य जीवी सहयोग समिति को सूचित किया जाता है कि अपने कार्यक्षेत्र के अन्तर्गत राजस्व जलकरों / जलाशयों की बन्दोबस्ती हेतु प्रस्ताव जिला मत्स्य कार्यालय, लातेहार में दिनांक 24.05.2025 तक समर्पित करें। प्रस्ताव के साथ सहायक निबंधक सहयोग समितियाँ, लातेहार द्वारा निर्गत अनुशंसा/स्वच्छता प्रमाण पत्र, निबंधन प्रमाण पत्र, बायलॉज की छायाप्रति, समिति के कार्यकारणी का प्रस्ताव, वित्तीय वर्ष 2024-25 का अंकेक्षण प्रतिवेदन, चुनाव प्रमाण पत्र, अध्यक्ष एवं सचिव का आधार की छायाप्रति, समिति के सदस्यों की अद्यतन सूची संलग्न करना आवश्यक है।

जिला मत्स्य पदाधिकारी
लातेहार

PR 352391 Fish(25-26)#D

**समाहरणालय, लातेहार**
**(आपूर्ति शाखा)**

**अति अल्पकालिन पुनर्निविदा आमंत्रण सूचना**

वित्तीय वर्ष 2025-26 में मुख्यमंत्री दाल-भात योजना अंतर्गत लातेहार जिला में कुल 13 (तेरह) केन्द्र संचालित हैं। शहरी क्षेत्र/नगर पंचायत के प्रत्येक केन्द्र में प्रतिदिन 400 गरीब व्यक्तियों एवं ग्रामीण प्रखण्ड के प्रत्येक केन्द्रों में प्रतिदिन 200 गरीब व्यक्तियों को 5 (पांच) रूपये की दर से प्रत्येक दिन एक समय का खाना खिलाया जाना है। खाना में दाल-भात के साथ सप्ताह में 4 दिन चना एवं 3 दिन सोयाबीन बड़ी की सब्जी देनी है। इसके लिए शहरी क्षेत्र के प्रति केन्द्र प्रतिदिन 5 किलोग्राम चना/सोयाबीन बड़ी, नगर पंचायत क्षेत्रों के प्रति केन्द्र 3.5 किलोग्राम चना/सोयाबीन बड़ी तथा ग्रामीण क्षेत्रों के प्रति केन्द्रों में प्रतिदिन 2.5 किलोग्राम चना/सोयाबीन बड़ी उपलब्ध करायी जानी है। उक्त सामग्री आपूर्ति के लिए बाजार समिति से संबद्ध अनुज्ञप्तिधारियों को सूचित किया जाता है कि इच्छुक अनुज्ञप्तिधारी दिनांक **22.05.2025** को 10:30 पूर्वाह्न से 01:00 अपराह्न तक चावल, चना एवं सोयाबीन बड़ी का मूल्य निर्धारण कर बंद लिफाफा में निविदा जिला आपूर्ति शाखा, लातेहार के बंद बक्से में डालेंगे तथा दिनांक-**23.05.2025** को मध्याह्न 12:00 बजे दर का निर्धारण एवं सामग्रियों के साथ जांच निविदा समिति के सदस्यों के समक्ष निविदादाता या उनके प्रतिनिधि उपस्थित रहेंगें। निविदा में निर्धारित दर एवं बाजार समिति द्वारा निर्धारित दर को मिलान करने के पश्चात् न्यूनतम दर एवं अच्छी गुणवता वाले खाद्यान्न सामाग्रियों के अनुज्ञप्तिधारी का चयन कर आपूर्ति हेतु आदेश निर्गत किया जायेगा।

निविदा की शर्तें कार्यालय के सूचना पट्ट एवं लातेहार जिला के वेबसाईट **www.latehar.nic.in** पर उपलब्ध है जिस पर देखा जा सकता है।

PR 352375 Food Public Distribution and Consumer Affairs(25-26).D

उपायुक्त, लातेहार

## 10वीं एवं 12वीं का परीक्षाफल प्रकाशित, गोल के छात्रों का धमाल

# 10वीं में 99% अंक लाकर कृष्णा कुमार बने धनबाद गोल के टॉपर


AKRITI KUMARI








HARSHITA MISHRA 10/10/2023





**आजाद सिपाही संवाददाता**

**धनबाद।** सीबीएसई की ओर से जारी बोर्ड की परीक्षा के रिजल्ट में गोल के छात्रों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर पुनः साबित कर दिखाया कि कोयलांचल में छात्रों में बड़ी प्रतिभा है। बतातें चलें कि 10वीं में 99 प्रतिशत अंक प्राप्त कर कृष्णा कुमार गोल धनबाद के टॉपर बने, जबकि हर्षिता मिश्रा 94 प्रतिशत, दीपक कुमार 91 प्रतिशत, राजवीर 90 प्रतिशत, चिराग 90 प्रतिशत, दर्श 90 प्रतिशत, प्रतिक्षा 85 प्रतिशत, इच्छा 85 प्रतिशत, मार्क्स लाकर मां-पिता के साथ ही अपनी शिक्षकों एवं संस्थान को गौरवान्वित किया। वहीं, 12वीं में 94.8 प्रतिशत लाने वाली श्रेया दास, आकृति कुमारी 94.6 प्रतिशत, शिवम कुमार 93.4 प्रतिशत एवं राजनंदनी 90 प्रतिशत मार्क्स के साथ ही नीट में भी अच्छे स्कोर में सफल होने की उम्मीदें जताई। वहीं, 83.8 प्रतिशत नितीश एवं 83.6 प्रतिशत मार्क्स लाने वाले गौरव ने बताया कि जेई मेन में भी हम दो सहोदर भाईयों का मार्क्स क्रमशः 97.25 प्रतिशत एवं 94.95 परसेंटाइल है। जबकि गोल से बहुत से छात्रों ने 90 प्रतिशत से ज्यादा मार्क्स लाकर उसकी गरिमा बढ़ाई है। सभी छात्रों ने गोल के क्लासेस, स्टडी मैटेरियल्स, टेस्ट सीरीज के साथ ही यहां के प्रतियोगी माहौल और समयानुसार दिये गये गाइड-लाइन की सराहना की। वहीं, गोल धनबाद के केंद्र निदेशक संजय आनंद ने सभी सफल विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दी एवं योग्य छात्रों को प्रतिभा के आधार पर 100 प्रतिशत छात्रवृति देने की बात कही।

## डीसी ने वृद्धा आश्रम में मनाया मदर्स डे

धनबाद (आजाद सिपाही)। डीसी माधवी मिश्रा ने टुंडी स्थित लालमणि वृद्धा सेवा आश्रम में मदर्स डे मनाया। इस अवसर पर उन्होंने आश्रम की बुजुर्ग महिलाओं के साथ केक काटा और उन्हें खिलाकर मदर्स डे की शुभकामनाएं दी। आश्रम की बुजुर्ग महिलाओं ने भी डीसी को आशीर्वाद दिया। इस पर डीसी ने कहा कि आश्रम में महिलाओं को प्रसन्नचित देखकर बहुत खुशी हो रही है। उनकी हर समस्या का समाधान करने के लिए प्रशासन और संस्था रुचि लेती है। डीसी ने कहा कि इन माता पिता का ख्याल रखना सक्षम एवं सबल लोगों का दायित्व है। उन्होंने जिले की सभी सामाजिक संस्था एवं गैर सरकारी सगठनों से आगे बढ़कर आश्रम में सहयोग करने और आश्रम संचालकों को बुजुर्गों के स्वास्थ्य की नियमित जांच कराने को कहा।

# फुसरो के अध्ययन मित्तल ने 12वीं वाणिज्य संकाय में 97.4% अंक लाकर पाया झारखंड में चौथा स्थान



**फुसरो/बेरमो (आजाद सिपाही)।** फुसरो निवासी पंकज मित्तल और भावना मित्तल के पुत्र अध्ययन मित्तल ने सीबीएसई 12वीं बोर्ड की परीक्षा में वाणिज्य संकाय में 97.4% अंक लाकर बोकारो जिले में तीसरा और पूरे झारखंड में चौथा स्थान हासिल किया है। वह बोकारो के चिन्मया स्कूल का छात्र है। उसकी इस उपलब्धि से पूरे परिवार सहित फुसरो में हर्ष है। इस उपलब्धि पर परिजनों सहित क्षेत्र के लोगों ने मिठाई खिलाकर खुशी जाहिर की। अध्ययन मित्तल का सपना दिल्ली के श्रीराम कॉलेज ऑफ कॉमर्स से आगे की पढ़ाई कर सीए बनना है। इस मौके पर दिलीप मित्तल, सरिता मित्तल, कविता मित्तल, पंकज मित्तल, भावना मित्तल, रोहित मित्तल, छीतरमल बंसल, कृष्ण कुमार चांडक और चिरंजी लाल अग्रवाल आदि ने अध्ययन को शुभकामनाएं एवं बधाई दी है।

## प्रेम जाल में फंसाकर नाबालिगों से दुष्कर्म, तीन युवक गिरफ्तार

कसमार/बेरमो (आजाद सिपाही)। प्रेम जाल में फंसाकर नाबालिगों से दुष्कर्म के मामले में पुलिस ने तीन युवकों को गिरफ्तार कर पोक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज कर उन्हें जेल भेज दिया। घटना कसमार थाना क्षेत्र की है। पहला मामला गर्री पंचायत के तेलमुंगा गांव की है। जहां एक नाबालिग लड़की के पिता ने थाना में आवेदन देकर बताया कि उसकी बेटी को बालीडीह थाना क्षेत्र के करहरिया निवासी सुल्तान अंसारी ने छह महीना पहले प्रेमजाल में फंसाकर शारीरिक संबंध बनाया। गर्भवती होने पर लड़की ने शादी का दबाव बनाया तो सुल्तान ने अपने ही गांव के एक विवाहित युवक रफाकत अंसारी से संपर्क करा दिया। उसने भी नाबालिग का यौन शोषण किया। दूसरी घटना, टांगटोना पंचायत के नावाडीह गांव की है। जहां लक्ष्मण महतो नामक युवक पर नाबालिग को बहलाकर यौन शोषण करने का आरोप है। पुलिस ने तीनों को गिरफ्तार कर लिया।

## गोमिया के अंशल प्रभात को 12वीं साइंस में 93.4% अंक



**आइइएल (आजाद सिपाही)।** गोमिया प्रखंड अंतर्गत गुरुद्वारा रोड स्थित प्रभात होटल के मालिक बिनोद कुमार के पुत्र अंशल प्रभात ने 12वीं साइंस की परीक्षा में 93.4 % अंक प्राप्त कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। बताचें चलें कि कुछ महीने पहले भी अंशल प्रभात ने जेइइ मेन-1 परीक्षा में 97.91% अंक प्रतिशत एवं जेईई मेन-2 में भी 98.54 % अंक प्राप्त कर क्षेत्र का नाम रोशन किया था। बतातें चलें कि अंशल प्रभात मैट्रिक की परीक्षा में भी विद्यालय टॉपर रहा था। उसकी इस सफलता पर परिवार, रिश्तेदारों और स्थानीय लोगों ने हर्ष है। सभी ने उसके उज्वल भविष्य की कामना की है। जानकारी के मुताबिक अंशल की शुरूआती शिक्षा गोमिया प्ले ग्रुप स्कूल से हुई। इसके बाद उसने रांची क्लूनी कॉन्वेंट स्कूल से मैट्रिक की परीक्षा उत्तीर्ण की। वर्तमान में वह रांची डीपीएस से 12वीं की पढ़ाई कर साइंस में उत्कृष्ट अंक प्राप्त कर नाम रोशन किया। अंशल के पिता बिनोद कुमार ने कहा कि अंशल बचपन से ही मेधावी छात्र रहा है। अपनी कड़ी मेहनत एवं समर्पण से उसने यह सफलता पायी है। अंशल के इस सफलता पर क्षेत्र के गणमान्य लोगों, शिक्षकों और समाजसेवियों ने शुभकामनाएं दी है।

# मैथन टोल प्लाजा के पास हादसा, दो युवकों की मौत

## आसनसोल जाने के क्रम में अज्ञान वाहन ने मारी टक्कर

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**धनबाद।** मैथन टोल प्लाजा के पास मंगलावर की देर रात हुए सड़क दुर्घटना में दो युवकों की मौत हो गयी। उनकी पहचान जगदीश राय और विश्वजीत राय के रूप में हुई है। दोनों आपस में चचेरे भाई हैं। दोनों कालूबथान ओपी क्षेत्र के कुसुमदाहा गांव के रहने वाले हैं। घटना की सूचना पाकर घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने रात में ही दोनों के शवों को कब्जे में लेकर धनबाद के सीएनएमएमसीएच भेज दिया। जहां से पोस्टमार्टम के बाद शव को परिजनों को सौंप दिया गया। बुधवार की सुबह शव कुसुमदाहा गांव पहुंचते ही परिजनों में चीख पुकार मच गयी। वहीं गांव का माहौल गमगीन हो गया। जानकारी के मुताबिक मंगलवार की रात जगदीश और विश्वजीत एक ही बाइक पर सवार होकर कालूबथान से पश्चिम बंगाल के आसनसोल जा रहे थे। तभी मैथन टोल प्लाजा के पास अज्ञान वाहन ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया। इस हादसे में दोनों युवकों की मौके पर ही मौत हो गयी। उधर, पुलिस मैथन टोल प्लाजा के पास लगे सीसीटीवी कैमरों की मदद से हादसे के लिए जिम्मेदार वाहन की तलाश में जुट गयी है।

## बैदकारो में युवक की संदिग्ध परिस्थिति में हुई मौत, पेड़ पर लटकता मिला शव



**गांधीनगर/बेरमो (आजाद सिपाही)।** गांधीनगर थाना क्षेत्र में 39 वर्षीय एक युवक की संदिग्ध परिस्थिति में मौत होने का मामला प्रकाश में आया है। उसकी पहचान जीवाधन महतो के रूप में हुई है। वह हजारीबाग जिले के जोबर गांव का रहने वाला था। बुधवार को उसका शव बैदकारो मध्य विद्यालय के समीप नाला पुल के नीचे एक पेड़ पर फंदे के सहारे लटकता पाया गया। वह कुछ दिनों पहले ही अपने ससुराल बैदकारो आया था। उधर, ग्रामीणों ने शव को फंदे से लटका देख पुलिस को सूचना दी। खबर पाते ही गांधीनगर पुलिस मौके पर पहुंच गयी और शव को फंदे से नीचे उतराने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के असल कारणों का खुलासा हो सकेगा। दूसरी ओर, स्थानीय लोगों की मानें तो युवक नशे का आदि था। उसकी मौत से ससुराल वाले सदमे में है। वहीं, खबर पाकर बैदकारो पूर्वी के मुखिया प्रतिनिधि टेकलाल उर्फ टीपू महतो, पूर्व मुखिया ललन सिंह, श्रमिक प्रतिनिधि इंद्रदेव महतो, विस्थापित नेता वतन महतो, कार्तिक महतो, राजेश महतो, प्रेम मिश्रा, सुमित सिंह, सोनू कुमार, अभिषेक कुमार सिंह, नोखलाल महतो, किशोर महतो और जगदीश महतो आदि मौके पर पहुंचे थे।

## राजगंज डिग्री कॉलेज में प्रभारी प्राचार्य को लेकर विवाद जारी



- विधायक मथुरा महतो ने मुखिया को सौंपी जांच की जिम्मेदारी, तीन दिनों के भीतर रिपोर्ट जमा देने को कहा

**राजगंज (आजाद सिपाही)।** डिग्री कॉलेज में प्रभारी प्रचार्य को लेकर जारी विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है। इसी मामले को लेकर बुधवार को टुंडी विधायक सह राजगंज डिग्री कॉलेज के तदर्थ कमेटी के अध्यक्ष मथुरा प्रसाद महतो कॉलेज पहुंचे और दोनों पक्षों की बातें सुनी। बताते चले कि मंगलवार को राजगंज और इसके आसपास के मुखिया और सरपंच ने अध्यक्ष से उनके आवास पर भेंट कर इस मामले को सुलझाने का आग्रह किया था। इसके बाद ही बुधवार की सुबपह 10 बजे विधायक मथुरा महतो राजगंज डिग्री कॉलेज पहुंचे। जहां राजगंज और आसपास के मुखिया-सरपंच मौजूद थे। विधायक ने वहां मौजूद मुखिया को इस मामले की जांच कर तीन दिनों के अंदर रिपोर्ट देने को कहा। वहीं, प्रभारी प्रचार्य के दोनों दावेदारों ने अपने-अपने कागजात विधायक के सामने रखा। विधायक ने उन कागजातों को मुखिया को सौंप दिया।

### क्या है मामला

प्रभारी प्राचार्य का विवाद 30 अप्रैल को उस समय शुरू हुआ जब कॉलेज के सचिव ने खुद के लिखे लेटर के आधार पर रासू चंद्र महतो को फूल माला पहनाकर प्रचार्य की कुर्सी पर बैठा दिया। जबकि उस दिन पूर्व प्राचार्य का कार्यकाल समाप्त हो रहा था। बताया जा रहा कि विधायक की अध्यक्षता में 30 अप्रैल के बाद कार्यकारी प्रभारी प्रचार्य को लेकर तदर्थ कमेटी की बैठक में प्रोफेसर जीवाधन महतो को चुन लिया गया था। नतीजतन सचिव के इस कदम से दोनों पक्ष हंगामा करने लगे। जिसके बाद थाना को सूचना दी गई। मौके पर पहुंच कर थाना प्रभारी में दोनों पक्षों को शांत कराया और प्राचार्ज कार्यालय को ताला जड़ दिया था। कहा कि फैसला होने तक इस कमरे में ताला लगा रहेगा।

## मुआवजा लेने के बाद भी संरचना नहीं हटाने पर प्रशासन ने चलाया बुलडोजर

**कसमार/बेरमो (आजाद सिपाही)।** कसमार प्रखंड के मंजूरा में प्रशासन ने बरलंगा से कसमार भाया नेमरा पथ चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण कार्य के तहत अधिग्रहित भूमि एवं मकान आदि संरचनाओं का मुआवजा लेने के बावजूद रैयतों द्वारा संरचनाओं नहीं हटाने पर बुधवार को बेरमो एसडीओ मुकेश मछुवा के निर्देश पर प्रशासन ने मंजूरा मौजा में बुलडोजर चलाकर एक-एक रैयतों के संरचनाओं को हटा दिया।

## एइएसएल ने धनबाद के बैंक मोड़ में खोला नया केंद्र

धनबाद (आजाद सिपाही)। नीट (इंजीनियरिंग) एवं जेइइ (मेडिकल) परीक्षाओं के लिए राष्ट्रीय स्तर पर अग्रणी सेवा संस्थान आकाश एजुकेशन सर्विसेज लिमिटेड (एइएसएल) ने धनबाद के बैंक मोड में बुधवार को अपने नए केंद्र का शुभारंभ किया। इसका उद्घाटन आकाश इंस्टीट्यूट के झारखंड और बिहार के सहायक निदेशक डॉ नवीन गुप्ता ने किया। संस्था में क्लास रूम सेंटर मेडिकल और इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षाओं की तैयारी कर रहे छात्रों की आवश्यकताओं पर विशेष ध्यान देते हुए नीट और जेइइ कोचिंग के साथ ही यह केंद्र ओलंपियाड जैसी प्रतियोगिता परीक्षाओं की तैयारी के लिए फाऊंडेशन लेवल कोर्स भी प्रदान करेगा। जिससे छात्रों की अकादमी नींव और अधिक मजबूत की जा सकेगी। नए केंद्र के उद्घाटन के अवसर पर डॉ नवीन गुप्ता ने कहा कि बहुत कम समय में धनबाद में हमारी यह संस्थान काफी आगे बढ़ी है। नीट और जेइइ उत्कृष्ट प्राप्त करने के लिए आत्मविश्वास से भरपूर करने के लिए केंद्र में अनुभवी फैकल्टी, व्यापक अध्ययन सामग्री और ऐसी शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध होगी कि छात्रों की पूरी क्षमता का उजागर करने में मदद मिलेगी। उन्होंने बताया कि एइएसएल भारत में 400 केंद्रों का नेटवर्क है जिसमें चार लाख छात्र नामांकित हैं और यह कंपनी 35 वर्षों से एक मजबूत बाजार और ब्रांड वैल्यू स्थापित की है।

# डिहाइड्रेशन से बचने के लिए तरल पेय और ओआरएस का घोल बेहद जरूरी: न्यायाधीश

## डालसा की टीम ने लोगों के बीच ओआरएस घोल का किया वितरण



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**धनबाद।** बढ़ती भीषण गर्मी एवं तपिश के बीच जिला विधिक सेवा प्राधिकार (डालसा) ने बुधवार को सामाजिक सेवा के क्षेत्र में एक और नया काम करते हुए चेयरमैन सह प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश वीरेंद्र कुमार तिवारी के निर्देश पर डालसा की टीम ने शहर के रणधीर वर्मा चौक, सिटी सेंटर पर लोगों के बीच ओआरएस घोल का वितरण किया। इस अवसर पर अवर न्यायाधीश सह डालसा सचिव मयंक तुषार टोपनो ने बताया कि झालसा एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश के निर्देश के आलोक में ओआरएस घोल वितरण शुरू किया गया है। यह कार्यक्रम जब तक गर्मी है तब तक जारी रहेगा। वहीं, न्यायाधीश मयंक ने कहा कि गर्मी में सबसे अधिक डिहाइड्रेशन का खतरा रहता है। ऐसे में जरूरी है कि तरल पेय एवं ओआरएस का घोल लेते रहे। आपात स्थिति में बचाव के लिए भी ओरआरएस के पैकेट घर पर रखें। चिकित्सक डॉ राजीव सिंह ने कहा कि ओरल डिहाइड्रेशन साल्ट (ओआरएस) की मदद से दस्त के दौरान शरीर में इलेक्ट्रोलाइट की कमी को पूरा करता है। अधिक पसीना आने की स्थिति में भी शरीर में इलेक्ट्रोलाइट्स की मात्रा संतुलित रखने के लिए ओआरएस का घोल दिया जाता है। गर्मी की वजह से होने वाली बीमारियों से सावधानी से बचा जा सकता है। बचाव के लिए अधिक से अधिक पानी पीना चाहिए। जिससे शरीर में पानी की कमी ना हो। इस मौके पर लीगल एड डिफेंस काउंसिल के चीफ कुमार विमलेंदु, डिप्टी चीफ अजय कुमार भट्ट, सहायक नीरज गोयल, पारा लीगल वॉलिंटियर हेमराज चौहान, राजेश सिंह, चंदन कुमार, डिपेंटी गुप्ता, गीता सिंह, अनामिका सिंह रमेश कुमार, चंदन कुमार, सोनू सिंह,विशाल कुमार, नवीन कुमार, रमेश कुमार, बापी कुमार मंडल श्याम झा, गिता सिंह, डालसा सहायक अरूण कुमार और सौरव सरकार आदि उपस्थित थे।


कार्यालय: असैनिक शल्य चिकित्सक-सह-मुख्य चिकित्सापदाधिकारी, चतरा

(ई-मेल आई०डी० :–cs-chatra@jharkhandmail.gov.in)

-: आम सूचना :-

प्रखण्ड पथलगडा एवं गिद्धौर में ग्रामीण स्वास्थ्य सहिया का चयन विभागीय मार्गदर्शिका के आलोक में निम्नांकित विवरणी अनुसार किया जाना है :–

| क्रम | दिनांक | प्रखण्ड | राजस्व ग्राम | पंचायत | समय | स्थान |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 15.05.2025 गुरूवार | पथलगडा | पथलगडा | सिंघानी | 11:00 पूर्वाह्न | पंचायत भवन सिंघानी |
| 02 | 16.05.2025 शुक्रवार | पथलगडा | बनवार | नोनगांव | 01:00 बजे अपराह्न | अस्पताल परिसर |
| 03 | 16.05.2025 शुक्रवार | पथलगडा | नोनगांव | नोनगांव | 11:00 पूर्वाह्न | दूर्गामण्डप के पास |
| 04 | 17.05.2025 भानिवार | पथलगडा | बेलहर | बरवाडीह | 11:00 पूर्वाह्न | UMS बेलहर |
| 05 | 17.05.2025 भानिवार | पथलगडा | बरवाडीह | बरवाडीह | 01:00 बजे अपराह्न | पंचायत भवन बरवाडीह |
| 06 | 19.05.2025 सोमवार | गिद्धौर | बरटा | पहरा | 02:00 अपराह्न | उच्च म0 वि0 बरटा |

असौनिक शल्य चिकित्सक–सह–मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, चतरा।

PR.NO.352384 Health Med Edu and Family Welfare(25-26):D

कार्यालयः अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी जिला अंधापन नियंत्रण समिति, कोडरमा

प्रेस विज्ञप्ति

कोडरमा जिले में ऑख से संबंधित बीमारियों के ईलाज हेतु अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी जिला अंधापन नियंत्रण समिति, कोडरमा में निजी संस्थान/गैर सरकारी संस्थान जिनके पास कुशल सर्जन एवं शल्य कक्ष की सुविधा उपलब्ध है वे निम्नाकिंत कागजातो के साथ कार्यालय से संपर्क कर सकते है।

1. Clinical Establishment act Registration
2. Doctor Consultation
3. Doctor Degree & HR Detail
4. Health Department में 3 Years Experience Certificate
5. Ophthalmic assistant paper
6. Niti Aayog NGO Darpan Unique ID
7. Fire Safety
8. Ambulance
9. Bio Waste
10 . Account Number
11 . Pan Number

अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी जिला अंधापन नियंत्रण समिति, कोडरमा में MOU होने के उपरांत उनके द्वारा दी जाने वाली सेवाओं के लिए सरकारी नियमानुसार राशि देय होगा।

अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी जिला अंधापन नियंत्रण समिति, कोडरमा

PR 352325 Health Med Edu and Family Welfare(25-26)#D

Jharkhand UrjaSancharan Nigam Limited
(CIN: U40108JH2013SGC001704)
Office of the General Manager,
TRANSMISSION ZONE-I, KUSAI COLONY, DORANDA, RANCHI.
Mob. / Tel No. :- 9431707300/0651-2490513Email:- gm.jusnl@gmail.com

e-SHORT TENDER NOTICE

e- tender in two parts i.e. Technical (Part-I) and Financial (Part – II) is invited from the reputed parties ,having adequate financial and technical resources to undertake the following work:-

| Sl No | NIT No. | Description of Work | Earnest Money Deposit(Rs.) | Cost of Tender (Non Refundable) ( Rs.) |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 87/PR/JUSNL/2025-26 | Work of Connectivity of 132KV Transfer Bus of 220/132KV Grid Sub-Station Hatia-II and 132/33KV Grid Sub-Station Hatia-I to facilitate Transfer Bus Option and Meet the Emergency situation of Overloading for 132KV Hatia 3rd Ckt. at 220/132KV Grid Sub-Station **Hatia-II.** | 53000/- | 5900/- including 18% GST) |

| | |
|---|---|
| Availability of T ender Documents on website | From 15.05.2025 at 03.00 PM to 28.05.2025 upto 03:00 PM |
| Last Date & Time for uploading of e-Tender | 28.05.2025 upto 03:00 PM |
| Last date & Time of submission of hard copy of bid. | 28.05.2025 upto 05:00 PM |
| BID Opening date for Technical (Part – I) | 29.05.2025 at 03.00 PM |
| BID Opening date for Financial (Part – II) | Will be communicated later on. |
| Tendering Officer, address for communication & submission of tender documents | General Manager, Transmission Zone – I, Kusai Colony, Doranda, Ranchi |

1.0 A complete set of bidding documents may be downloaded by any interested bidder from website https://jharkhandtenders.gov.in. Interested bidders have to necessarily register themselves on https://jharkhandtenders.gov.in to participate in the bidding under this NIT. It shall be the sole responsibility of the interested bidders to get themselves registered at the aforesaid website and apprise themselves adequately regarding all the relevant procedures and provisions related to uploading of the bids on the aforesaid website.
2.0 Bidder shall pay the EMD and BOQ cost through online mode , as a proof of payment towards e-Tender fee, copy of online receipt of e-Tender( UTR/Reference no. of online payment) must be submitted along with the technical bid before opening date and time of the bid as mentioned in tender document failing which bid will not be considered.
3.0 The detailed Qualifying Requirements (QR) are given in the bidding document.
4.0 e-Tender document and BOQ including terms & conditions, tender specification can be downloaded from website https://jharkhandtenders.gov.in. Any details required in this regard can also be had from the office of the undersigned during office hours. NIC helpline no.**0651-2400178**.
5.0 The bids will be received through electronic tendering mode only.
6.0 No claim shall be entertained on account of disruption of internet services being used by bidders. Bidders are advised to upload their bids well in advance to avoid last minute technical snag.
7.0 JUSNL reserves the right to accept or reject any bid partly or fully or cancel the bidding without assigning any reasons thereof and in such case no bidder/ intending bidder shall have any claim arising out of such action.
8.0 Address for Communication:
**GENERAL MANAGER,**
TRANSMISSION ZONE-I,
JHARKHAND URJA SANCHARAN NIGAM LIMITED
KUSAI COLONY, P.O.-DORANDA, RANCHI, PIN -834002
**Telephone no. 0651-2490513 (O)/ 9431707300 (Mobile)**

स्वहित एवं राष्ट्रहित में ऊर्जा बचावें। कृपया अपनी शिकायतों को 18003456570 (कॉल सेन्टर) पर दर्ज करायें।

Sd/-
General Manager
Transmission Zone-I, Ranchi

PR 352386 (Jharkhand Urja Sancharan Nigam Ltd) 25-26 (D)

## चौकीदार संवर्ग नियुक्ति पत्र वितरण समारोह का आयोजन

# मंत्री हफीजुल ने नवनियुक्त 206 चौकीदारों के बीच नियुक्ति पत्र का किया वितरण

आजाद सिपाही संवाददाता

**देवघर।** जिले में बुधवार को चौकीदार संवर्ग नियुक्ति पत्र वितरण समारोह का आयोजन शिल्पग्राम ऑडिटोरियम में किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में मंत्री जल संसाधन, अल्पसंख्यक कल्याण विभाग हफीजुल हसन ने दीप प्रज्वलित कर समारोह का शुभारंभ किया। इसके अलावा चौकीदार नियुक्ति पत्र वितरण समारोह के दौरान उपायुक्त सह जिला दण्डाधिकारी विशाल सागर ने सभी का स्वागत करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री के सपनो को साकार करने की दिशा में आज युवाओं को इतनी बड़ी संख्या में सरकारी नौकरी मिल रही हैं। आगे उपायुक्त द्वारा जानकारी दी गयी कि जिला अंतर्गत चौकीदारों के रिक्त पदों पर सीधी नियुक्ति के लिए लिखित परीक्षा में पारदर्शिता को लेकर ओएमआर शीट का उपयोग और शारीरिक जांच में आरएफआईडी टेक्नोलॉजी का उपयोग किया गया, जिससे चौकीदार नियुक्ति की पूरी प्रक्रिया निष्पक्ष और त्रुटिविहीन रही। अब आप सभी अपने अंचलों के हिसाब से बिट अनुसार नियुक्त होंगे। ऐसे में आप सभी नवनियुक्त चौकीदारों का कार्य काफी महत्वपूर्ण होगा और पूरी ईमानदारी के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करें। आप सभी को ढेरों शुभकामनाएं और जोहार।




इस दौरान उपरोक्त के अलावे नगर आयुक्त रोहित सिन्हा, अपर समाहर्ता हीरा कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी देवघर रवि कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी मधुपुर राजीव कुमार, जिला परिवहन पदाधिकारी शैलेष प्रियदर्शी, स्थापना उपसमाहर्ता मनोज कुमार, जिला नजारत उप समाहर्ता शैलेष कुमार, जिला जनसम्पर्क पदाधिकारी राहुल कुमार भारती, जिला भू-अर्जन पदाधिकारी अमर प्रसाद, जिला आपूर्ति पदाधिकारी नरेश रजक, जिला योजना पदाधिकारी मुकेश कुमार, जिला खेल पदाधिकारी संतोष कुमार, जिला शिक्षा पदाधिकारी विनोद कुमार, सभी प्रखण्डों के प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, सभी अंचलों के अंचल अधिकारी, सहायक जनसम्पर्क पदाधिकारी रोहित कुमार विद्यार्थी, डीएमएफटी की टीम एवं संबंधित विभाग के अधिकारी व कर्मी आदि उपस्थित थे।

### सरकार युवाओं के साथ हर वर्ग के सपने को साकार करने के लिए लगातार कर रही है कार्य : मंत्री

मंत्री हफीजुल हसन ने कहा कि आज गृह कारा और आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा चौकीदार नियुक्ति वितरण कार्यक्रम में आप सभी का स्वागत है। आज का दिन देवघर व झारखंड के लिए एक नयी पहल का दिन है। राज्य सरकार ने पहली बार पहली बार पूरे झारखंड में चौकीदार की बहाली पूर्ण पारदर्शिता से करायी गयी है। वहीं दूसरी ओर चौकीदार नियुक्ति के अलावा राज्य सरकार द्वारा कई जनकल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से सभी वर्गों को लाभान्वित कर रही है। आगे उन्होंने कहा कि जिले में कुल चौकीदार हेतु 286 पद स्वीकृत है, जिसके आलोक में कुल 206 को आज नियुक्ति पत्र दिया जा रहा है, जल्द ही शेष पदों पर नियुक्ति की जायेगी। आगे अपने संबोधन में मंत्री हफीजुल हसन ने कहा कि सरकार ने आपके कांधे पर बहुत बड़ी जवाबदेही व जिम्मेदारी सौंपी है, जिसका निर्वहन पूरी ईमानदारी से करने की आवश्यकता है। आप सभी अपने क्षेत्र में रहकर अपने वरीय अधिकारियों को बेहतर इनपुट देंगे।

# देवघर नगर निगम के वार्ड नंबर 7 के महेमारा खरबारी में बिजली की समस्या

आजाद सिपाही संवाददाता

**देवघर।** देवघर नगर निगम के वार्ड नंबर 7 स्थित महेमारा खरबारी मोहल्ला काफी समय से बिजली की समस्या से जूझ रहा है, हालांकि यहां के लोग हर प्रकार के टैक्स समय पर जमा करते हैं। बावजूद इसके, उन्हें बिजली की सुविधा नहीं मिल पा रही है। यह स्थिति यहां के निवासियों के लिए बहुत ही कठिनाईपूर्ण है, क्योंकि उन्हें पर्याप्त बिजली आपूर्ति नहीं मिल रही है। इस मोहल्ला में बिजली का पोल लगभग दो साल पहले लगाया गया था, लेकिन दुर्भाग्यवश अब तक उसमें तार नहीं डाले गए हैं। इसके कारण मोहल्ले वाले अपनी बिजली की जरूरतों को पूरा करने के लिए 600 से 700 मीटर दूर से बिजली के तार खींचकर बांस के सहारे अपने-अपने घरों में बिजली चला रहे हैं। यह स्थिति न केवल खतरनाक है, बल्कि यह मोहल्ले वासियों के लिए रोज की जिंदगी को भी अत्यधिक कठिन बना देती है। इन तारों का ढांचा बहुत असुरक्षित है और कभी भी किसी बड़े हादसे का कारण बन सकता है, लेकिन प्रशासन की तरफ से अब तक इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया गया है। सभी लोग नियमित रूप से बिजली का बिल जमा करते हैं, फिर भी उनकी समस्याओं का समाधान नहीं किया गया है। यह सवाल उठता है कि आखिरकार, जब लोग पूरी ईमानदारी से टैक्स भर रहे हैं, तो उन्हें आवश्यक बुनियादी सुविधाएं क्यों नहीं मिल रही हैं? ऐसे में यह स्थानीय प्रशासन और नगर निगम की जिम्मेदारी बनती है कि वे जल्द से जल्द इस समस्या का समाधान करें और मोहल्ले वासियों को बिजली के सही और सुरक्षित कनेक्शन मुहैया कराएं। महेमारा खरबारी के लोग कई बार इस मुद्दे को उठाकर स्थानीय अधिकारियों से मदद की मांग कर चुके हैं, लेकिन अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाए गए हैं।

# जमुनियाटांड़ में नवविवाहिता की कुआं में डूबने से मौत, जांच में जुटी पुलिस

आजाद सिपाही संवाददाता

**देवघर।** मधुपुर थाना क्षेत्र के जमुनियाटांड़ गांव में मंगलवार रात एक नवविवाहिता की कुएं में डूबने से संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गयी। मृतका की पहचान आरती कुमारी (उम्र लगभग 22 वर्ष) के रूप में हुई है, जिसकी शादी हाल ही में 11 मई को गजानंद यादव के पुत्र से हुई थी।

घटना के संबंध में मृतका के ससुर गजानंद यादव ने बताया कि विवाह के बाद आरती को ससुराल लाया गया था। मंगलवार शाम वह शौच के लिए बाहर निकली थी, इसी दौरान उसका पैर फिसल गया और वह पास के कुएं में गिर गयी, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गयी। घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे और काफी मशक्कत के बाद महिला के शव को कुएं से बाहर निकाला गया। इसके बाद पुलिस को सूचित किया गया। पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर शव को कब्जे में लिया और पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम के लिए देवघर सदर अस्पताल भेजा। सदर अस्पताल में ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक द्वारा पोस्टमार्टम किया गया, जिसके बाद शव को परिजनों को सौंप दिया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है और परिजनों से पूछताछ की जा रही है।

फिलहाल मौत का कारण दुर्घटना बताया जा रहा है, लेकिन पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर मामले की गंभीरता से जांच कर रही है।


# देवघर-गोड्डा और देवघर-भागलपुर मेमू स्पेशल ट्रेनें अगली सूचना तक रद्द

आजाद सिपाही संवाददाता

**देवघर।** रेलयात्रियों के लिए महत्वपूर्ण सूचना है कि परिचालनिक कारणों से पूर्व रेलवे की कुछ मेमू स्पेशल ट्रेनों का परिचालन अस्थायी रूप से स्थगित कर दिया गया है।

**रेलवे द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार, निम्नलिखित दैनिक मेमू स्पेशल ट्रेनें 14 मई 2025 से अगली सूचना तक रद्द रहेंगी :**

1. ट्रेन संख्या 03146/03145 झ देवघर-गोड्डा-देवघर मेमू स्पेशल (दैनिक), 2. ट्रेन संख्या 03147/03148 - देवघर-भागलपुर-देवघर मेमू स्पेशल (दैनिक)।



रेल प्रशासन ने यात्रियों से अनुरोध किया है कि वे यात्रा की योजना बनाते समय इन परिवर्तनों को ध्यान में रखें। यात्रियों को हो रही असुविधा के लिए रेलवे ने खेद व्यक्त किया है और स्थिति सामान्य होते ही पुनः सेवा बहाल करने का आश्वासन दिया है। रेलवे से जुड़े किसी भी अपडेट के लिए यात्री आधिकारिक वेबसाइट या हेल्पलाइन नंबरों के माध्यम से जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

# देवघर नगर निगम में जीडीएमओ पद के लिए वॉक-इन इंटरव्यू सफलतापूर्वक संपन्न

**देवघर (आजाद सिपाही)।** आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत देवघर नगर निगम क्षेत्र में संचालित आयुष्मान आरोग्य मंदिर (शहरी) के लिए जनरल ड्यूटी मेडिकल ऑफिसर (GDMO) के तीन पदों पर चयन हेतु वॉक-इन इंटरव्यू का आयोजन नगर निगम सभागार (द्वितीय तल) में सफलतापूर्वक किया गया। साक्षात्कार की प्रक्रिया नगर आयुक्त की अध्यक्षता में गठित एक चयन समिति द्वारा संपन्न कराई गई। इस समिति में असैनिक शल्य चिकित्सक सह मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, सहायक नगर आयुक्त, एवं जिला आरसीएच पदाधिकारी सह नोडल पदाधिकारी, एनयूएचएम, देवघर को सदस्य के रूप में शामिल किया गया। साक्षात्कार में कुल चार अभ्यर्थियों ने भाग लिया। चयन समिति ने निर्धारित मापदंडों के अनुसार सभी प्रतिभागियों का मूल्यांकन किया एवं पूरी चयन प्रक्रिया को पारदर्शी ढंग से पूर्ण किया। चयनित अभ्यर्थियों की सूची शीघ्र ही नगर निगम की आधिकारिक वेबसाइट एवं सूचना पट पर प्रकाशित की जायेगी। देवघर नगर निगम द्वारा इस पहल को शहरी स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।



देश-विदेश की खबरों के लिए क्लिक करें
www.azadsipahi.in

# जमीन विवाद में मछुआरे को पीट-पीट कर मार डाला

**देवघर (आजाद सिपाही)।** जिले के कुंडा थाना क्षेत्र के सातर गांव में मछली मारने के विवाद में मछुआरा संजय कापरी की पीट-पीट कर हत्या कर दी। जानकारी के मुताबिक, संजय उक्त तालाब में मछली मार रहा था, तभी तालाब के मालिक मनु राउत अपने लोगों को इकट्ठा कर संजय की पिटाई कर दी, जिससे घटनास्थल पर संजय की मौत हो गयी। वही मामले को लेकर संजय कापरी के ससुर ने बताया कि संजय कापरी अपने ससुराल में ही रहता था और यहीं पर जीवन यापन किया करता था, वहीं उन्होंने बताया कि हाल में ही गांव में एक जमीन का टुकड़ा उनके नाम का मिला था, जिसे मनु राउत अपने नाम पर करना चाहता था और मछली चोरी का बहाना लगाकर इसे पीटना शुरू कर दिया, जिससे इसकी मौत हो गयी है, फिलहाल मौके पर पुलिस पहुंचकर शव को अपने कब्जे में ले लिया और पोस्टमार्टम के लिए देवघर सदर अस्पताल भेज दिया है, इधर मामले को लेकर पुलिस आरोपियों को गिरफ्तार करने के लिए ताबड़तोड़ छापेमारी कर रही है।











































आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**